संसेक्स 73,876.82 ▲ -27.09
डॉलर 83.517 ▼ +0.166

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 37.0 | 23.0 | 28.0 |
| धनबाद | 40.0 | 23.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 43.0 | 24.0 | 32.0 |
| पलामू | 40.0 | 22.0 | 29.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 04 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 166, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय युवा आगे आएंगे तभी होगा राष्ट्र- समाज का कल्याण ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत...12 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 69,100
चांदी (किलो) 78,130

# झारखंड : निशिकांत दुबे सांसदी का चौका लगाने मैदान में डटे, पांच सांसद रिंग से बाहर

### राज्य के तीन सांसद तीसरी बार और चार सांसद दूसरी बार चुनावी जंग में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर 2024 के चुनावी मुकाबले की तस्वीर 2019 की तुलना में काफी बदल गई है। 2019 में चुनाव जीतने वाले पांच सांसद इस बार मुकाबले से बाहर हैं। मौजूदा सांसदों में एकमात्र निशिकांत दुबे ऐसे हैं, जो लगातार चौथी बार संसद पहुंचने के लिए मैदान में हैं। राज्य के तीन सांसद तीसरी बार और चार सांसद दूसरी बार चुनावी जंग में हैं। सांसदी का चौका लगाने के लिए प्रयासरत निशिकांत दुबे ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र से पहली बार 2009 में चुनाव लड़ा था और कांग्रेस के फुरकान अंसारी को हराकर संसद पहुंचे थे। निशिकांत दुबे ने 2014 में भी उन्हें दूसरी बार बड़े अंतर से पराजित किया। 2019 में झारखंड विकास मोर्चा के प्रदीप यादव से उनका मुकाबला हुआ और तीसरी बार उन्होंने 1 लाख 84 हजार 227 मतों के अंतर से फिर जीत दर्ज की। खास बात यह है कि इन तीनों चुनावों में निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर जीत में वोटों का



फासला बढ़ता चला गया। पलामू से भाजपा के विष्णु दयाल राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो और राजमहल से झामुमो के विजय हांसदा लगातार तीसरी बार संसद पहुंचने की लड़ाई लड़ेंगे। खूंटी से अर्जुन मुंडा, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी दूसरी बार संसद पहुंचने के लिए मैदान में हैं। दोनों केंद्र की मौजूदा सरकार में मंत्री हैं।
सिंहभूम से गीता कोड़ा और गिरिडीह से आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी भी दूसरी बार संसद पहुंचने के लिए मतदाताओं की अदालत में हैं। सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने इस बार पाला बदल लिया है। इस बार वह बतौर भाजपा प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि 2019 में उन्होंने इस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी।
राज्य के पांच मौजूदा सांसद इस बार मैदान में नहीं हैं। इनमें हजारीबाग के जयंत सिन्हा, लोहरदगा के सुदर्शन भगत, धनबाद के पीएन सिंह, चतरा के सुनील सिंह और दुमका के सुनील सोरेन शामिल हैं। पांचों भारतीय जनता पार्टी के सांसद हैं और इनकी जगह पार्टी ने नए चेहरों को प्रत्याशी बनाया है। कई बड़े चेहरे ऐसे हैं, जिन्होंने पाला बदल लिया है। ऐसे लोग उसी पार्टी या गठबंधन के खिलाफ प्रचार करते दिखेंगे, जिसके लिए उन्होंने 2019 में वोट मांगे थे। ऐसे नेताओं में बाबूलाल मरांडी बड़ा नाम हैं।
2019 के चुनाव में बाबूलाल मरांडी अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा की ओर से यूपीए गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे थे। 2020 में उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया और अब बतौर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रचार कर रहे हैं।
2019 में मांडू सीट से भाजपा के विधायक चुने गए जयप्रकाश भाई पटेल भी पाला बदलने वाले बड़े नेताओं में हैं। वह हाल में कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और पार्टी ने उन्हें हजारीबाग सीट पर प्रत्याशी बनाया है। ऐसे नेताओं में भाजपा छोड़कर राजद में गए गिरिनाथ सिंह और कांग्रेस में शामिल हुए सुखदेव भगत भी हैं।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत तीन आरोपियों ने एक 11 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार की देर रात की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पीड़िता अपने दोस्तों के साथ एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गई हुई थी। शादी समारोह में भाग लेने के बाद वह दोस्तों के साथ घर वापस लौट रही थी। वापस लौटने के दौरान पीड़िता के साथ उसके दोस्त भी थे। इसी क्रम में तीन युवकों ने पीड़िता और उसके दोस्तों को धमका कर भगा दिया और तीनों युवकों ने पीड़िता को पकड़कर जंगल में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों के अनुसार घटना के बाद पीड़िता के दोस्तों में शोर मचाना शुरू कर दिया था। इसके बाद ग्रामीण एकजुट हुए और पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म की घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। इस घटना के संबंध में नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि घटना में शामिल आरोपी धर्मेंद्र कुमार, शिव कुमार और राकेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता शादी समारोह से वापस लौट रही थी, इसी क्रम में घटना हुई है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भेजा गया है।

## एक नजर

### ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी अलका अरोड़ा समेत अन्य की 8.80 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को जब्त किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### लोकसभा चुनाव से पहले प्रशासन की सख्ती

## सर्च अभियान में कार से 5.65 लाख बरामद



**लातेहार/बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरवाडीह थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में लगातार सर्च अभियान चल रहा है। इसी दौरान पुलिस ने कार, जेएच 03 एएम 1077 को रोक कर चेक किया। जिसमें 5. 65 लाख नगद बैग में मिला जिसे जब्त कर लिया है। वहीं कार सवार जब्त रकम के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। छापेमारी दल का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार व अशोक सिंह कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ कैंप के पास हैरियर कार को रोका गया। चेकिंग करने पर कपड़े का काले रंग का थैला मिला, जिसमें से नकदी बरामद किया गया। इस टीम में कमलेश सिंह, जितेंद्र सिन्हा समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की शिकायतवाद पर 18 को सुनवाई



**रांची।** मनी लांड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की ओर से दर्ज शिकायतवाद पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम केके मिश्रा की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने हेमंत सोरेन की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले, ईडी ने समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर अदालत में दाखिल शिकायतवाद पर अदालत ने समन जारी किया था। जारी समन के तहत हेमंत सोरेन को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। इससे पूर्व मामले में बीते चार मार्च को अदालत ने संज्ञान लिया था।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत

### कांग्रेस कार्यकर्ता 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर बाटेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के घर-घर गारंटी अभियान की शुरूआत की। कांग्रेस का यह चुनावी अभियान पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का



लक्ष्य इस कार्ड को आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचाना है। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। यह पांच अप्रैल को जारी किया जाएगा। उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन कांग्रेस जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। खड़गे ने उत्तर पूर्वी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज के मैच



**समय : 04 अप्रैल, 7:30 बजे से**
**स्थान : अहमदाबाद**

## आजकल




धर्मेंद्र व्यास

## वायनाड से राहुल ने भरा नामांकन बहन प्रियंका के साथ किया रोड शो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार भी वायनाड से ही चुनाव लड़ रहे हैं। बुधवार को उन्होंने नामांकन भरा और समर्थकों के भारी हुजूम के बीच रोड शो भी किया। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए वायनाड से अपना नामांकन भरा है। वह 2019 में भी यहीं से सांसद चुने गए थे। उन्होंने अमेठी से भी चुनाव लड़ा था, लेकिन स्मृति ईरानी से हार गए थे। नामांकन भरने से पहले उन्होंने एक रोड शो भी किया, जिसमें भारी संख्या में समर्थक जुटे थे। वायनाड के मुप्पैनाड में हेलीकॉप्टर से पहुंचे और फिर वहां से कलपेट्टा तक सड़क मार्ग से यात्रा की थी। रोड शो के दौरान उनके साथ बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं।



### प्रियंका गांधी भी नामांकन के वक्त रहीं मौजूद

राहुल गांधी इस बार भी वायनाड से ही चुनावी संग्राम में हैं। नामांकन के वक्त बहन प्रियंका गांधी भी साथ थीं और दोनों ने खुली जीप में रोड शो किया। ऐसी अटकलें भी थीं कि वह अपनी पारंपरिक सीट अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन अब तक कांग्रेस ने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। इस बार सोनिया गांधी भी रायबरेली से शायद चुनाव न लड़ें।

### अदालत ने की मौखिक टिप्पणी, ट्रैफिक एसपी सशरीर हाजिर हुए

## रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार धरातल पर दिखे, यह सुनिश्चित करें : हाई कोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में ट्रैफिक एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार धरातल पर दिखे, यह सुनिश्चित करें। रांची शहर में खासकर महात्मा गांधी मार्ग (मेन रोड), लालपुर चौक, किशोरी यादव चौक पर यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस रखें। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।
कोर्ट ने रांची नगर निगम से जानना



चाहा कि मल्टी स्टोरेज पार्किंग की क्या व्यवस्था है। इस पर बताया गया कि हिनू, साधु मैदान कोकर, सुजाता चौक के पास मल्टी स्टोरेज पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जमीन अधिग्रहण पर बातचीत चल रही है। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि रांची शहर में ऐसा देखा जाता है कि सड़कों पर ऑटो चालक रास्ते का अतिक्रमण करते हैं, चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में ऑटो खड़े रहते हैं, जिससे लोगों को समस्या होती है। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की। एसपी से कोर्ट ने जानना चाहा कि शहर में टेंपो चालकों के लिए क्या पार्किंग की व्यवस्था है? कोर्ट ने यह भी कहा कि मेन रोड में कई वाहन चालक बगैर हेलमेट के चलते हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस को सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाने की जरूरत है। रात में मेन रोड में फुटपाथ दुकानदार सड़कों पर बाजार लगाते हैं, जिससे लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## चाईबासा में तीन आईईडी बम बरामद

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस और सीआरपीएफ ने नक्सलियों के खिलाफ टोंटो थाना क्षेत्र के जंगलों में चलाये जा रहे ऑपरेशन के क्रम में बुधवार को बड़ी सफलता पाई है। टोंटो और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के सरजोमबुरू और मारादिरी के बीच जंगली क्षेत्र में सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने पूर्व में तीन आइईडी बम लखा रखा था, जिसे सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ते ने सभी आईईडी को नष्ट कर दिया। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि ऐसी सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगारिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है, जिसे लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## इंडिया

## डकैतों बाहुबलियों, जातीय ठेकेदारों से एआई तक चुनाव का सफर



सुनील बादल

**भारत** सबसे पुराना लोकतांत्रिक देश है जहां आदि काल के बाद राजा बादशाह तक भी नीतियां लागू करने के पहले सभासदों,मंत्रियों से राय मशवरा किया करते थे ताकि किसी निर्णय का विरोध न हो और जनहित को ध्यान में रखा जा सके पर जब देश मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुआ तो पहली बार अपनी शासन व्यवस्था बनी और धीरे-धीरे सच्चे अर्थों में प्रजातांत्रिक व्यवस्था लागू हुई जिसमें वोट के आधार पर सभी को समान अधिकार मिले पर इवीएम से चुनाव या मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषण के कार्यकाल तक बूथ कैप्चरिंग या मतदाताओं को बूथ तक पहुँचने या धमकी देने के मामले आम थे जिसे केंद्रीय बालों और प्रेक्षकों की निगरानी तथा मीडिया की सक्रियता से लगभग रोक दिया गया । पर उसके बाद के दौर में दबंग और जातीय आधार पर गोलबंद लोगों को राजनीतिक पार्टियों ने वोटर बटोरने का काम काम देना शुरू किया जिस दौर का उफान तो अब समाप्त हो चुका है पर समाप्त नहीं हुआ है । परोक्ष रूप से सोशल मीडिया या एआई के सहारे मतदाताओं को भ्रमित करने का दौर चल रहा है । दिलचस्प बात यह कि बिहार कभी राजनीति के प्रयोगों की भूमि रही थी तो कभी बुंदेलखंड की राजनीति दशकों तक डकैतों के इर्द-गिर्द घूमती रही। बीहड़ में बैठे डाकू जिसे चाहते थे, उसे चुनाव जिता देते थे। इसके लिए वे बाकायदा फरमान जारी करते थे। चुनावी हवा का रुख मोड़ना उनके लिए बाएं हाथ का खेल होता था। 80 के दशक में यूपी के हिस्से में आने वाले बुंदेलखंड के सात में से छह जिलों- झांसी, जालौन, बांदा, महोबा, हमीरपुर व चित्रकूट में दस्युओं का दबदबा था। दस्यु ददुआ, निर्भय सिंह गुर्जर और ठोकिया ने खुद को बीहड़ का बादशाह घोषित कर दिया था। बदलते वक्त के साथ डकैतों ने राजनीतिक लोगों को अपना रहनुमा बनाया और बाद में वे खुद सरपरस्त बन गए। एक दौर ऐसा भी रहा जब नेता जीत के लिए दस्युओं से फरमान जारी कराते थे। बाद में डकैतों के परिजन खुद मैदान में उतरने लगे। इसमें पहला



नाम दुर्दांत डकैत ददुआ का आता है, जिसकी चित्रकूट, महोबा, बांदा व मध्य प्रदेश के इलाकों में तूती बोलती थी। इसका फायदा उठाकर ददुआ अपने बेटे वीर सिंह को जिला पंचायत अध्यक्ष बनवाने में कामयाब हो गया। साल 2007 में ददुआ एनकाउंटर में मारा गया, लेकिन तब तक उसके परिवार का राजनीतिक साम्राज्य खड़ा हो चुका था। उसका बेटा वीर सिंह सपा के टिकट पर चित्रकूट से विधायक बना, जबकि भाई बाल कुमार पटेल मिजार्पुर से सांसद बनने में कामयाब हो गए थे। भतीजे राम सिंह ने भी सपा के टिकट पर प्रतापगढ़ की पट्टी विधानसभा सीट से चुनाव जीता था। ददुआ की तरह ही अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया के परिजनों ने भी राजनीति में हाथ आजमाया था। साल 2005 में ठोकिया की चाची सरिता बांदा के कर्वी ब्लॉक की निर्विरोध प्रमुख चुनी गई थीं। जबकि, दूसरी चाची सविता को उसने निर्विरोध जिला पंचायत का सदस्य बनवा लिया था। साल 2007 में राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मां पिपरिया देवी बांदा की नरैनी विधानसभा से चुनाव लड़ीं । वे ठोकिया के नाम पर सत्ताईस हजार वोट हासिल करने में कामयाब हो गई थीं। निर्भय सिंह गुर्जर का भी चुनावों में दखल रहा। झांसी के गरौठा, जालौन और भोगनीपुर की सियासत उसी की मर्जी से चलती थी। जिस पर हाथ रख देता, वही चुनावी दौड़ में वही आगे निकल जाता था।फूलन देवी झांसी मंडल के जालौन जिले के छोटे से गांव गोरहा का पूर्वा की थीं। 14 फरवरी 1981 को हुए बेहमई कांड के बाद फूलन देवी देशभर में सुर्खियों में आ गई थीं। जेल से रिहा होने के दो साल बाद 1996 में समाजवादी पार्टी ने उन्हें लोकसभा का टिकट दिया था। फूलन अपने पहले ही चुनाव में मिजार्पुर से सांसद बनने में कामयाब हो गईं। हालांकि, बाद में उनकी हत्या हो गई। अभी भी आपराधिक या घोटालों की पृष्ठभूमि वाले नेता अपनी छवि अपनी जात बिरादरी के बीच रॉबिनहुड वाली बनाए हुए हैं और अपने पूरे परिवार को राजनीति में उतारे हुए हैं । अब मतदाताओं को तय करना कि इस बार कैसे स्वच्छ छवि वाले सही नेता का चयन हो ताकि लोकतंत्र मजबूत हो और देश का विकास सही दिशा में हो।

## संजय सिंह को जमानत मिली नहीं कर सकेंगे ऐसी बयानबाजी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह बुधवार को जेल से रिहा हो सकते हैं। संजय सिंह की जमानत पर रिहाई के लिए शर्तें तय करते हुए निचली अदालत (ट्रायल कोर्ट) ने उनसे कहा, ₹अगर वह दिल्ली एनसीआर छोड़ने की योजना बना रहे हैं तो अपनी यात्रा का कार्यक्रम जांच अधिकारी के साथ पहले ही साझा करें और अपना मोबाइल लोकेशन चालू रखें। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सजंय सिंह को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने, बिना अनुमति के देश नहीं छोड़ने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने या गवाहों को प्रभावित करने का कोई प्रयास नहीं करने का भी आदेश दिया। इसके अलावा, संजय सिंह को 2 लाख रुपये का निजी बॉन्ड और इतनी ही राशि की जमानत राशि भरने का आदेश दिया गया है। जमानत पर रहते हुए, संजय सिंह को जांच एजेंसी के साथ अपना मोबाइल नंबर साझा करना होगा। जरूरत पड़ने पर जांच में शामिल होना होगा। संभावना है कि संजय सिंह बुधवार देर शाम तक तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता को जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्हें ट्रायल कोर्ट द्वारा तय किए गए नियमों और शर्तों पर रिहा किया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि संजय सिंह मामले में अपनी भूमिका पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी या भाषण नहीं देंगे।

## एक नजर

### उधार पैसा मांगने पर मारपीट, केश दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के वार्ड 11 निवासी मोहन कुमार सोनी ने बुधवार को हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने कहा है कि वह सोना चांदी के कारीगर है। उन्होंने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बुधुआ गांव निवासी अजय सिंह व उनके पुत्र मनोहर सिंह के पास सुबह बकाया एक लाख पच्चास हजार रुपया मांगने गए थे। वहीं अजय सिंह के बेटा की शादी में सूद-ब्याज पर पैसा लेकर गहना बना कर दिया था। चार साल के बाद भी पैसा नहीं मिला है। बुधवार को जब पैसा मांगने उनके घर जाने पर अजय सिंह व उनके पुत्र मनोहर सिंह ने लाठी-डंडे से पिटाई की व गाली-गलौज किया। उन्होंने सोने की चेन भी छीन ली। जब मोहन कुमार सोनी ने अपने भाई को बुलाया तो उस पर भी वह तन गए। उधर हुसैनाबाद पुलिस ने आवेदन के आधार पर इसकी छान बीन शुरू कर दी है।


### प्रखंड सभागार में अबुआ आवास को लेकर बैठक आज

**पाटन।** आज प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुवा आवास को लेकर पाटन प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से अबूवा आवास, प्रधान मंत्री आवास योजना की प्रगति पर चर्चा की जायेगी। साथ ही अबुवा आवास में लाभुको के द्वारा कितना कार्य किए गए हैं। इन सब की जानकारी प्राप्त के लिए बैठक आहूत की जाएगी। इसके अलावे प्रत्येक गांव और पंचायत में आवासों के प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

# नक्सली बैनर के साथ उग्रवादी समर्थक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

### बरामद बैनर बिहार के औरंगाबाद जिले के माओवादी राजेंद्र के पास भेजना था : नौशाद






**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के लिए कार्य कर रहे पिपरा थाना क्षेत्र के बनाही गांव निवासी पंकज प्रजापति को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक पलामू एवं विशेष शाखा झारखंड से सूचना प्राप्त हुई थी कि माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य पंकज प्रजापति 18 वीं लोकसभा चुनाव 2024 के बहिष्कार करने हेतु अपने घर से नक्सली समर्थित पोस्टर बनवाकर माओवादी को देने के लिए जानेवाला है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर पंकज प्रजापति के पास से एक थैला में लाल रंग के कपड़ा, बैनर जिसपर उजला रंग से 18वीं लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने संबंधी भाकपा माओवादी लिखा हुआ सात बैनर सहित एक मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि बरामद बैनर बिहार के औरंगाबाद जिले के माली थाना अंतर्गत सोरी गांव में माओवादी राजेंद्र सिंह के पास भेजना था। मामले में पुलिस ने 17 सीएलए एक्ट के तहत कांड दर्ज कर पंकज प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं राजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में एसडीपीओ के अलावे पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, एसआई मनोज राणा सहित जितेंद्र राम, रवि चौधरी, सत्येंद्र पाल, उमाशंकर सिंह, संजेश झा, रामचंद्र प्रसाद, राजकुमार, राहुल यादव, सनातन कश्यप आदि पुलिस बल शामिल थे।

# वाहन जांच के क्रम में रेहला पुलिस ने एक व्यक्ति को देसी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला पुलिस ने मंगलवार की शाम एक व्यक्ति को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने बताया कि लोस चुनाव के मद्देनजर लगातार एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को देर शाम एनएच 75 पर कमता गांव के पास वाहन जांच चल रहा था। इसी बीच एक व्यक्ति पड़वा मोड़ की ओर से मोटरसाइकल द्वारा आ रहा था। पुलिस को देखकर वह वापस भागने का प्रयास करने लगा। संदेश होते ही पुलिस जवानों ने घेरकर उसे पकड़ लिया। शारीरिक सर्च के दौरान उसके कमर से एक देशी कट्टा मिला। गहन जांच के बाद एक जिंदा कारतूस भी उसके पास से बरामद किया गया। पुलिस ने उसकी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकल (जेएच03एल 9003) को भी जब्त कर लिया। थाना प्रभारी श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र अशोक सिंह (36) के रूप में हुई है। उस पर आयुध अधिनियम के रेहला थाना में दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच अभियान में कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**पांकी।** पांकी थाना के अंतर्गत पकरिया मोड़ खाड़ पर पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक से पुलिस ने पूछताछ की। इसके बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक शशिकांत शर्मा तरहसी थाना क्षेत्र के कोईरीयाडीह का रहने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर युवक को धर दबोचा। प्रशिक्षु एसपी गौरव गोस्वामी ने इस बात की जानकारी दी। गौरव गोस्वामी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पकरिया मोड़ खाड़ पर एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आधार पर प्रशिक्षु एसपी गौरव गोस्वामी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगा। हालांकि पांकी पुलिस ने उसे देशी कट्टा के साथ धर दबोचा। गिरफ्तार युवक शशिकांत शर्मा ने 2018 में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान फायरिंग की थी और फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी थी।

# विधायक ने पलामू की बिजली व्यवस्था को लेकर केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को पत्र लिख कर कहा है कि विगत दिनों आए आंधी-तूफान में झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केविए संचरण लाइन के चार टावर ध्वस्त हो जाने के कारण पलामू के कुछ भाग में विद्युत आपूर्ति की स्थिति चरमरा गई है। फलस्वरुप जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उन्होंने कहा है कि पलामू जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो चुका है। पारा 42 डिग्री से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जनजीवन पर पड़ने वाले कुप्रभाव की सहज कल्पना की जा सकती है। विधायक ने झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे- भगोडीह 220 केविए संचरण लाइन के सभी क्षतिग्रस्त टावर का युद्ध स्तर पर मरम्मति कराकर यथाशीघ्र निर्वाध विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का आग्रह किया है। जब तक क्षतिग्रस्त टावर की मरम्मति नहीं हो जाती है, तब तक विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। जिससे इस भीषण गर्मी में आम लोगों को राहत मिल सकें।

### विधवा महिला को नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

**पाटन।** प्रखंड के बरसैंता गांव निवासी 30 वर्षीय माया कुंवर को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। वह सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। बताते चले कि उसस्के पति श्रवण पासवान की मृत्यु लगभग 11 माह पूर्व में हो चुकी है उसको दो लड़का और एक लड़की है। वह अत्यंत गरीब महिला है। माया कुंवर को आज तक पारिवारिक लाभ या फिर विधवा पेंशन का लाभ नहीं मिला है। इस कारण वह दर दर की ठोकरे खा रही है। उसके पति के गुजरे हुए लगभग एक वर्ष गुजर गए हैं। उसने पेंशन के लिए दफ्तर में आवेदन दिया था, लेकिन आज तक उसे कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

**समाजशास्त्र विभाग में बाल विवाह पर आलेख लेखन व परिचर्चा संपन्न**

# बाल विवाह का प्रमुख कारण है अशिक्षा : प्रो. जितेंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**छत्तरपुर।** छत्तरपुर अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल के समाजशास्त्र विभाग के सेमेस्टर-4 का झारखंड के अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में बाल विवाह विषय पर आलेख-लेखन एवं परिचर्चा सम्पन्न हुआ। परिचर्चा में बाल विवाह के कारण, दुष्परिणाम, उन्नमूलन, कानूनी प्रयास, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका पर प्रतिभागियों ने अपनी बात रखी। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो राज मोहन ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि पलामू के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में अशिक्षा के कारण आज भी बाल विवाह हो रहे है। यह निर्विवाद सत्य है कि पहले से कम हुआ है। प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाल विवाह के प्रमुख कारणों में अशिक्षा एक प्रमुख कारण है। प्रो अमित कुमार ने ऐतिहासिक परिपेक्ष एवं इसके दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने सभी अतिथियों को आरती, रोड़ी-चंदन, पुष्प वर्षा और स्वागत गान सभी का स्वागत किया। राधिका कुमारी, कंचन कुमारी, रानी कुमारी, रिशु कुमारी, सच्ची गुप्ता, राधा कुमारी, युवराज आदि ने स्मरण, कविता, श्लोगन के माध्यम से रोचक और स्मरणीय बनाया। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सम्पन्न हुए आलेख प्रतियोगिता के परीक्षा परिणाम जारी किए गए जिसमें प्रथम-पूजा कुमारी, द्वितीय-प्रवीण कुमार ठाकुर तृतीय और वैशाली कुमारी ने स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रो. इंदु कुमारी, प्रो. सुनीता कुमारी, प्रो. मुन्नी देवी, प्रो. अशोक अग्रवाल, प्रो. रोहित कुमार, प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, प्रधान लिपिक योगेंद्र विश्ववकर्मा, अरविंद कुमार, पंचम कुमार, सुनील कुमार, कृष्णनंदन शर्मा सहित कॉलेज कर्मी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. राज मोहन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजकिशोर लाल ने किया।

### रामनवमी पर्व को लेकर बैठक आयोजित

**मोहम्मदगंज।** रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को मोहम्मदगंज देवी धाम मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। रामनवमी पूजा कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से व्यवसायी नीरज कुमार अग्रवाल उर्फ दीपू लाल को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही कमेटी के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह मुन्ना उपाध्यक्ष, सिद्धार्थ कुमार सचिव व जगत कुमार चौरसिया कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं। सदस्यों में राकेश कुमार सिंह, विवेक विशाल बंटी, विजय मेहता, राजकमल साव, कमलेश मेहता, पप्पू मेहता, सनी कुमार, प्रभात सिंह, मंटू दास, अन्नू सिंह, रौशन कुमार, रविरंजन सिंह, विनय मेहता, बिट्टू सिंह, पपु मेहता, रानू सिंह, गुड्डू पासवान, चंदन मेहता, मंटू यादव, बबलू यादव, हरि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पलामू लोस चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग सक्रिय, विभिन्न क्षेत्रों में की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**





**हुसैनाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग द्वारा बुधवार को हुसैनाबाद थाना अंतर्गत घाघरा एवं हरईया में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग ने कुल 15000 किलो जावा महुआ तथा 250 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस दौरान इस कार्य में अवैध रूप से जुड़े उमेश रजवार, हरेंद्र यादव, सनोज यादव, विजय यादव, बंडोल यादव के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त श्री रंजन के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टगत इस तरह की छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, भेजा जेल

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबा मोहल्ला में शराब कारोबारी द्वारा शराब बेचे जाने की सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी कर 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी देते हुए चंदन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए शराब कारोबारी महेंद्र पासवान के 20 वर्षीय पुत्र राजन कुमार ने अपने घर में ही महुआ शराब बनाकर रखा था, उसे शराब के साथ बुधवार को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में महुआ शराब बनाने एवं बिक्री करने के मामले में शराब कारोबारी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी करते हुए न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया है।

### नावाबाजार पुलिस ने 120 किलोग्राम जावा महुआ को किया नष्ट



**नावाबाजार।** पलामू पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन के निदेर्शानुसार नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा खोखमा गांव में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां लगभग 120 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया। साथ ही शराब निर्माण के लिए प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री को भी नष्ट कर दिया गया। गुप्त सूचना के आलोक में थाना प्रभारी को मिली जानकारी के अनुसार कई घरों तक पहुंच छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां कई घरों से जावा महुवा सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री कानूनन अपराध है। सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों के उपर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में अभियान आगे भी चलाया जाता रहेगा। पकड़े जाने की स्थिति में कानूनन कारवाई की जाएगी।

### पुलिस ने देसी शराब की भट्ठी को किया ध्वस्त

**हरिहरगंज।** पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत भांवर गांव के समीप पहाड़ के तलहटी में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी की भनक लगते ही शराब धंधेबाज, शराब छोड़ फरार हो गए। छापेमारी अभियान का नेतृत्व एएसआई मंटू कुमार कर रहे थे। पुलिस के इस अभियान से शराब धंधेबाजों में हड़कंप देखा गया। इस दौरान एक भट्ठी को ध्वस्त किया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि लगभग एक क्विंटल जावा महुआ, 100 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब तथा छह ड्राम एवं शराब बनाने वाले उपकरण को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस अभियान में एएसआई समेत सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### दुलहर राउम विद्यालय से पंखा की चोरी, थाने में की शिकायत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुलहर के प्रधानाध्यापक शंकर राम ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर विद्यालय के दो कमरों का पंखा चोरी होने की शिकायत की है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि एक अप्रैल को विद्यालय खुलने के बाद पता चला कि विद्यालय के दो कमरों का सीलिंग पंखा गायब है। उन्होंने कहा है कि वर्ग पांच व आठ का सीलिंग पंखा गायब है। विद्यालय से कभी चावल, कभी किचेन का सामान गायब होता रहता है। विद्यालय की छत पर कुछ लोग मिट मुर्गा बना कर अक्सर खाते हैं। उन्हे कई बार माना करने के बावजूद वह नहीं मानते हैं। विद्यालय बंद होने के बाद गांव के लड़के देर रात तक विद्यालय के बरामदे व कमरों के पास मीट -मुर्गा शराब का सेवन करते हैं। आवेदन पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने भी हस्ताक्षर किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डाला कला में साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ



**पांडू।** प्रखंड के पंचायत भवन डाला कला के प्रांगण में बुधवार से साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया। जिसके लिए पूर्व से प्रयासरत डाला कला पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव, पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शम्भू शरण सिंह, पूर्व उप प्रमुख प्रतिनिधि बैजनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन किया। साथ ही साप्ताहिक बाजार में उपस्थित सभी दुकानदारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस बाजार से पंचायत के दुकानदारों की आय का स्रोत बढ़ेगा। वहीं सभी उपभोक्ताओं को साप्ताहिक बाजार से बेहतर सुविधा मिलेगी। कोई भी काम को शुरू करने के बाद ही आगे विशाल रूप हो जाता है। इस मौके पर राजमुनी राम, नीरज कुमार, शकुंतला देवी, प्रदीप यादव, मनु ठाकुर, वरुण बैठा, चंदन सिंह, प्रणव कुमार, मल्लू राम, सुमंत यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मासिक अपराध गोष्ठी में अंचलाधिकारी ने दिए कई निर्देश

**पाटन।** पुलिस इंस्पेक्टर आरएस पटेल ने पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय पाटन में मासिक अपराध गोष्ठी को लेकर बैठक की। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर आर एस पटेल ने कहा कि थाने की साफ सफाई, लंबित कांडों का निष्पादन ,लोकसभा चुनाव में बूथ का सत्यापन करते हुए अगर कोई त्रुटि हो तो वरीय पदाधिकारी को सूचित करें, ताकि समस्या का समाधान तुरंत हो सके। मौके पर एस आई पाटन सैलभ कुमार, एस आई मनातू अनीश राज ,थाना प्रभारी नवा जयपुर कमल किशोर पांडे, थाना प्रभारी पडवा चंद्रशेखर यादव और अन्य पुलिसकर्मी भी मासिक अपराध गोष्ठी में शामिल थे। अंचलाधिकारी आर एस पटेल ने उन्हें कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# वीर बाबा चौहरमल की जयंती आज, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड भगत तेंदुआ स्थित वीर बाबा चौहरमल व दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान मंदिर परिसर में गुरुवार को वीर बाबा चौहरमल जयंती मनाई जाएगी। इसे लेकर बुधवार को सेमरवार गांव में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान व संचालन सेमरवार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने किया। बैठक में वीर बाबा चौहरमल जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर डॉ. संजय कुमार, अखिलेश पासवान, मुकेश पासवान, राजकुमार पासवान, विनय पासवान, परीखा पासवान, रंजीत पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

**बैठक** रामनवमी महोत्सव को लेकर कमेटी का गठन

# लगातार दूसरी बार महामंत्री बने आनंद

### रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** सनातन धर्म सभा के केंद्रीय कार्यालय में बुधवार को श्रीराम नवमी महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने इस बार रामनवमी पूजा भव्य एवं धूमधाम तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रामनवमी महोत्सव समिति का भी पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आनन्द कुमार को लगातार दूसरी बार महामंत्री चुना गया। वहीं, सुदर्शन सोनी,आकाश कुमार सिंह, संदीप सोंडिक को मंत्री तथा वीरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया तथा उमेश प्रसाद सोनी, बालकेश पासवान, दिलीप तिवारी, सुरेश भगत, पवन सोनी को संयोजक एवं मुनीन्द्र नाथ दुबे, दुर्गा बिनय प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, अरविंद डिसिल्वा, शशि श्रीवास्तव को संरक्षक जिम्मेदारी दी गई। समिति के महामंत्री ने बताया कि रामनवमी महोत्सव पर भव्य अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा। आगामी 17 मार्च को प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए पूजा कमेटियों को सम्मानित कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम को आयोजन होगा। वहीं शाम में रावण का पुतला दहन किया जाएगा। सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म इस राष्ट्र की आत्मा है। सनातन धर्म समाज को जोड़ने मैं विश्वास रखता है समाज को तोड़ने की साजिश हर दिन की जा रही है। ऐसे में हिंदुओं को एकजुट होने की आवश्यकता है। केवल बाहरी चुनौतियों ही नहीं आंतरिक रूप से भी काफी चुनौतियां हैं। श्रीराम लला के भव्य मंदिर निर्माण के बाद पहली बार होने वाली इस वर्ष के श्रीराम नवमी महोत्सव पूरे राज्य में आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक का संचालन महासचिव राजीव रंजन ने किया। बैठक में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव अवध किशोर राय उर्फ राजू राय ने भी अपने विचार रखे।

# तेज आंधी में गिरा गरीब का कच्चा मकान, मदद की लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के परसिया गांव निवासी अशोक पासवान का कच्चा का मकान तेज आंधी के कारण गिर गया। घर गिरने से भुक्तभोगी अशोक पासवान को काफी क्षति हुई है। अशोक पासवान ने बताया कि घर गिरने से लाखों का नुकसान हुआ है। घर के अधिकांश हिस्सों में दरार आ गया है। स्थिति ऐसी है कि कभी भी घर पूरी तरह से ध्वस्त हो सकता है। परिवार वालों में हमेशा भय बना रहता है कि कहीं उनके ऊपर घर गिर ना जाए। उन्हें रहने की चिंता सता रही है। भुक्तभोगी अशोक पासवान ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है। पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति ने बताया कि आंधी में कई लोगों को काफी नुकसान हुआ है। अशोक पासवान का घर गिर गया है। उन्होंने सीओ से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

18वीं लोकसभा चुनाव महापर्व में महिलाओं को भी बढ़चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और देश में मजबूत व सशक्त लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

राजकुमारी देवी, प्रखंड प्रमुख, हुसैनाबाद,पलामू।

## बाल विवाह, बाल शोषण पर कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन।** प्रखंड के मंझौली में डोर टू डोर बाल विवाह, बाल शोषण, जादू टोना पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मझौली उर्दू मध्य विद्यालय में अवेयरनेस कैंप पीएलवी रविंद्र सिंह के द्वारा किया गया।

# हथियार जमा करने में बरत रहे कोताही, एक बार फिर बढ़ी तिथि

### 41 लोगों को हथियार रखने की अनुमति दी गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू में हथियार जमा किये जा रहे हैं। पहले चरण में सैकड़ों लोगों ने अपने हथियार जमा करा दिये हैं। वहीं, लाइसेंस धारकों को दूसरा मौका दिया गया है और जमा करने की तारीख बढ़ाकर सात अप्रैल कर दी गई है। इस बीच प्रशासनिक सूत्रों के हवाले से पता चला है कि 200 से ज्यादा लोग ऐसे हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान भी हथियार अपने पास रखना चाहते हैं। हथियार रखने के इच्छुक लोगों ने पलामू जिला प्रशासन को आवेदन दिया था। लोगों के आवेदन के आधार पर जिला सुरक्षा समिति की बैठक में 41 लोगों को हथियार रखने की अनुमति दी गयी है। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शेष आवेदनों पर विशेष शाखा के माध्यम से रिपोर्ट मांगी गयी है।



सांकेतिक फोटो

विशेष शाखा की रिपोर्ट के आधार पर अन्य लोगों के आवेदन पर विचार किया जायेगा।सूत्रों के अनुसार पहले चरण में 41 लोगों को हथियार रखने की इजाजत दी गई है, जिनमें कई राजनेता और कई सरकारी सेवाओं से जुड़े लोग भी शामिल हैं। एक व्यवसायी-सह-राजनेता के पिता और पुत्र दोनों को हथियार रखने की अनुमति दी गई है। सत्ता पक्ष के भी कई लोगों के पास हथियार हैं। छतरपुर क्षेत्र के खदान व्यवसायियों को भी हथियार रखने की अनुमति दी गई। जिन व्यक्तियों के पास दो हथियार लाइसेंस हैं, उन्हें एक हथियार रखने की अनुमति है। बैंकिंग सेवाओं के लिए भी हथियार रखने की इजाजत दी गई है। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पलामू में 1800 से अधिक लोगों के पास हथियार का लाइसेंस है। अकेले मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में 800 से अधिक लोगों के पास हथियार का लाइसेंस है। पलामू पुलिस की संख्या 1800 से अधिक है और नागरिकों के पास पुलिस से अधिक हथियार हैं। कुछ दिन पहले पलामू में हथियार लाइसेंस का मामला विवादों में आया था, जिसमें 54 लोगों की जांच स्पेशल ब्रांच कर रही है। आजसू नेता सतीश कुमार का कहना है कि मामले में पारदर्शिता बरतने की जरूरत है, जो वास्तव में जरूरतमंद हैं उन्हें छूट दी जा सकती है। चुनाव को लेकर सभी के हथियार जब्त करने की जरूरत है।

### एसपी के आदेश पर लोस चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। अवैध शराब, मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती से चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार की रात पलामू एसपी और शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के निर्देश पर टीओपी तीन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के सुदना अघोर आश्रम के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दोपहिया -चार पहिया वाहनों को रोककर उनकी गहनता पूर्वक तलाशी ली गई। मौके पर उपस्थित टीओपी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन जांच का मुख्य उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान कोई भी आचार संहिता का उल्लंघन ना कर सकें, उनकी गाड़ियों पर पार्टी के बोर्ड और बैनर लगे रहने, साथ ही नगदी राशि 50 हजार से ज्यादा ले जाने पर चुनाव आयोग द्वारा रोक लगाई गई है। जिनके पास से 50,000 से ज्यादा की राशि मिलेगी, उन्हें जब्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान, श्रवण कुमार,आरिफ खान,मनोज सिंह,पंचम तिवारी,रामलाल राम,मनोज राम सहित अन्य टाइगर मोबाइल के जवान मौजूद थे।

# फांसी लगा कर युवक ने की आत्महत्या,परिजनों ने हत्या का शक जताया

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के सुदना अघोर आश्रम रोड निवासी संजय राम के 25 वर्षीय पुत्र राजू पासवान का शव पुलिस ने उसके घर से बरामद किया है। पुलिस ने राजू का शव घर में फांसी के फंदे पर झूलता पाया है। इस घटना के बारे में स्थानीय लोगो ने बताया कि बुधवार की शाम संजय राम के घर में बाहर से ताला बंद था। घर के अंदर से बदबू आ रही थी। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना



के एसआई संजय कुमार, टीओपी 3 प्रभारी संजय कुमार सिंह,टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान और श्रवण कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों के सहयोग से घर का ताला तोड़ कर घर के अंदर घुसे तो देखा कि राजू फांसी के फंदे से झूल रहा था। इसके बाद पुलिस के निगरानी में राजू के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों का शक है कि किसी ने राजू की हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटका दिया है। इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगो ने बताया कि राजू और उसके सभी परिवार रांची रहते थे। राजू एक अप्रैल को अपने घर सुदना आया था।इसी बीच यह घटना घटी है।

## एक नजर

### रामनवमी जुलूस के दौरान कई सड़कों को सदस्यों ने किया साफ, असंतोष

**मेदिनीनगर।** बसपा नेता विनोद कुमार सोनी व प्रदीप कुमार पासवान ने रामनवमी पर्व,छठ व्रत एवं ईद पर्व को देखते हुए मेदिनीनगर नगर आयुक्त नगर निगम की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। गंदगी,वायु प्रदूषण एवं मच्छरों का प्रकोप मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में है। इसके लिए नगर आयुक्त को मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र का दौरा करके सफाई व्यवस्था की जानकारी खुद लेना चाहिए। क्योंकि शहर में नाली और कूड़ा कचरा भरा रहता है, लेकिन सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता है। दो अप्रैल को मंगलवारी रामनवमी जुलूस के दौरान कई जगह पर उन जगहों पर झाड़ू चलाकर रोड साफ करना पड़ा है, तब जुलूस आगे बढ़ा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन

# स्ट्रांग रूम में पानी व बिजली की सुविधा बहाल करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक कर इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित किए गये स्ट्रांग रूम व इन स्ट्रांग रूम में उपलब्ध सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में पानी, बिजली, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी सभी आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने पर बल दिया। उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम हेतु निर्धारित परिसर, मतदानकर्मियों तथा सुरक्षा बलों के आवासन में




प्रयुक्त होने वाले भवन में अनिवार्य रूप से रनिंग वाटर की सुविधा उपलब्ध रहे, यह सुनिश्चित करें साथ ही चार्जिंग पॉइंट पर भी बल दिया। इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के पश्चात डीईओ श्री रंजन ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के आवासन के लिये चिन्हित भवन, परिसर में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए जहां आवश्यकता हो वहां शौचालय निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पानी की समस्या है तो वहां टैंकर के माध्यम से पानी की उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि कहीं भी शौचालय संबंधी समस्या, आवास संबंधी समस्या, पानी संबंधी समस्या, बिजली संबंधी समस्या हो तो उसका ससमय निराकरण करने की बात कही।

**अगर कहीं पानी की समस्या है तो वहां टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध करायें : उपायुक्त**

# पब्लिक मेडिसिन विषय में फेल छात्र-छात्राओं की पूरक परीक्षा जल्द, तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** 2019 बैच के सात मेडिकल छात्र-छात्राएं जो जन औषधि शास्त्र विषय में फेल हो गए थे । उनकी सप्लीमेंट्री परीक्षा इसी महीने होने जा रही है । यह जानकारी नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक मृत्युंजय कुमार दीपक ने प्रेस को दी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एक-दो दिन के अंदर ही इस सप्लीमेंट्री परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि और परीक्षा की शुरूआत की शुरू होने की तिथि और परीक्षा की तिथि शुरू होने की तिथि की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। 2019 बैच के यह सात विद्यार्थी पार्ट थर्ड ईयर यानी तीसरे वर्ष पार्ट वन के विद्यार्थी हैं। सूत्रों के अनुसार 92 लड़कों में से केवल सात मेडिकल छात्राएं जन औषधि शास्त्र में फेल हो गए। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने अब पांच नंबर ग्रेस मार्क देने के प्रावधान को खत्म कर दिया है। पहले यह पांच नंबर का ग्रेस मार्क दिया जाता था। यदि वह मेडिकल का छात्र किसी एक विषय में फेल होता और पांच नंबर मिल जाने से वह पास कर जाता, अब यह सुविधा और प्रावधान राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने समाप्त कर दिया है। मेडिकल के छात्र-छात्राएं जो किसी भी विषय में कितनी भी नंबर से फेल हो जाए तो उन्हें अब केवल और केवल सप्लीमेंट्री परीक्षा ही देनी है, क्योंकि पांच नंबर की मदद का प्रावधान हटा दिया गया है। 2019 बैच के ये सात फेल किए गए मेडिकल के छात्र बड़ी बेसब्री से अपनी सप्लीमेंट्री परीक्षा का इंतजार कर रहे थे। नीलांबर -पीतांबर विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने बताया कि विश्वविद्यालय हर संभव प्रयास कर इस चुनाव के महीने के दौरान भी इनकी थ्योरी की भी परीक्षा और प्रैक्टिकल लेने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध और प्रयासरत है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू,1167 गाड़ियों की आवश्यकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 1167 गाड़ियों का अधिग्रहण होना है। यह जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने दी। उन्होंने प्रेस को बताया कि 1167 गाड़ियों के अधिग्रहण के कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। अभी तक 872 यानी गाड़ियों का ऑनलाइन अधिकरण कर लिया गया है। श्री यादव ने बताया कि ऑनलाइन अधिग्रहण से इन 872 गाड़ियों को अब यह लाभ मिलेगा कि यदि गाड़ियां ये दूसरे जिले या दूसरे राज्य में भी जाएंगी तो वहां इन ऑनलाइन पलामू के द्वारा अधिग्रहण से उन जिलों में या राज्यों में इन गाड़ियों की धर पकड़ नहीं होगी। यह एक बहुत बड़ी राहत है, क्योंकि लोकसभा के मतदान का पहला प्रथम चरण 19 अप्रैल ही है, जो पलामू से सटे



बिहार के औरंगाबाद में है। औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई 19 अप्रैल को ही मतदान करेंगे। यदि यह 872 गाड़ियां अपने निजी काम या व्यवसाय के लिए इन चारों जिलों में किसी भी दिन किसी भी समय चली जाती है। तो बिहार के ये चारों जिले के अधिकारी इन गाड़ियों का अधिग्रहण नहीं कर पाएंगे, क्योंकि इनका यह अधिग्रहण पलामू लोकसभा के लिए सुनिश्चित हो चुका है। श्री यादव ने बताया कि 1167 गाड़ियों की आवश्यकता है, जिसमें 501 बस है, 498 छोटी गाड़ियां हैं और ट्रको की संख्या 168 है। पुलिस विभाग इनमें से 320 बस को ले लेंगी। श्री यादव ने आगे बताया कि पलामू लोकसभा मतदान के लिए तीन प्रकार के आब्जर्वर आएंगे , जिनमें मतदान आब्जर्वर , सुरक्षा आब्जर्वर, और आर्थिक आब्जर्वर होगें। प्रत्येक को एयर कंडीशनर कार मुहैया कराई जाएगी और तीनों आब्जर्वर के लिए दो अलग गाड़ियों में सुरक्षा और प्रोटोकॉल के पदाधिकारी होंगे। पलामू जिला परिवहन पदाधिकारी ने विश्वास दिलाया कि इस जिले में गाड़ी के अधिग्रहण की कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने पलामू ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की भरपूर प्रशंसा की और कहा कि पलामू ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और 10 छोटी गाड़ी और बड़ी ट्रको के मालिकन हमे पूरा सहयोग दे रहे हैं।

## बदल रहा मौसम

# अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़, लोगों को हो रही है परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से मौसमी बीमारियों से ग्रसित लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सदर अस्पताल कर्मियों के अनुसार पिछले 15 दिनों में मौसम जनित बीमारियों से ग्रसित रोगियों की संख्या में दोगुना का इजाफा हुआ है। सबसे अधिक सर्दी, खांसी, बुखार, पेट रोग आदि बीमारियों की चपेट में लोग आ रहे हैं। एक सप्ताह में करीब डेढ़ सौ से अधिक मरीज सदर अस्पताल के ओपीडी में अपना इलाज करा चुके हैं। बुधवार को ओपीडी की पहली पाली में सभी शिशु, सामान्य, नेत्र रोग में 200 से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंचे थे। शहर के अन्य निजी क्लिनिक व अस्पतालों में चिकित्सकों के पास मरीजों का तांता लगा हुआ है। पंजीकरण काउंटर पर पर्चा कटवाने को लोग लाइन में लगे रहे तो अंदर ओपीडी के आउटडोर में चिकित्सक से इलाज कराने को मरीजों में आपाधापी मची रह रही है। जबकि कुछ मरीज आंख रोग की बीमारियों का इलाज कराने भी आ रहे हैं। हाल में हुई बारिश व मौसम के इस बदलाव का असर अस्पताल की ओपीडी में रोज दिख रहा है। वहीं अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को इस कड़ी धूप में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को धूप में घंटो खड़ा रह कर इलाज के लिए पर्ची कटवाना पड़ रहा है, जिसके कारण मरीजों की हालत और भी गंभीर हो रही है। मरीजों ने अस्पताल प्रबंधक से पर्ची काउंटर के पास सेड लगवाने का आग्रह किया है। अपने इलाज के लिए पहुंचे छतरपुर थाना क्षेत्र के निवासी अखिलेश कुमार ने कहा कि अस्पताल में तो पहले से बेहतर सुविधा उपलब्ध हो चुका है परंतु यहां पर मरीजों को अपने इलाज के लिए पर्ची कटवाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है धूप में खड़ा रहकर मरीजों की स्थिति और भी गंभीर हो रही है।



### क्या कहते हैं चिकित्सक

सदर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. डीके सिंह ने बताया कि बदलते मौसम में खान-पान पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है। संतुलित आहार और संयमित जीवन शैली के जरिये अनेक बीमारियों से अपना बचाव किया जा सकता है। सभी को इसके लिए जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया की लोगों का अस्पताल के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसके कारण लोग यहां इलाज कराने पहुंच रहे हैं।अस्पताल में जो संसाधन हैं, उसमें बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मुख्य चिकित्सक डॉ डीके सिंह ने कहा कि जल्द ही मरीजों को गर्मी और धूप से राहत के लिए पर्ची काउंटर के पास सेड लगवाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि मरीजों को गर्मी और धूप से राहत मिल सके।

### हर्षोल्लास के साथ निकला रामनवमी का प्रथम मंगलवारी जुलूस

**मेदिनीनगर।** महावीर नवयुवक दल जेनरल, हाकर संघ समेत अन्य रामनववमी पूजा समिति व संघों के तत्वावधान में मंगलवार की रात मेदिनीनगर समेत पलामू जिला में प्रथम मंगलवारी का जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर समेत चैनपुर प्रखंड मुख्यालय, शाहपुर, पांकी, हुसैनाबाद, विश्रामपुर, हरिहरगंज, छतरपुर, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, सतबरवा, तरहसी, लेस्लीगंज, पाटन,पांडू आदि प्रखंड क्षेत्रों में गाजे-बाजे व जय श्रीराम के जयकारे के साथ रामनवमी का प्रथम मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जुलूस का संचालन संबंधित समिति व संघ के जेनरल अध्यक्षों ने किया। श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल का मेदिनीनगर शहर में मंगलवारी जुलूस कोयल नदी किनारे से निकला।

# मेडिकल टीम की अनुसंशा पर 110 कर्मियों को लोस चुनाव कार्य से किया गया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन ने आगामी लोकसभा चुनाव में 110 कर्मियों को मतदान की सभी तरह की ड्यूटी से मुक्त कर दिया है। ये कर्मी चुनाव जैसी ड्यूटी के लिए अनफिट है। लगभग तीन सौ कर्मियों ने सभी तरह की ड्यूटी से मुक्त करने का गुहार लगायी थी। पलामू जिला प्रशासन ने आवेदकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए एक सात सदस्यीय डॉक्टरों की टीम बना दी थी। इस टीम के मुखिया सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार थे। टीम में डॉक्टर आरके रंजन, डॉ. उदय कुमार, डॉ. विजय सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. एसके रवि और महिला डॉ. एसएस होरो के डॉक्टर आरके रंजन ने प्रेस को बताया कि मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच बड़ी बारीकी से की गई और जो लोग इस समय अस्थायी रूप से अनफिट होंगे, उन्हें ही मतदान की ड्यूटी से मुक्त करने की सिफारिश की जायेगी। टीम मार्च महीने के तीसरे और चौथे सप्ताह में लगातार तीन बैठकों में स्वास्थ्य कर्मियों के स्वास्थ्य संबंधी शिकायत और उसकी जांच की। ज्ञात हो कि मेडिकल टीम सिर्फ अनुसंशा ही कर सकती है। वह स्वयं हटा नहीं सकती है। कार्मिक पोषण के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि कर्मियों को मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य जांच के उपरांत की गई उचित और सही अनुशंसा पर आगामी लोकसभा चुनाव के ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह मुक्ति ब्लड प्रेशर या डायबिटीज जैसी रोगों के लिए नहीं है। यह अब एक लाइफ स्टाइल बीमारी है और ढेर सारे लोग इसके साथ मजे से जी रहे और अपना काम कर रहे हैं। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि टीम ने कैंसर, डायलिसिस, एक्सीडेंट के शिकार, बड़े ऑपरेशन और कुछ की हड्डियां पसली टूटी है। इन सभी को अस्थायी रूप से इस समय अनफिट पाये जाने पर मेडिकल ग्राउंड के तहत इन्हें चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त छह गर्भवती महिलाकर्मियों को को भी चुनावी ड्यूटी से मुक्त रखा गया वे सब स्वास्थ्य के कारणों और मेडिकल बोर्ड के अनुशंसा पर आधारित है। नोडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उनकी कमी के कारण मतदान टोली और मतदान के कार्यों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# शुभम पांडे को चाकू मारने के आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी संजय पांडे के पुत्र शुभम पांडे उर्फ बम पांडे के आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।घायल सुभम कुमार की बहन सोनम तिवारी ने बताया की मेरे भाई को अपराधियों ने हत्या के नियत से चाकू मारा है।परंतु अपराधी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। यह पुलिस की घोर लापरवाही है।उन्होंने बताया की शुभम की हालत अभी तक नाजुक बनी हुई है। शुभम की गंभीर हालत को देखते हुए घर के सभी लोग काफी चिंतित और परेशान है।बताते चले की शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज मोहल्ला निवासी संजय पांडे के 22 वर्षीय पुत्र शुभम उर्फ बम पांडे को होली पर्व के दिन सोमवार की रात करीब सात बजे अपराधियों ने किसी मामले को लेकर पेट और कंधे पर चाकू से मारकर गंभीर घायल कर दिया था। इस घटना को हमीदगंज मोहल्ला के तीन युवक राकेश विश्वकर्मा,अनिल विश्वकर्मा ,बबलू विश्वकर्मा ने अंजाम दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगो की मदद से घायल शुभम को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने शुभम पांडे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। रांची रिम्स में इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# मारवाड़ी युवा मंच, डाल्टनगंज शाखा के सदस्यों ने की गौ सेवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार सुबह सात बजे मारवाड़ी युवा मंच डाल्टनगंज शाखा के सभी सदस्य नवगठित टीम के साथ गायों का आहार लेकर के गौ सेवा की। उन्होंने अपने साथ घास-चोकर गुड़, दर्रा, चूड़ा आदि लेकर के 25 की संख्या में बैरिया बाईपास रोड स्थित गौशाला का भ्रमण किया। इससे पूर्व गत बृहस्पतिवार को मंच के संस्थापक सदस्य पीयूष तुलस्यान के प्रतिष्ठान में मारवाड़ी युवा मंच की आम बैठक सह चुनाव संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से विकास उदयपुरी को अध्यक्ष , सचिव सज्जन शंघई सचिव, संदीप केजरीवाल कोषाध्यक्ष आलोक पंसारी को उपाध्यक्ष, सह सचिव भारत सांवरिया राहुल उदयपुरी ,प्रभात अग्रवाल को निर्वाचित किया गया। गौशाला स्थित कार्यक्रम में दीपक नेमाला, अरुण शंघाई, नीरज कामदार, ज्ञानचंद, प्रभात अग्रवाल, विशाल सांवरिया, विमल उदयपुरी, अंकित तुलास्यान, मनोज भिवानियां, हेमंत सोनी, पूर्व सचिव राकेश सुरेखा, सज्जन शंघाई, राहुल उदयपुरी,पीयूष तुलस्यान, रोहित भिवानिया, नीरज अग्रवाल, अध्यक्ष विकास उदयपुरी, सचिन सत्संग, शंघाई कोषाध्यक्ष संदीप केजरीवाल एवं अन्य सदस्य शामिल हुए।

## आयोजन

### भव्य झांकी और शोभा यात्रा निकालने का निर्णय

# श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष बने पंकज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल की कमेटी का विस्तार किया गया है। नई कमेटी में पंकज कुमार जायसवाल को अध्यक्ष, विकास सिन्हा को महामंत्री बनाया गया है। वहीं, प्रधान कैप्टन के रूप में विनय ओझा, राजू चंद्रवंशी, मंटू गिरी, उत्तम सिंह को चुना गया है, जबकि कोषाध्यक्ष शशिकांत कुमार और बिट्टू कुमार को बनाया गया है। संरक्षक में युगल किशोर, दीपक सिंघानिया, मंगल सिंह, मनोज सिंह, मनोज सिंह , बिट्टू पाठक, रामनरेश स्वर्णकार, रामनाथ, चंद्रवंशी, सोनू सिंह नामधारी, आलोक



चौरसिया, आलोक सिंह उर्फ टूटू सिंह, विपिन वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, अर्जून पाण्डेय उर्फ गुरू पांडे,किशोर पांडे, बसंत जौहरी, अशोक ओझा, दीपक तिवारी के नाम हैं। ज्योति पांडेय, अमित तिवारी, रंजीत जायसवाल, रंजीत कुमार सिंह, हरिओम शंकर, पप्पू कुमार लाठ, संदीप कुमार दास, चंद्र भूषण जायसवाल, अमृत अग्रवाल, सुरेश कुमार, बंटी कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। विकास कांस्यकार, विनय शर्मा, सोनू कुमार ,चिंटू गुप्ता, राजेश रोशन, रंजीत बाबा ,कृष्णा राज ,रंजीत बर्मन ,अरविंद गुप्ता राहुल कुमार, उमा शंकर मिश्रा मंत्री बनाए गए हैं। उप प्रधान कैप्टन के रूप में राजन सहाय, रोहित चौधरी, पिंकू मिश्रा, रंजन वर्मा, राहुल अग्रवाल के नामों की घोषणा की गई है। संगठन मंत्री शुभम साहू,जितेंद्र कुमार गुप्ता, राजकुमार बर्मन, राकेश शर्मा को बनाया गया है। रथ प्रभारी धीरज और राजू बनाये गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य शशि कुमार ,विक्रम सिंह ,विकास गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव, अभिनव चटर्जी हैं। पूजा प्रभारी अनिल पाण्डेय और कैमरामैन आकाश गुप्ता बनाए गए हैं।

### भूमिका निभाने को रहें तत्पर

ज्ञात हो कि 17 अप्रैल को रामनवमी महापर्व है। इस शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने नगर मेदिनीनगर में भव्य झांकियों और विराट शोभा यात्रा निकाली जानी है। इसमें विभिन्न पूजा समितियों, पूजा पंडाल, झंडा प्रेमी, सभी की सहभागिता निश्चित है। इस अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल अपनी भूमिका निभाने हेतु तत्पर है।

## एक नजर

### कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा ।** जिला अंतर्गत सिरोई कला गांव निवासी इंद्रदेव चौधरी की पत्नी सविता देवी 32 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर घर में विवाद हुआ था। इस बात से उग्र होकर सविता देवी ने कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद स्थिति बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### टेंपो से गिरकर युवक घायल

**गढ़वा ।** गढ़वा थाना क्षेत्र के झलूवा गांव निवासी अजीम हसन अंसारी का पुत्र तबीब अंसारी 15 वर्ष टेंपो से गिरकर घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि टेंपो पर सवार होकर घर से बाजार की ओर आ रहा था। इस बीच टेंपो पर से अनियंत्रित होकर गिर गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### अवैध बालू का उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर जब्त

**गढ़वा ।** गढ़वा पुलिस ने मंगलवार की रात्रि अवैध बालू का उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। उक्त जानकारी देते हुए थाना प्रभारी के के साहू ने बताया कि जानकारी मिली थी कि तिलदाग डुमरिया मुख्य मार्ग पर अवैध बालू उत्खनन कर तीन ट्रैक्टर से ढुलाई कराया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। उन्होंने कहा कि तीनों ट्रैक्टर के मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे कि कार्रवाई की जा रही है।

### साइकिल से गिरकर 17 वर्षीय युवक घायल

गढ़वा । मझिआंव थाना क्षेत्र के जोगीबीर गांव निवासी आरिफ अंसारी का पुत्र अब्दुल मोतालिब 17 वर्ष साइकिल से गिरकर घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह साइकिल से अपने घर से पढ़ने के लिए जा रहा था।इस बीच घर से कुछ ही दूरी पर साइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, 80 फीसदी मतदान पर जोर

**गढ़वा ।** झारखंड राज्य आजीविका मिशन की दीदियों एवं एसएचजी की महिलाओं ने बुधवार को रमना प्रखंड में कार्यशाला का आयोजन किया. इसका आयोजन स्वीप के तहत मतददाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया. साथ ही भगत सिंह चौक से रैली भी निकाली गई. आमजनों के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्वीप कोषांग के तहत नैतिक मतदान एवं इवीएम वीवीपैट के संबंध में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान रंगोली, मेहंदी एवं रैली जैसे कार्यक्रमों को आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया. ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. बारी-बारी कर उक्त विषयों पर चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया.


# चिनिया में हाथियों का उत्पात जारी, डेढ़ एकड़ में फैले गेहूं की फसल को रौंदा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनीयां ।** चिनिया थाना क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत के सिगसीगा कला गांव में बीती रात हाथियों ने जमकर तांडव मचाते हुए फसलों को भारी नुकसान किया है ।बताते चले कि बीते 2 महीने पहले ही हाथियों ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में घूम-घूम कर धान मक्का की फसल सहित कई अन्य फसलों को बर्बाद करते हुए दो दर्जन से भी अधिक लोगों को घर से बेघर कर दिया है ।जिससे ग्रामीण बेहद चिंतित है उक्त पीड़ित परिवार को ना तो अभी तक मुआवजे की राशि मिली है और ना ही कोई सहयोग, वन विभाग की टीम सिर्फ पीड़ित के घर पहुंच कर मुआवजा के नाम पर मरहम लगाते हुए जरूर देखे जा सकते हैं ।जबकि हाथियों के द्वारा क्षतिग्रस्त मकान की वजह से कई गरीब परिवार या तो इस क्षतिग्रस्त घर के मलवे को हटाकर रह रहे हैं और नहीं तो खुले आसमान के नीचे तिरपाल प्लास्टिक खींचकर रह रहे हैं ।
वही बीती रात हाथियों के झुंड ने दर्जनों की संख्या में सिगसीगा कला गांव में पहुंचकर गांव के ही कैलाश यादव के दोनों पुत्र के खेतों में लगी लगभग डेढ़ एकड़ में गेहूं की फसलों को हाथियों ने रौंद डाला तथा उन्हें बर्बाद कर दिए, जिनके कारण इस पीड़ित परिवार के सामने एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है ।परिवार वालों ने बताया कि इससे पूर्व भी हाथियों ने फसलों को बर्बाद किया था, और फिर जब गेहूं की फसल पक कर तैयार है, हम लोग उसे काटने की तैयारी कर ही रहे थे कि हाथियों ने उन्हें बर्बाद कर दिया अब हम लोगों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। वही पीड़ित परिवारों ने वन विभाग से बर्बाद फसलों का मुआयना कर अविलंब मुआवजे की मांग की है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि शिगसिगा कला गांव में हाथियों के द्वारा गेहूं की फसलों को बर्बाद करने की जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम उक्त घटना स्थल पर पहुंचकर इसका मुवायना कर रही है पीड़ितों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा जरूर दिया जाएगा ।

# मतदान के दिन पुलिस आपके साथ, निडर होकर करें मतदान : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** लोकसभा चुनाव को लेकर खरौंधी थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी एवं सीआरपी के पुलिस जवानों ने प्रखंड़ के चंदनी, बजरमरवा, करिवाडीह तथा अरंगी में मतदाताओं को जागरूक किया। बुधवार की सुबह थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी उक्त पंचायत में मतदाताओं से मिलकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील किया।
थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने मतदाताओं से कहा कि मतदान के दिन पूरी तरह पुलिस प्रशासन आपके साथ है। आप किसी के दबाव में आये बिना निडर होकर मतदान करें। अगर किसी पार्टी के लोग चुनाव में आपको किसी तरह का प्रलोभन देकर मतदान करने के लिए दबाव बनाता है तो आपलोग पुलिस-प्रशासन को सूचित करें ।
प्रशासन ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र के महापर्व चल रहा है ऐसे में हम सभी को निष्पक्ष होकर मतदान करने की जरूरत है। ताकि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके। ऐसे में आप सभी निर्भिज्ञ होकर सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करना शुरू कर दे।
थाना प्रभारी ने कहा कि मतदान करना आपका अधिकार है। आपके ही एक वोट से कोई मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनता है। इसलिए जिस दिन चुनाव हो उस दिन आप बूथ पहुंचकर वोट निश्चित रूप से करे।
वहीं थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी के साथ सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस के जवानों ने भी मतदाताओं से एक-एक कर मिलकर मतदान करने की अपील किया।

## योग्यात्मक मूल्यांकन का डायट संकाय सदस्य ने किया निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** विद्यालयों कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों का वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन एस ए 2 परीक्षा का आयोजन सफल आयोजन किया जा रहा है ।बुधवार को डायट रेहला संकाय सदस्य रेखा कुमारी ने मध्य विद्यालय मझिगावां, मध्य विद्यालय अमरोरा, मध्य विद्यालय लामी का निरीक्षण किया ।मौके पर डायट सदस्य रेखा कुमारी ने बताया कि एसए2 परीक्षा कक्षा प्रथम से सातवीं तक के बच्चों का परीक्षा दो पालियों में सुबह 9.30 बजे से - 2.30 बजे तक ली जा रही है। सभी विद्यालयों में कक्षा प्रथम से सातवीं के बच्चों का एसए 2 की परीक्षा हो रही है ।उक्त विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित हो रही है ।वे काफी संतुष्ट दिखी,मध्य विद्यालय मझिगावां में निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सफल तरीके से परीक्षा लिए जाने पर काफी सराहना की ।उन्होंने बताया कि डायट के द्वारा प्रोजेक्ट रेल के तहत प्रत्येक विद्यालयों में प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को बच्चों के बीच क्षमता वर्धन के लिए प्रोजेक्ट रेल के तहत दिसम्बर 2023 से मार्च 2024 तक लिये गये सबंधित विषयों के औसत अंक आंतरिक मूल्यांकन का आधार माना जायेगा। परीक्षा चार अप्रैल तक दोनों पालियों में होगी ।मौके पर प्रधानाध्यापक कान्हू रजक,अरविंद प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद सिंह, शिक्षक राजीव कुमार सहित उक्त विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## इनकम टैक्स की रेड की अफवाह से व्यवसाइयों में मचा हड़कंप, बंद रही दुकानें





**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी / केतार।** बुधवार को लगभग तीन बजे जिले के खरौंधी और केतार बाजार के व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। जब खरौंधी बाजार के व्यवसायियों को इनकम टैक्स की रेड की उन्हें सूचना मिली। किसी ने उन्हें इनकम टैक्स तथा सेल टैक्स की टीम श्रीबंशीधर नगर एवं भवनाथपुर में घूम रही हैं। सूचना मिलते ही खरौंधी के अधिकांश व्यापारियों में खलबली मच गई। इनकम व सेल्स टैक्स टीम की धमक सुनकर खरौंधी मुख्य बाजार सहित अगल बगल के छोटे बड़े व्यवसायी धड़ाधड़ अपनी-अपनी दुकानों की शटर बंद करने लगे। हालांकि व्यवसायी वर्ग दुकानें बंद करने की वजह खुलकर नहीं बता रहे थे।
दुकान बंद कर मोबाइल से लेते रहे अपडेट बुधवार को खरौंधी में सेल्स टैक्स की टीम के पहुंचने की खबर सुन कर बाजार बंद होने में एक घंटा भी नहीं लगा। छोटे से लेकर बड़े व्यवसायी दुकानें बद कर मोबाइल से अपडेट लेते रहे। सोने चांदी के व्यावसायियों के साथ-साथ किराना दुकानें, कपड़ा व्यापार, जनरल स्टोर्स, बर्तन के व्यापारियों, वाहन पाट्‌र्स दुकान, हार्डवेयर दुकान यहां तक पान दुकान की दुकान बंद कर मोबाईल पर एक दूसरे से जानकारी लेते दिखे। वही बाजार क्षेत्र में काफी गहमा गहमी 6 बजे तक बना रहा है। सेल्स टैक्स और इनकम टैक्स के द्वारा दुकानों की जांच के अफवाह फैलते ही प्रखंड मुख्यालय केतार में भी सभी दुकानें बुधवार की दोपहर दो बजे से देर शाम तक बंद रही। बाजार में सन्नाटा पसरा रहा ।इससे दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी की सामना करना पड़ा ।कई ग्राहक बिना खरीदारी किये ही वापस लौट गये।

## दावते ए इफ्तार पार्टी का आयोजन

# रोजेदारों ने अमन-चैन, भाईचारा, शांति और खुशहाली की मांगी दुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर ।** पवित्र माह -ए- रमजान का आधा से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है वहीं रोजा इफ्तार का भी सिलसिला रफ्तार पकड़ने लगा है ।प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बरडीहा ग्राम निवासी व अंजुमन कमेटी के सेक्रेटरी डॉ ताहिर हुसैन एवं शमीम अख्तर के द्वारा अपने आवास पर दावते -ए- इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फातिया खानी किया गया। वही इफ्तार के पूर्व सभी रोजदारों ने देश में अमन चैन भाईचारे शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी। अंजुमन कमेटी के सेक्रेटरी डॉ ताहिर हुसैन ने कहा कि इस्लाम में एक माह का रोजा रखना सभी मोमीन पर फर्ज है। मुसलमान के लिए गुनाहों से मुक्ति और रोजी की तरक्की के लिए यह बड़ा अजमत वाला महीना माना जाता है। शमीम अख्तर ने कहा कि दावते ए इफ्तार पार्टी में लोग आपसी गिला शिकवा और मतभेद भुलाकर भाग लेते हैं, इसमें सभी वर्गों के लोग को भाग लेने से आपसी भाईचारा प्रेम और सौहार्द बढ़ता है। मौके पर हाफिज अब्दुल हकीम, हाफिज मनउवर, सदर मुश्ताक अहमद शेख, राहत हुसैन, रियासत अंसारी, इसहाक अंसारी, डॉ रिजवान अहमद मकबूल अहमद साबिद अंसारी, अयूब अंसारी, नसीम अख्तर, मसउवर अंसारी, असलम आजाद, साजिद रज, अमीर हसन अंसारी, अप्पू, गुलाम, मकसूद, रासिब, इंतजार, असलम, नौशाद, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मध्याह्न भोजन में सड़े सब्जी को देख, संयोजिका की लगाई क्लास



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के ताली गांव के वार्ड सदस्य फुल कुमारी देवी और प्रबंधन समिति सदस्य विजेन्द्र साह ने मध्य विद्यालय ताली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि मध्याह्न भोजन में बनने वाला सब्जी में डालने के लिए सड़ा हुआ टमाटर रखा हुआ है ।इस पर वार्ड सदस्य फुल कुमारी देवी ने संयोजिका को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आप बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं ।जब सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मेनू के अनुसार देने के लिए राशि देती है तो आप सड़ा हुआ सब्जी क्यों खिलाती है। वार्ड सदस्य फुल कुमारी देवी ने कहा कि ग्रामीणों और बच्चों द्वारा हमेशा शिकायत मिलता हैं कि मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं मिलता है।
हालांकि प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय ने भी सड़ा हुआ टमाटर की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि सड़ा हुआ टमाटर हटाकर ताजा सब्जी मंगा कर बनवाया गया ।अब ऐसा नहीं होगा।
इस सम्बन्ध में बीपीएम रवि कुमार बैद ने कहा कि वार्ड सदस्य द्वारा लिखित आवेदन देने पर कार्रवाई की जायेगी।

## लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मायर गांव में लोकहित अधिकार पार्टी का बैठक आयोजित की गई।
बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम भजन गुप्ता और संचालन प्रदीप गुप्ता ने की। इस अवसर पर लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने पार्टी को सशक्त बनाने और लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी सनन भुइयां को विजयी बनाने की अपील किया।
उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती के लिए कार्यकताओं को मेहनत करना होगा। वहीं लोकसभा प्रत्याशी सनन भुइयां ने कहा कि घर के बेटे को लोकसभा चुनाव में विजयी बनाए और सेवा करने का अवसर दीजिए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अजहर आलम, जिला अध्यक्ष पलामू अशोक प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष गढ़वा अनील पासवान, सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, संजय वर्मा, ब्रह्मदेव गुप्ता, मनोरंजन गुप्ता, शिव वरण साह, अशोक पासवान, राजनाथ राम, गोपाल सिंह, अनील भुइयां , लालजी राम भुइयां, पंकज कुमार, जसमुदिन अंसारी, रमेश राम, कृष्णा साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शिक्षक फरमा रहे आराम, 8वीं कक्षा के छात्र ले रहे क्लास



>> इस समय प्रधान शिक्षक मनोज कुजूर ही केवल अपने वर्ग में उपस्थित पाए गये, और सहायक अध्यापक,शिक्षक कक्ष में आराम फरमाते रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना ।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग 2 में बुधवार को हो रही वार्षिक परीक्षा से विद्यालय पोशाक में नहीं आये छात्रों को सहायक अध्यापक और एक शिक्षक के द्वारा विद्यालय में परीक्षा देने से मना किया गया और छात्रों को घर भेज दिया गया, घर पहुँचे छात्रों नें अपने पिता को इसकी जानकारी दी, इसके बाद छात्र के पिता राजेश कुमार विद्यालय पहुँच कर इस बारे में शिक्षकों से जानकारी लिए तो शिक्षक रविंद्र पाल बोले कि बच्चा एक वर्ष से विद्यालय में बिना पोशाक के आ रहा है, ऐसा क्यों इस पर छात्र के पिता बोले कि अभी तक बच्चा को पोशाक नहीं मिला है और ना ही पोशाक के लिए सरकारी पैसा । क्या बच्चा बिना पोशाक के स्कूल में परीक्षा नहीं देगा,तब जाकर शिक्षक बोले कि बच्चा परीक्षा देगा,लेकिन ड्रेस ले लीजिए बाजार से। इस समय प्रधान शिक्षक मनोज कुजूर ही केवल अपने वर्ग में उपस्थित पाए गये, और सहायक अध्यापक,शिक्षक कक्ष में आराम फरमाते रहे, वर्ग एक में बाहर से दरवाजा बंद था, जब दरवाजा खोल कर देखे तो बच्चों को बच्चे ही पढ़ा रहे थे, जब उनसे पूछा तो बोले कि हमलोग आठ क्लास के है हमलोगों को सर भेजें है। इस सम्बन्ध में मुख्य शिक्षक मनोज कुजूर बताये कि इस वर्ग के शिक्षिका अवकाश में है। जिसके वजह से आठ क्लास के बच्चों को पढ़ाने को बोले, और यदि बच्चों को कोई शिक्षक विद्यालय से बाहर भेजें तो इस बारे में हमको नहीं पता बच्चा को इस बात कि जानकारी हमको देना चाहिए था।

## न्यूज बॉक्स

### ग्रामीणों को नल-जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव के 20 घरों के ग्रामीणों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत लगे नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी हो रही है ।मुकुन्दपुर गांव में बब्लू चौबे के घर के पास सोलर जलमीनार लगाया गया है ।उक्त जल मीनार से 20 घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए नल लगाया गया है। लेकिन ग्रामीणों के घरों में एक बुंद भी नल से जल नहीं पहुंच रहा है। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण शिव भरोष सिंह, मिथलेश ठाकुर, अकलू साह, सतेश चौबे, भोलू ठाकुर, प्रमोद ठाकुर ने बताया की 55 फीट बोरिंग किया गया था ।जो बोरिंग भरा गया है इसके बाद भी संवेदक द्वारा सोलर जलमीनार एक महीना पूर्व लगा दिया गया ।संवेदक द्वारा सभी ग्रामीणों से अधार कार्ड का छायाप्रति भी ले लिया गया है। इसकी शिकायत संवेदक से करने पर टालमटोल कर ग्रामीणों की बातों को नजरंदाज कर रहा है। इधर इस सम्बन्ध में नल-जल योजना का कार्य करा रहे संवेदक के सुपरवाइजर ने कहा कि बोरिंग भर गया है दस दिन के अंदर बोरिंग साफ कराकर या दूसरा बोरिंग कराकर ग्रामीणों के घरों में पानी सप्लाई शुरू कराया जायेगा।

### मुमताज राही की माँ का हुआ निधन



**श्री बंशीधर नगर ।** मिलिनियम पब्लिक स्कूल निदेशक मुमताज राही की 74 वर्षीय मां मैमून बीबी का निधन मंगलवार की शाम में हो गई। जानकारी के अनुसार वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी। मंगलवार के शाम में अचानक सांस में लेने दिक्कत होने पर परिजनों के द्वारा हॉस्पिटल ले जाने लगे रास्ते में ही उनकी निधन हो गई। उनका शव गोसाईबाग स्थित कब्रिस्तान में बुधवार को सुपुर्द खाक किया गया। मौत के सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। जनाजे नमाज में मुफ़्ती महमूद आलम, सदर तौहिद खान,शमीम खान,तस्लीम खान,महमूद आलम,नसीर अंसारी, शमीम अंसारी,खुर्शीद खान,अलिबास अंसारी,जैनुल अंसारी,मंजूर आलम,हाजी अतीकुल्लाह खलीफा,हाजी कुतबुद्दीन अंसारी,मुश्ताक अहमद शेख,मौलाना एजाज अंजुम,मौलना अब्दुल कादिर, जदयू नेता रवि प्रकाश बबलू, नागेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार,असगर अंसारी,सुहेल आलम सहित अन्य लोग का नाम शामिल है।

### नप कर्मी मौत मामला,आकांक्षा इंटरप्राइजेज व कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

गढ़वा । नगर परिषद में आकांक्षा इंटरप्राइजेज नामक कंपनी में कचड़ा अवशिष्ट प्रबंधन सुपरवाइजर विकास चौधरी के मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजन को सौंप दिया गया। इस घटना को लेकर मृतक के परिजन आकांक्षा इंटरप्राइजेज व कार्यपालक पदाधिकारी गढ़वा के विरोध में सदर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराते हुए न्याय का गुहार लगाया है। उक्त आवेदन में कहा गया है कि बिना सेफ्टी किट व बिना टेक्निकल जानकारी के किसी से कार्य करना बहुत बड़ी लापरवाही है। साथ ही उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा उनसे जबरदस्ती 12 से 14 घंटे काम लिया जाता था। मना करने पर दबाव भी बनाया जाता था। मृतक के परिजनों ने कहा कि जल्द से जल्द दोषी पर कार्रवाई हो। इस संबंध में थाना प्रभारी केके साहू ने कहा कि मृतक के परिजन के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा कराएं मुहैया : बीडीओ



**गढ़वा ।** लोकसभा चुनाव कार्यों के सफल संचालन के विए गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण ने प्रखंड के सभी कर्मियों के साथ बैठक की. एएमएफ से संबंधित मुद्दे पर चर्चा की गयी. बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी पोलिंग बूथों पर एएमएफ से संबंधित किसी प्रकार की समस्या न ह., इसका विशेष ध्यान रखा जाय. अगर किसी मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधाओं की कमी है तो उसका निराकरण समय कर लें, ताकि चुनाव संबंधी कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके. मतदान कर्मियों को दुविधाओं का सामना न करना पड़े. बैठक में कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### आरकेस्ट्रा प्रतियोगिता में आयुष ने जीता स्वर्ण पदक

**लातेहार।** शहर के ग्राम होटवाग निवासी ध्रुव कुमार पांडेय के सुपुत्र आयुष कुमार पांडेय ने पंजाब फोक आरकेस्ट्रा को प्रतिनिधित्व कर प्रथम पुरूस्कार प्राप्त किया हैं। ज्ञात हो कि पंजाब के पीएयू (पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी) में एक कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च से 1 अप्रैल तक किया गया था। जिसमें लातेहार के आयुष कुमार पांडेय ने भी भाग लिया था। इस संबंध में आयुष कुमार ने बताया कि एआईयू (एसोसिएशन का ऑल इंडियन यूनिवर्सिटी ) में म्यूजिक कैटेगरी के फॉक आर्केस्ट्रा में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब के तरफ से फोक आर्केस्ट्रा में बांसुरी और बीन बजा कर पंजाब फोक आरकेस्ट्रा को रिप्रेजेंट कर फर्स्ट प्राइज मिला। उन्होंने बताया कि करीब 130 यूनिवर्सिटी पूरे देश से इस 37वां इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में भाग लिया था।

### घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे भाजपाई

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के सिल्वर स्प्रिंग चिल्ड्रेन स्कूल परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय भाजपा की संगठनात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह उपस्थित थे। बैठक में कार्यकताओं को बूथ स्तर पर जाने के साथ मतदाताओं से संपर्क करने का आह्वान किया गया। विशेष कर महिला मतदाताओं से मिलने व पार्टी के पक्ष में मतदान करने को ले प्रेरित करने को कहा गया। बैठक भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, सहित थे।

### वनविभाग की बड़ी कार्रवाई, बोटा लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**कुंदा(चतरा)।** वन विभाग ने लकड़ी माफिया के विरुद्ध कुंदा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग टीम को लकड़ी तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है। विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुंदा उत्तरी वन क्षेत्र के अंतर्गत बुटकुईया एवं खुशियाला बॉर्डर के जंगल से वन विभाग ने दो ट्रैक्टर पर लदा साले प्रजाति के 40 पीस लकड़ी का बोटा जब्त किया है। प्रभारी वनपाल मुन्ना उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में लकड़ी तस्कर, तस्करी के उद्देश्य से जंगल से बेस कीमती लकड़ी काटकर ट्रैक्टर से ले जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जब टीम खुशियाला जंगल पहुंची तो तस्कर वन विभाग की टीम को देखकर भाग निकलें। प्रभारी वनपाल ने आगे बताया कि तस्कर कौन है और ट्रैक्टर किसकी है पता लगाया जा रहा है। जांच पड़ताल कर आगे की कारवाई की जाएगी। छापामारी अभियान में कुटिल बिट के प्रभारी वनपाल नितेश कुमार, वनरक्षी मुकेश कुमार, दिवाकर कुमार दास, शिवकुमार सिंह, रविशंकर आदि शामिल थे।

# वाहन चेकिंग अभियान में कार से 5 लाख 65 हजार बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरवाडीह थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी ललित मीणा के निर्देश पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कमलेश कुमार सिंह एवं सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह द्वारा बरवाडीह सीआरपीएफ कैंप पेट्रोल पंप के सामने बरवाडीह मेदनी नगर मुख्य सड़क में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मेदनीनगर से बरवाडीह की ओर आ रही हैरियर गाड़ी संख्या जेएच 03 एएम 1077 को जांच किया गया। जिसमें 5 लाख 65 हजार नगदी रकम जब्त की गई। दंडाधिकारी ने कमलेश कुमार सिंह ने इसकी सूचना बरवाडीह सब इंस्पेक्टर राधे श्याम कुमार को दी गई । जिसके बाद उड़न दस्ता टीम के दंडाधिकारी जितेंद्र सिन्हा , सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार की उपस्थिति में नोटों की गिनती की गई। इस संबंध में बताया गया




कि कार औरंगाबाद निवासी बरवाडीह रेलवे संवेदक रविंद्र सिंह का है जो रुपए के साथ बरवाडीह आ रहा था। सवेंदक रविंद्र सिंह कार सवार ने जब्त रकम के संबंध में किसी तरह का संतुष्ट जवाब नहीं दिया है। बरवाडीह पुलिस ने कार एवं जप्त रुपए को थाना लाकर प्राथमिकी दर्ज करने की आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया। वही आज चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में कई छोटे वाहनों को भी जब्त किया गया है।

## प्रखंडकर्मियों को बीडीओ ने मतदान से संबंधित दी जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू ।** प्रखण्ड सह अंचल कर्यालय सभागार परिसर में निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ नन्द कुमार राम की अध्यक्षता में लोक सभा चुनाव को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में उपस्थित सभी प्रखंडकर्मियों को लोक सभा चुनाव की तिथि 20 मई को निर्धारित होने के सदर्भ में चुनाव से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। वहीं बताया गया कि मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। इसलिए स्वयं और अपने परिवार के पास पड़ोस के लोगों का नाम चुनाव के पूर्व ही सत्यापन कर लेने के लिए सुझाव दिया गया। सभी सदस्यों को लोक सभा चुनाव 2024 के क्रम में नैतिक मतदान के प्रति सधन्यवाद बैठक की गई। वही निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ नन्द कुमार राम ने उपस्थित लोगों से 20 मई को मतदान के दिन अपने गांव मुहल्ले व घरों से भारी से भारी संख्या में निकलकर मतदान करने की अपील की। मौके पर निर्वाचन सहायक आलोक दुबे,केतन गुप्ता, लेखापाल रवि यादव, जई आशीष गुप्ता, रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव,पंकज पाण्डेय,नमन कुमार, सुरेंद्र सहित सभी प्रखंडकर्मी उपस्थित थे.

## जनता की मांग पर भाजपा ने दिया पहली बार स्थानीय प्रत्याशी : कालीचरण सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड के लेम्बोइया बगीचा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार व संचालन महामंत्री बिरोचन गिरी ने किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सांगठनिक दृष्टिकोण से लाभार्थी संपर्क अभियान माईक्रो डोनेशन, लोकसभा संचालन समिति का गठन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता शामिल हुए। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत को लेकर चर्चा की गई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा की जनता के द्वारा स्थानीय प्रत्याशी की मांग पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने पहली बार चतरा लोकसभा की जनता की मांग को



गंभीरता से लिया व चतरा प्रखंड के छोटे से गांव सोनबिघा गांव से प्रत्याशी बनाया। मौके पर नंदकिशोर सुलभ, विनय सिंह, सुमन सौरभ, उज्वल दास, अमित तिवारी, बीरबल दांगी, मनीष कुमार सिंह, बृजेश सिंह, विमल सिंह, कुसुमलता कुशवाहा, प्रमिला देवी, मंजू देवी,जीतनारायण दांगी, जीतन राम समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। साथ ही चतरा प्रेस क्लब चुनाव जितने वाले सचिव जितेंद्र तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा को माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## एसीबी ने रिश्वत लेते कोल डिस्पैच अधिकारी को रंगेहाथ दबोचा, पूछताछ जारी

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना में सीसीएल अधिकारी व कर्मी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं। परियोजना प्रारंभ से ही अवैध वसूली का खेल जारी है। पिछले एक पखवाड़े के अंदर दूसरी बार एसीबी की टीम दस्तक दिया है। सूत्रों के मुताबिक एक कोल कारोबारी लिफ्टर से रकम मांगी गई थी। जिसकी शिकायत कारोबारी ने एसीबी टीम से की थी। बुधवार को टीम के एक दर्जन अधिकारी आम्रपाली कोल परियोजना में छापेमारी को पहुंचे। इस दौरान कोल कारोबारी से 50 हजार रिश्वत लेते जीतन गांझू को टीम ने धर दबोचा। बताया गया कि कोल डिस्पैच पदाधिकारी सुधांशु शर्मा के नाम से मोटी रकम लिया गया था। जिसके बाद श्री शर्मा को टीम ने हिरासत में लेकर कोयलांचल में सनसनी मचा दी है। टीम ने सुधांशु शर्मा से लंबी पूछताछ की तो उन्होंने




कई बड़े खुलासे किए हैं, सूत्रों की माने तो श्री शर्मा ने सीबीआई टीम को बताया कि रिश्वत कोल कारोबारी से तेरह रूपए प्रति टन ली जाती है। वसूल की गई रकम महाप्रबंधक तक पहुंचती है। जिसके बाद टीम आग बबूला हो गई । टीम ने महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह से भी पूछताछ कर रही है। बताया गया कि एसीबी के एक दर्जन अधिकारी दस बजे दिन से ही जाल बिछा लिया था। तीन बजे दिन जैसे ही कोल कारोबारी ने रिश्वत दिया, पहले से घात लगायें अधिकारियों ने दबोच लिया। रिश्वत की रकम कितनी है यह साफ नहीं हो पाया है, पर घूस की रकम बड़ी थी। बताते चलें कि पिछले 19 मार्च को एसीबी टीम ने 25 हजार घूस लेते सिविल विभाग के जेई रामभज्जू को गिरफ्तार किया था। इस प्रकार पिछले 12 दिनों में सीसीएल में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े प्रहार से अधिकारियों के बीच हड़कंप मचा गया है। वैसे अबतक एसीबी टीम ने अबतक इसकी पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों से पूछताछ जारी है।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए डीसी ने मतदाताओं को दिलाई शपथ

**कुंदा(चतरा)।** जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड कुंदा के विभिन्न क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने विभिन्न मतदान केंद्रों व क्लस्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काहा की चुनाव को लेकर प्रशासन की लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी हैं। वहीं उपायुक्त ने मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि किसी के प्रलोभन में नहीं रहना है, जो आपको श्रेष्ठ लगे उसे निर्भीक होकर मतदान करें। भ्रमण के दौरान कुन्दा, खपहिया, मेदवाडीह,आसेदेरी समेत कई बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्लस्टर केंद्रों में सेक्टर दंडाधिकारियों, मतदान कर्मियों के आवास को लेकर की गई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

## प्रधानाध्यापक की लापरवाही, शौचालय में लगा ताला, खुले में जा रहे छात्र

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** कामता पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय हिसरी का जायजा लिया, छात्र छात्राओं की सुविधा और परीक्षा की जानकारी ली, स्कूल जाने के क्रम में अयुब खान की नजर बरतु बांध की ओर जा रहे स्कूल के दूसरी कक्षा के तीन छात्रों पर पड़ी, बच्चों से पुछे जाने पर बताया कि बांध में शौच के लिए जा रहे हैं। बच्चों ने बताया कि स्कूल के शौचालय पर ताला लगा रहता है इस लिए शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है।



अयुब खान ने कहा कि स्कूल में इस समय परीक्षा चल रही है, विद्यालय में शौचालय भी है ऐसे मे इस भीषण गर्मी में स्कूल के शौचालय मे ताला लगाकर रखा जा रहा है, छात्रों को शौच के लिए बाहर जाने के लिए विवश किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि बरतु बांध में इस समय करीब चार से पांच फीट पानी है, छात्रों के साथ किसी तरह अनहोनी की आशंका है। जानबूझकर उनके जान को खतरे में डाला जा रहा है, देश के भविष्य और नवनिहाल छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य को बताया कि स्कुल के शौचालय मे हमेशा ही ताला लगाकर बंद रखा जाता है, प्रत्येक दिन शौच के लिए स्कूल के दर्जन भर से अधिक बच्चे बांध तलाब की ओर हमेशा भटकते रहते हैं।

यह प्रधानाध्यापक की घोर लापरवाही है और स्कूल के बच्चों के साथ अन्याय है, अयुब खान ने इस मामले पर डीएसई कविता खलखो से छात्र छात्राओं के हित में कार्रवाई करने की मांग की है।

## बाइक से बंधा पिता-पुत्र का शव तालाब से बरामद

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चमातू ग्राम के तिलैयाताड़ टोला में बुधवार को एक डैम से पिता व दो बच्चों को रस्सी से मोटरसाइकिल में बंधा शव तालाब से बरामद की गई है। मृतक की पहचान तिलैयाताड़ टोला निवासी विनोद उरांव पिता करमा उरांव एवं प्रिया कुमारी, अंकित उरांव पिता विनोद उरांव के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में परिजन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विनोद सीसीएल कर्मी है जो अपने दोनों बच्चे को मैक्लुसीगंज स्थित डॉन बॉस्को स्कूल रविवार को लगभग 4:00 बजे मोटरसाइकिल से पहुंचाने हॉस्टल से निकला था, पर तीन दिन बीत जाने के बाद भी विनोद घर वापस नहीं लौटा। वहीं परिजन द्वारा खोजबीन करने पर बच्चे डॉन बॉस्को स्थित हॉस्टल और किसी परिजन के यहां भी नहीं था और ना ही काम पर गया था। जब तिलैया ताड़ डैम के इर्द गिर्द मृतक विनोद का हेलमेट मोबाइल आदि आसपास बिखरा हुआ मिला, तो परिजन और ग्रामीण डैम में खोजबीन की तो रस्सी से बंधा हुआ पिता पुत्र का शव पानी में गला हुआ मोटरसाइकिल सहित मिला। जिसकी तुरंत सूचना अमरवाड़ी पिकेट पर दी गई। इसके बाद घटना की सूचना पाते ही बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार एवं बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन कर रहे हैं। प्रथम दृष्टि से लगता है कि यह हत्या कर लोगों को रस्सी से बांधकर डैम में फेंक दिया गया हो ।हालांकि हर पहलूओं पर पुलिस बारिकी से छानबीन कर रही है, वहीं इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है और परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

# समाहरणालय, लातेहार

(निर्वाचन शाखा)

## आम-सूचना

लोकसभा आम चुनाव – 2024 के क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार एवं महुआडांड़ से जिलान्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के उत्क्रमण एवं पूर्व के नाम में त्रुटि सुधार के लिए कुल 71 + 07 = 78 मतदान केन्द्र तथा कुल 11 अनुभाग के नाम में त्रुटि सुधार हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय आदेश ज्ञापांक 446/निर्वा0, दिनांक 31.03.2024 एवं ज्ञापांक 482/निर्वा0, दिनांक 01.04.2024 द्वारा स्वीकृति दी गयी है। तदोपरांत संदर्भित मतदान केन्द्रों/अनुभागों के परिवर्तित नाम की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| Sl. No. | AC | Part No. | Old Part Name (in English) | Old Part Name (in Hindi) | Corrected Part Name (in English) | Corrected Part Name (in (in Hindi) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 73 Manika | 91 | P.S.Rankikhurd | प्रा0वि0 रांकीखुर्द | Govt. UMS Rankikhurd | राजकीयकृत उत्क्र0म0वि0 रांकीखुर्द |
| 2 | | 106 | P.S. Sadhwadih E. Part | प्रा0वि0 सधवाडीह (पू0 भाग) | Govt. PS Sadhwadih (E. Part) | रा0प्रा0वि0 सधवाडीह (पू0 भाग) |
| 3 | | 107 | P.S. Shadhwadih W. Part | प्रा0वि0 सधवाडीह (प0 भाग) | Govt. PS Sadhwadih (W. Part) | रा0प्रा0वि0 सधवाडीह (प0 भाग) |
| 4 | | 108 | GOVERMENT MIDDLE SCHOOL NAMUDAG NORTH PART | रा0म0वि0 नामुदाग (उ0 भाग) | Govt. Urdu MS Namudag (N. Part) | रा0 उर्दु म0वि0 नामुदाग (उ0 भाग) |
| 5 | | 109 | GOVERMENT MIDDLE SCHOOL NAMUDAG SOUTH PART | रा0म0वि0 नामुदाग (द0 भाग) | Govt. Urdu MS Namudag (S. Part) | रा0 उर्दु म0वि0 नामुदाग (द0 भाग) |
| 6 | | 115 | U.M.S. Aragdih Mandhaniyan | उ0म0वि0 अगरडीह मंधनियां | UMS Mandhaniya | उ0म0वि0 मंधनियां |
| 7 | | 123 | U.H.S. Sevan | उत्क्र0 उच्च वि0 सेवन | UMS Sewan | उ0म0वि0 सेवन |
| 8 | | 157 | U.M.S. Karmahi (Dundu) | उ0म0वि0 करमाही दुन्दु | UMS Karmahi | उ0म0वि0 करमाही |
| 9 | | 176 | UPGRADED HIGH SCHOOL KUMANDIH | उत्क्र0उच्च वि0 कुमण्डीह | Upgraded +2 HS Kumandih | उत्क्र0 +2 उच्च विद्यालय कुमण्डीह |
| 10 | | 215 | M.S. Saryu E. Part | मध्य विद्यालय, सरयू (पूर्वी भाग) | Upgraded +2 High School, Saryu E. Part | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, सरयू (पूर्वी भाग) |
| 11 | | 216 | M.S. Saryu W. Part | मध्य विद्यालय, सरयू (पश्चिमी भाग) | Upgraded +2 High School, Saryu W. Part | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, सरयू (पश्चिमी भाग) |
| 12 | 74 Latehar | 54 | P.S. AMARWADIH E. PART | प्रा0वि0 अमरवाडीह पूर्वी भाग | U.M.S. FULBASIYA ALIAS AMARWADIH E. PART | उत्क्रमित मध्य वि0, फुलबसिया एलियास अमरवाडीह पूर्वी भाग |
| 13 | | 55 | P.S. AMARWADIH W. PART | प्रा0वि0 अमरवाडीह प0 भाग | U.M.S. FULBASIYA ALIAS AMARWADIH W. PART | उत्क्रमित मध्य वि0, फुलबसिया एलियास अमरवाडीह पश्चिमी भाग |
| 14 | | 249 | U.M.S. Hundru | उ.म.वि. हुण्डरू | PRIMARY SCHOOL HUNDRU | प्राथमिक विद्यालय हुण्डरू |
| 15 | | 262 | U.H.S. Banhardi E. Part | उ0उ0वि0 बनहरदी पू0 भाग | U.M.S. Banhardi E. Part | उ0म0वि0 बनहरदी (पूर्वी भाग) |
| 16 | | 263 | U.H.S. Banhardi W. Part | उ0उ0वि0 बनहरदी प0 भाग | U.M.S. Banhardi W. Part | उ0म0वि0 बनहरदी (पश्चिमी भाग) |
| 17 | 74 Latehar | 275 | M.S.Sasang E. Part | म0वि0 सासंग पूर्वी भाग | R.M.S. Sasang (E. Part) | राजकीयकृत म0वि0 सासंग (पू0 भाग) |
| 18 | | 276 | M.S.Sasang W. Part | म0वि0 सासंग पश्चिमी भाग | R.M.S. Sasang (W. Part) | राजकीयकृत म0वि0 सासंग (प0 भाग) |
| 19 | | 277 | U.M.S.Kita | उ0म0वि0 किता | R.U.M.S. Kita | राजकीयकृत उ0म0वि0 किता |
| 20 | | 278 | M.S. Sons N. Part | म0वि0. सोंस उतरी भाग | R.M.S. Sons ( N. Part) | राजकीयकृत म0वि0 सोंस (उ0 भाग) |
| 21 | | 279 | M.S. Sons S. Part | म0वि0 सोंस दक्षिणी भाग | R.M.S. Sons ( S. Part) | राजकीयकृत म0वि0 सोंस (द0 भाग) |
| 22 | | 280 | M.S. Aan E. Part | म0वि0 आन पूर्वी भाग | R.M.S. Aan (E.Part) | राजकीयकृत म0वि0 आन (पू0 भाग) |
| 23 | | 281 | M.S. Aan W. Part | म0वि0 आन पश्चिमी भाग | R.M.S. Aan (W.Part) | राजकीयकृत म0वि0 आन (प0 भाग) |
| 24 | | 282 | U.M.S. Pannatand | उ0म0वि0 पन्नाटांड | R.U.M.S. Pannatand | रा0उ0म0वि0 पन्नाटांड |
| 25 | | 283 | U.P.S. Rud | उ0प्रा0वि0 रूद | R.P.S. Rud | रा0प्रा0वि0 रूद |
| 26 | | 284 | P.S. Chetar | प्रा0वि0 चेटर | R.P.S. Chetar | रा0प्रा0वि0 चेटर |
| 27 | | 285 | U.M.S. Rakhant | उ0म0वि0 रखात | R.U.M.S. Rakhant | रा0उ0म0वि0 रखात |
| 28 | | 291 | U.M.S. Chakala E. Part | उ0म0वि0 चकला पू0 भाग | R.U.M.S. Chakala E. Part | रा0उ0म0वि0 चकला पू0 भाग |
| 29 | | 292 | U.M.S. Chakala W. Part | उ0म0वि0 चकला प0 भाग | R.U.M.S. Chakala W. Part | रा0उ0म0वि0 चकला प0 भाग |
| 30 | | 293 | U.M.S. Chakala M. Part | उ0म0वि0 चकला म0 भाग | R.U.M.S. Chakala M. Part | रा0उ0म0वि0 चकला म0 भाग |
| 31 | | 294 | U.M.S. Ambatanr | उ0म0वि0 अम्बाटांड़ | R.U.M.S. Ambatanr | रा0उ0म0वि0 अम्बाटांड़ |
| 32 | | 295 | P.S. Mahuatanr | प्रा0वि0 महुआटांड़ | U.P.S. Tilaiyadamar | उ0प्रा0वि0 तिलैयादामर |
| 33 | | 297 | U.M.S. Nagar | उ0म0वि0 नगर | R.U.M.S. Nagar | रा0उ0म0वि0 नगर |
| 34 | | 298 | P.S. Tudhamu | प्रा0वि0 टुढ़ामु | R.P.S. Tudhamu | रा0प्रा0वि0 टुढ़ामु |
| 35 | 74 Latehar | 299 | U.M.S. Alodiya | उ0म0वि0 अलौदिया | R.U.M.S. Alodiya | रा0उ0म0वि0 अलौदिया |
| 36 | | 304 | P.S. Railway Colony | प्रा0वि0 रेलवे कॉलोनी | R.P.S. Railway Colony | रा0प्रा0वि0 रेलवे कॉलोनी |
| 37 | | 306 | U.M.S. Chatuag | उ0म0वि0 चटुआग | R.U.M.S. Chatuag | रा0उ0म0वि0 चटुआग |
| 38 | | 308 | M.S. Kamta | म0वि0 कामता | R.G.M.S. Kamta | रा0क0म0वि0 कामता |
| 39 | | 305 | M.S. Damodar | म0वि0 दामोदर | R.K.M.S. Damodar | रा0कृ0म0वि0 दामोदर |
| 40 | | 309 | U.M.S. Hisri | उ0म0वि0 हिसरी | R.P.S. Hisri | रा0प्रा0वि0 हिसरी |
| 41 | | 313 | P.S. Patratoli (N.Part) | प्रा0 वि0 पतराटोली(उ भाग) | R.P.S. Patratoli (N.Part) | रा0 प्रा0 वि0 पतराटोली(उ भाग) |
| 42 | | 314 | P.S. Patratoli (S.Part) | प्रा0 वि0 पतराटोली(द भाग) | R.P.S. Patratoli (S.Part) | रा0 प्रा0 वि0 पतराटोली(द भाग) |
| 43 | | 315 | AWC Chandwa | आंगनबाडी केन्द्र चन्दवा | AWC Tilaiyatand, Chandwa | आंगनबाडी केन्द्र तिलैयाटॉड,चन्दवा |
| 44 | | 317 | G.M.S. Chandwa (E Part) | बा0म0वि0 चन्दवा (पू0 भाग) | R.G.M.S. Chandwa (E Part) | रा0बा0म0वि0 चन्दवा (पू0 भाग) |
| 45 | | 318 | G.M.S. Chandwa (W Part) | बा0म0वि0 चन्दवा (प0 भाग) | R.G.M.S. Chandwa (W Part) | रा0बा0म0वि0 चन्दवा (प0 भाग) |
| 46 | | 319 | M.S. Chandwa N. Part | म0वि0 चन्दवा उ0 भाग | R.M.S. Chandwa N. Part | रा0म0वि0 चन्दवा उ0 भाग |
| 47 | | 320 | M.S. Chandwa S. Part | म0वि0 चन्दवा द0 भाग | R.M.S. Chandwa S. Part | रा0म0वि0 चन्दवा द0 भाग |
| 48 | | 323 | U.M.S. Boda | उ0म0वि0 बोदा | R.K.P.S. Boda | रा0कृ0प्रा0वि0 बोदा |
| 49 | | 326 | U.M.S. Haka W. Part | उ0म0वि0 हाका प0 भाग | R.P.S. Haka W. Part | रा0प्रा0वि0 हाका प0 भाग |
| 50 | | 327 | U.M.S. Haka E. Part | उ0म0वि0 हाका पू0 भाग | R.P.S. Haka E. Part | रा0प्रा0वि0 हाका पू0 भाग |
| 51 | | 331 | U.M.S Jamira N. Part | उ0म0वि0 जमीरा उ0 भाग | R.K.P.S. Jamira N. Part | रा0प्रा0वि0 जमीरा (उ0 भाग) |
| 52 | | 332 | U.M.S Jamira W. Part | उ0म0वि0 जमीरा द0 भाग | R.K.P.S. Jamira W. Part | रा0प्रा0वि0 जमीरा (द0 भाग) |
| 53 | | 333 | U.M.S Jamira M. Part | उ0म0वि0 जमीरा म0 भाग | R.K.P.S. Jamira M. Part | रा0प्रा0वि0 जमीरा (म0 भाग) |
| 54 | | 334 | U.M.S. Mahuwamilan E.Part | उ0म0वि0 महुआमिलान पू0 भाग | R.U.M.S. Mahuwamilan E. Part | रा0उ0म0वि0 महुआमिलान (पू0 भाग) |
| 55 | | 335 | U.M.S. Mahuwamilan W.Part | उ0म0वि0 महुआमिलान प0 भाग | R.U.M.S. Mahuwamilan W. Part | रा0उ0म0वि0 महुआमिलान (प0 भाग) |
| 56 | | 336 | U.H.S. Roll | उ0उ0वि0 रोल | Justice L.P.N.Sahdev. U.H.S. Roll | जस्टिस एल0पी0एन0 शाहदेव उ0उ0वि0 रोल |
| 57 | | 337 | U.M.S. Marmar | उ0म0वि0 मरमर | R.U.M.S. Marmar | रा0उ0म0वि0 मरमर |
| 58 | | 338 | M.S. Loharsi | म0वि0 लोहरसी | R.K.M.S. Loharsi | रा0कृ0म0वि0 लोहरसी |
| 59 | | 339 | U.M.S. Ganiyari | रा0म0वि0 गनियारी | R.M.S. Ganiyari | रा0म0वि0 गनियारी |
| 60 | | 343 | U.M.S. Kali | उ0म0वि0 काली | R.U.M.S. Kali | रा0उ0म0वि0 काली |
| 61 | | 344 | U.M.S. Dumaro E. Part | उ0म0वि0 डुमारो पू0 भाग | R.U.M.S. Dumaro E. Part | रा0उ0म0वि0 डुमारो (पू0 भाग) |
| 62 | | 345 | U.M.S. Dumaro W. Part | उ0म0वि0 डुमारो प0 भाग | R.U.M.S. Dumaro W.Part | रा0उ0म0वि0 डुमारो (प0 भाग) |
| 63 | | 348 | U.M.S. Dudhimati | उ0म0वि0 दुधिमाटी | R.K.U.M.S. Dudhimati | रा0कृ0उ0म0वि0 दुधिमाटी |
| 64 | | 349 | U.H.S. Ladhup | उ0 उच्च वि0 लाधुप | R.K.U.H.S. Ladhup E. Part | रा0कृ0उ0 उच्च वि0 लाधुप (पू0 भाग) |
| 65 | | 350 | P.S. Pirdag | प्रा0वि0 पिरदाग | R.K.U.H.S. Ladhup W. Part | रा0कृ0उ0 उच्च वि0 लाधुप (प0 भाग) |
| 66 | | 351 | U.M.S. Manatu | उ0म0वि0 मनातू | R.U.M.S. Manatu | रा0उ0म0वि0 मनातु |
| 67 | | 352 | P.S. Senha | प्रा0वि0 सेन्हा | U.P.S. Senha | उ0प्रा0वि0 सेन्हा |
| 68 | | 353 | U.M.S. Ara | उ0म0वि आरा | R.P.S. Ara | रा0प्रा0वि0 आरा |
| 69 | 74 Latehar | 354 | U.H.S. Rud | उ0उच्च वि0 रूद | S.H.S.Rud | स्तरोन्नत उच्च वि0 रूद |
| 70 | | 357 | U.M.S. Madma | उ0म0वि0 मड़मा | R.U.M.S. Madma | रा0उ0म0वि0 मड़मा |
| 71 | | 358 | P.S. Betar Nawatar | प्रा0वि0 बेतर | R.M.S. Betar Nawatar | रा0म0वि0 बेतर नावाटांड़ |

| Sl. No. | AC | Part No. | Old Part Name (In English) | Old Part Name (In Hindi) | Corrected Part Name (In English) | Corrected Part Name (In Hindi) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 74 | 299 | R.U.M.S. Alodiya | रा0उ0म0वि0 अलौदिया | R.U.M.S. Alodiya E. Part | रा0उ0म0वि0 अलौदिया पू0 भाग |
| 2 | 74 | 301 | U.M.S. Alaudiya W. Part | उ0म0वि0 अलौदिया प0 भाग | R.U.M.S. Alodiya W. Part | रा0उ0म0वि0 अलौदिया प0 भाग |
| 3 | 74 | 303 | U.M.S. Alaudiya M. Part | उ0म0वि0 अलौदिया म0 भाग | R.U.M.S. Alodiya M. Part | रा0उ0म0वि0 अलौदिया म0 भाग |
| 4 | 74 | 307 | M.S. Kamta E. Part | म0वि0 कामता पू0 भाग | R.G.M.S. Kamta E.Part | रा0क0म0वि0 कामता पू0 भाग |
| 5 | 74 | 308 | R.G.M.S. Kamta | रा0क0म0वि0 कामता | R.G.M.S. Kamta W.Part | रा0क0म0वि0 कामता प0 भाग |
| 6 | 74 | 326 | R.P.S. Haka W. Part | उ0म0वि0 हाका प0 भाग | R.P.S. Haka E. Part | रा0प्रा0वि0 हाका पू0 भाग |
| 7 | 74 | 327 | R.P.S. Haka E. Part | उ0म0वि0 हाका पू0 भाग | R.P.S. Haka W. Part | रा0प्रा0वि0 हाका प0 भाग |

### अनुभाग के नाम में संशोधन का प्रस्ताव

| Sl. No. | AC | Part No. | Booth Name | Old Section Name (in English) | Old Section Name (in Hindi) | Corrected Section Name (in English) | Corrected Section Name (in Hindi) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 74 Latehar | 7 | U.M.S. Sardhabar | Sadhawar | सरधावार | Sardhabar | सरधाबार |
| 2 | | 25 | U.H.S. Chiru W. Part | Dumadand | डुमाटाड़ | Dumatand | डुमाटाड़ |
| 3 | | 81 | RPS CHAMATU | OKA | ओजा | OJA | ओजा |
| 4 | | 107 | U.M.S. Basiya | TEMAVAR | टेमावार | TENGRABAR | टेंगराबार |
| 5 | | 118 | U.M.S. Bisunpur | ALIYA | आलियों | THALIMA | थलिमा |
| 6 | | 123 | U.P.S. Turitanr | CHIRCHRIYA | चिरचरिया | TURITARN(URAON TOLA) | तुरीटांड़ (उरांव टोला) |
| 7 | | | | SALICHANVA | सलिचनवा | BADHAI TOLA | बढ़ई टोला |
| 8 | | 134 | M.S. Dhadhu E. Part | KHARTIMA | खरटिमा | KHARATIYA | खरटिया |
| 9 | | 149 | U.M.S. Holang | SUKHAM KATHA | सुखम कठा | SUKHAL KATHA | सुखलकठा |
| 10 | | 154 | U.M.S. Rajwar S. Part | TARAIYAKHAD | तरैयाखाड़ | HARAIYA KHAD | हरैयाखांड़ |
| 11 | | 161 | UHS BALU WEST PART | BHULHAT | भुलहट | CHUNHAT | चुनहट |

जिलान्तर्गत सभी राजनीतिक दलों के पदधारक/प्रत्याशियों/सभी संबंधित मतदाताओं/ हितधारकों के सूचनार्थ प्रकाशित।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 323525 Latehar(24-25)D

## एक नजर

### विमरला माइंस की दयनीय स्थिति के लिए हिंडाल्को स्वयं जिम्मेवार

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम( बिन्नू )ने दूरभाष पर हिंडाल्को के महाप्रबंधक आर अमबस्ठा से बात की और कहा कि पिछले महीने से बिमरला माइंस बंद करके कंपनी बैठी हुई है ,जबकि पिछले पूरे वित्तीय वर्ष में समझौते के हिसाब से आधे ट्रिप दिए गए हैं। कंपनी साल में चार महीने विमरला माइंस को बंद रखती है और बार-बार कुछ ना कुछ बहाना ढूंढ लेती है। कंपनी माईनिंग क्षेत्र की जमीन खत्म होने के बाद नई जमीन ढूंढती है, जबकि कंपनी को पहले से ही जमीन खरीद कर रखनी चाहिए। एसोसिएशन ने कंपनी से साफ-साफ कहा है कि अगर शीघ्र विमरला में ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं किया जाता है तो जिला प्रशासन से अनुमति लेकर विमरला माँइस के सैकड़ो आँनर, चालक, उपचालक लोडर अनलोडर आपके गेट के बाहर धरना देंगे क्योंकि आपके द्वारा दिए जा रहे ट्रिप में ट्रकों के कागजात का भी खर्चा निकाल पाना मुश्किल हो रहा हैं।

### चैनपुर में चला अवैध शराब के खिलाफ अभियान

**चैनपुर ।** बुधवार की अहले सुबह चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें मुख्यालय क्षेत्र के कई जगहों से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ शराब को जप्त किया वहीं जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया वहीं सभी धंधेबाजों को कड़ी चेतावनी देकर अगले बार से शराब नहीं बनाने की चेतावनी दी मौके पर थाना प्रभारी अजय यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए महुआ शराब की छापामारी की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में नवीन प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम( ओरिएंटेशन प्रोग्राम ) का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम विद्यालय का शैक्षणिक परिचय है यह विद्यालय से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ विद्यालय की संस्कृति, मूल्य और लक्ष्यों से परिचित होने में मदद करता है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रांगण में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से कक्षा नौवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

### मतदाता के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी मौजूद रहें

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** गुमला जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जारी प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके में स्थित ढश्ळठ्ठ ग्राम धोबारी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्वीप कोषांग के कर्मियों द्वारा उक्त ग्राम के सभी मतदाताओं 13 मई को होने वाले मतदान दिवस के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। धोबारी ग्राम में रहने वाले उरांव समाज के मतदाताओं का कुडुक एवं संथाल भाषा में मतदाता जागरूकता हेतु वीडियो भी बनाएं गएं जिसमें मतदाताओं द्वारा अपने सांस्कृतिक पोशाक में एक अनोखे अंदाज में वोट करने की अपील की। जिसके पश्चात उक्त गांव के सभी महिलाओं एवं पुरुषों ने चुनाव जागरूकता रैली निकाली एवं 13 मई को वोट करने की अपील की।ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वे 13 मई को अवश्य वोट देने जाएंगे । इस दौरान मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी,जिला सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सह सहायक स्वीप नोडल पदाधिकारी एलीना दास, स्वीप कोषांग के राजेश कुमार सहित उक्त क्षेत्र की महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित मौजूद रहें।






>> मतदान दिवस के दिन मतदाताओं की कतार का प्रबंधन करने, दिव्यांग / वरिष्ठ मतदाताओं को सहायता आदि करने के लिए मतदान केन्द्रों पर स्वयंसेवकों की तैनाती करने के संबंध में हुई समीक्षात्मक बैठक

# पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया चुनावी प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने, अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व मतदान केंद्र में उन सामग्री की व्यवस्था, ईवीएम में आवश्यक मिलान करने, आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, आदर्श मतदान केंद्र का ले आउट तैयार करने, मतदान के दिन की तैयारी, मॉक पोल,मतदान प्रारंभ करने से संबंधित, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने सम्बंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। इस प्रशिक्षण कार्य में 29 पदाधिकारी/कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त प्रशिक्षण 6 अप्रैल 2024 तक संचालित होगा।

### गेट परीक्षा में सातवें स्थान लाने पर आजसू नेत्री ने सम्मानित किया

# मुझे फक्र होता है ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं पर : नीरू शांति भगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र के हेसल पंचायत के कुरसे निवासी पारा शिक्षक जाकिर हुसैन के छोटे बेटे दानिश हुसैन ने पूरे भारत के द्वारा आयोजित गेट परीक्षा में सातवाँ स्थान हासिल कर पूरे लोहरदगा का नाम रोशन किया है। इस बात की जानकारी मिलने पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने हेसल पहुचकर उसे सम्मानित किया। उनके हौसले को बढ़ाते हुए उनके परिवार को धन्यवाद करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की।आज ऐसी प्रतिभाशाली लोग दिन प्रतिदिन आगे आगे अच्छे-अच्छे संस्था से अपनी शिक्षा अर्जन कर लोहरदगा का नाम रोशन करें और मैं भी इस कड़ी की एक अंग बनने की प्रयास रतर हूँ। आज हमें फक्र होती है कि हमारे लोहरदगा जिला में भी ऐसी प्रतिभाशाली युवा है आज उन्हें अच्छी शिक्षा और दिशा देने की जरूरत है। कहा कि आज वर्तमान महागठबंधन सरकार शिक्षण संस्था को सुदृढ़करण एवं सुंदरीकरण ना करके उन्हें जर्जर अवस्था में छोड़ दिया है। शिक्षा को व्यापार का रूप देकर वर्तमान सरकार और लोहरदगा के विधायक मंत्री छोड़ दिए हैं। लोहरदगा जिला एवं विधानसभा का सूद लेने या देखने के लिए विधायक के पास समय की अभाव हैं। आने वाले दिनों में लोहरदगा की जनता भली प्रकार से उन्हें जवाब देगी। मौके पर सदर प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, दिनेश उराँव, जाकिर हुसैन, मुस्तफा अंसारी, नरेश साहू आदि मौजूद थे।

# एएनएम के निधन पर पीएएचसी में शोकसभा का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा :** कुडू प्रखण्ड के गितिलगढ़ स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पदस्थापित एएनएम कनक लता का गुमला जिले के चिरोडाड स्थित उनके मायके में बीते 30 मार्च की रात करीब 10 : 30 बजे हृदयगति रुकने से निधन हो गया। एएनएम के आकस्मिक निधन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो के नेतृत्व में शोक सभा में उपस्थित स्वास्थ कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनके मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। डॉ होरो ने कहा कि सिएचसी परिवार ने एक कुशल कर्मी को खो दिया है। शोक सभा मे डॉ० राजेश कुमार भगत, डॉ० अजित कुमार मण्डल, दिवाकर मुंडा, रौशनी टोप्पो, पुनम कुमारी, नजरुल इस्लाम, अताउल्लाह अंसारी रिंकू, मनेशा टोप्पनों, करिश्मा किण्डो, विरसा उरांव, सुमन किंडो, मुर्शिद अंसारी, विरसमनी लकडा, निक्की कुमारी आदि मौजूद रहे।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**-: आदेश :-**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में शस्त्र नियमावली 1962 के नियम 63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त संख्या–9 एवं 14 के अंतर्गत गढ़वा जिले के सभी शस्त्रों को जमा किया जाना है। सभी अनुज्ञप्तिधारी को दिनांक 27.03.2024 से 02.04.2024 तक निश्चित रूप से अपने शस्त्रों को संबंधित थाना में जमा करने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक– 296/सा0, दिनांक 22.03.2024 द्वारा आदेश दिया गया था। उक्त तिथि तक अपने शस्त्रों को थाना में जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों को पुनः आदेश दिया जाता है कि अपने शस्त्रों को दिनांक 03.04.2024 से 07.04.2024 तक नजदिकी थाना में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत् अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द की कार्रवाई की जायेगी।

संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए सभी शस्त्रों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

ह0/–
उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा

PR 323533 District(24-25).D

# दो बाइक सवारों को भगवान ने दी जीवन का अभय दान, डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है इलाज





**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** गुमला पालकोट रोड स्थित नवा टोली के समक्ष एक अनियंत्रित तेज रफ्तार से आ रहे बोलेरो गाड़ी ने बाइक सवार को पिछे से सीधे-सीधे जोरदार टक्कर मार दी , फलस्वरूप गुमला सदर थाना स्थित गिंडरा ग्राम निवासी 18 वर्षीय अशोक मुंडा और 19 वर्षीय अरविंद मुंडा बाइक सहित बोलेरो गाड़ी के नीचे बुरी तरह फंस गयें जिन्हें गुमला पुलिस ने घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से बोलोरो गाड़ी को उठाकर,दोनों गंभीर रूप से घायल युवकों निकाला गया और बसिया थाना स्थित कलिंगा लोंगा निवासी बोलेरो चालक पिंटू सिंह ने, दोनों गंभीर रूप से घायल दोनों बाइक सवारों को, एक ऑटो (टेंपो) में बैठकर इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं , घटनास्थल पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया की दोनों बाइक सवार युवक नल जल में कार्य करते और दोनों युवक अपने बाइक में सवार होकर जैसे ही नेवा टोली ग्राम जाने के लिए मुडे इसी क्रम में कलींगा लोंगा ग्राम के तरफ से अनियंत्रित तेज रफ्तार में आ रहे बोलेरो गाड़ी ने पिछे से बाइक में जोरदार टक्कर मारा और बाइक सहित दोनों बाइक सवार युवक बेलोरो गाड़ी के नीचे घुसकर बुरी तरह से फंस गये, बाइक चालक युवक का एक पैर टूट गया हैं और उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर और अंदरूनी चोट आई हैं, वहीं बाइक के पीछे बैठे युवक को पिठ , कमर एवं शरीर के अन्य हिस्से में अंदरुनी और गंभीर चोटे आई है, दोनों बाइक सवार युवकों अशोक मुंडा और अरविंद मुंडा का इलाज गुमला सदर अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा हैं। प्रत्यक्ष दर्शानों ने इस बात के लिए भगवान को शुक्रिया अदा करते हुए , आश्चर्य जताया कि दोनों की जान बच गई , किसी ने नहीं सोचा था , कि दोनों बाइक सवार की जान बचीं होगी।

### नहाने गई महिला का पैर फिसला कुंआ में डुबने से हुई मौत

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना स्थित मरदा ग्राम निवासी राम रतन नाथ की पत्नी प्यारी देवी कुआं में नहाने गई थी , इसी क्रम में उसका पैर फिसलने के कारण वह कुंआ में डुब गई और जब तक उसे कुंआ से बाहर निकाला गया , तब तक बहुत देर हो चुकी थी और प्यारी देवी की मौत हो चुकी थी , बाद में उक्त घटना की सूचना पालकोट थाना पुलिस को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर , उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

**उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार**
**(एन0आर0ई0पी0, शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि PR No.- 323387 NREP 23-24 *D द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–13/2023–24 में निविदा में परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि दिनांक–05.04.2024 तथा निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि दिनांक–06.04.2024 को निर्धारित है, उक्त तिथि में निविदा में परिमाण विपत्र बिक्री, निविदा प्राप्त करने की समय एवं निविदा खोलने की समय को संशोधित किया जाता है। जो निम्नवत हैः–

परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–05.04.2024 को 10:00 बजे पूर्वाहन 1:00 बजे अपराह्न तक।
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 06.04.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 06.04.2024 को अपराह्न 1.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।

निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 323539 NREP (24-25)_D

# माँ उत्कर्षिणी क्रशर परिसर में काम करने वाले युवक का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी ।** डुमरी थाना क्षेत्र के कुटलू स्थित माँ उत्कर्षिणी क्रशर परिसर में काम करने वाले युवक का शव उसके कमरे से फंदे के सहारे झूलता हुआ पुलिस ने बरामद किया है। स्टोन क्रशर महुआडांड के मनोज जयसवाल का है। मृतक मध्य प्रदेश निवासी सावन कुमार वर्मन (25) का शव कपड़े के सहारे झूलता हुआ नजर आ रहा है जिसमें कुछ लोगों के द्वार हत्या की आशंका भी जताई जा रही है बताया जा रहा है कि मृतक का स्थानीय किसी युवती के साथ प्रेम प्रसंग का भी मामला चल रहा था। घटना सोमवार रात की है शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला अस्पताल भेज दिया है।इस संबंध में एसआई अमर शुक्ला ने बताया कि मृतक मध्य प्रदेश के छिंदया, बरही थाना, कटनी जिला का रहने वाला था जो यहां पर क्रेशर में ऑपरेटर का काम करता था और पैनल के ऊपर में रहता था उसी के नीचे में मृतक का शव कपड़े के सहारे झूलता हुआ बरामद किया गया। दूसरे कमरा में उसका ममेरा भाई ज्ञानी वर्मन रहता था उनके घरवालों से बात करने पर बताया कि मृतक के पेट में दर्द का बीमारी था और खून खून उल्टी करता था इसी कारण से तनाव में रहता था हो सकता है उसी को लेकर मृतक ने आत्महत्या कर ली होगी। वहीं पुलिस ने कहा की मामले की जांच की जा रही है क्रशर के समीप ही पुलिस पिकेट भी है क्रेशर के नाइट गार्ड ने रात में किसी को वहां आने जाने में भी मनाही कर रखी है। हत्या या आत्महत्या इस बात को लेकर कुटलू क्षेत्र चर्चा का विषय बना हुआ है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम आयोजित

# मतदाताओं के रूप छात्र-छात्राओं को मतदाता के रूप में दिलायी गई शपथ






**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये गये। उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम भविष्य के मतदाताओं के रूप छात्र-छात्राओं को पदाधिकारियों व कर्मियों समेत सभी को मतदाता शपथ दिलायी गई। इसके बाद इलेक्शन मैस्कट आई-भाई का लोकार्पण किया गया। इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा बैलून के जरिये मतदाता संदेश को आसमान की ओर छोड़ा गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों द्वारा सेल्फी पॉइंट में मतदान के लिए तैयार की सेल्फी ली गई। कार्यक्रम के अंत में समाहरणालय परिसर में एक स्काई बैलून अधिष्ठापित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा**
**(प्रशिक्षण कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति, सूचना**

चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोक सभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु मतदान प्रक्रिया एवं ई0भी0एम0 संचालन से सम्बंधित मतदान कर्मी का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न रुप से आयोजित किया जाता है–

| क0 | जिला का नाम | प्रखण्ड का नाम | मतदान पदाधिकारी का पदनाम | समय | मतदान पदाधिकारी का आवंटित पिन न0 एवं कुल संख्या | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | पिठासीन पदाधिकारी | 10-00 AM से 1-00 PM तक | 341700002 से 341701231 (560) | 05.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |
| | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | पिठासीन पदाधिकारी | 02-00 PM से 5-00 PM तक | 341701233 से 341708970 (513) | 05.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |
| 2 | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | प्रथम मतदान पदाधिकारी | 10-00 AM से 1-00 PM तक | 341700043 से 341703976 (560) | 06.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |
| | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | प्रथम मतदान पदाधिकारी | 02-00 PM से 5-00 PM तक | 341703981 से 341708950 (513) | 06.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |
| 3 | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | द्वितीय मतदान पदाधिकारी | 10-00 AM से 1-00 PM तक | 341702543 से 341706818 (560) | 08.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |
| | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | द्वितीय मतदान पदाधिकारी | 02-00 PM से 5-00 PM तक | 341706819 से 341708114 (513) | 08.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |
| 4 | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | तृतीय मतदान पदाधिकारी | | 341700237 से 341706385 (560) | 09.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |
| | चतरा | सभी प्रखण्ड एवं कोल्ड फिल्ड एरिया | तृतीय मतदान पदाधिकारी | | 341706386 से 341708726 (513) | 09.04.2024 | कला भवन (चतरा कॉलेज चतरा) कमरा नम्बर–1 से 14 |

नोटः– सभी मतदान पदाधिकारी अपने साथ स्वयं का मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति साथ में लाना सुनिश्चित करेगें एवं अपना उपस्थिति में नाम/पदनाम का अवलोकन करते हुए EPIC No एवं मोबाईल नम्बर दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे ।

वरीय प्रभारी पदाधिकारी,
प्रशिक्षण कोशांग –सह– अपर समाहर्ता, चतरा

PR 323551 Election(24-25)#D

## एक नजर

### आपसी विवाद में पिता ने अपने ही बेटे को पटक कर मार डाला

**गोड्डा।** हनवारा थाना क्षेत्र में एक पिता ने बुधवार की सुबह अपने ही मासूम बेटे को गुस्से में पटक डाला, जिससे उसकी तत्काल ही मौत हो गई। मामला थाना क्षेत्र केनरोत्तमपुर गांव का है। घटना के संबंध में मासूम की मां नूतन देवी ने बताया कि उसका पति पंकज मंडल नरोत्तमपुर आया और उसे अपने साथ अपने घर शहजादपुर ले जाना चाह रहा था। पति शराब पीकर हमेशा उसके साथ मारपीट करता था इसलिए वह उसके साथ जाने के लिए तैयार नहीं थी। इसी बात को लेकर वह गुस्से में आकर अपने ही मासूम बच्चे को सड़क पर पटक दिया और उसकी जान चली गई। घटना के बाद वह भागने लगा फिर ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले किया।

### करंट लगने से दो की मौत

**गोड्डा।** जिले के ठाकुर गंगटी प्रखंड अंतर्गत महुआरा में करंट लगने से अरुण मंडल और कार्तिक यादव की मंगलवार रात मौत हो गई। मामले को लेकर गांव के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के लापरवाही के कारण इस प्रकार की घटना हुई है। लोगों ने जिला प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

### बड़कीटांड़ जंगल के समीप मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह।** ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ जंगल के समीप अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और जांच-पड़ताल में जुट गई है। ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार पंडित ने बताया कि मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे पुलिस की पेट्रोलिंग टीम गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर स्थित बड़कीटांड़ जंगल में गश्त लगा रही थी। तभी सड़क किनारे पड़े शव को बरामद किया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पहचान के लिए पुलिस ने शव को सदर अस्पताल गिरिडीह के शव गृह में रखवा दिया है।

# धनबाद के 86 बूथों का नाम व पांच बूथों का स्थान बदला

**स्थान बदलाव वाले सभी बूथ धनबाद विधानसभा क्षेत्र के**

**निरसा, धनबाद, बाघमारा तथा टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथों नाम में बदलाव**

**जर्जर भवनों के कारण बदले गए बूथ**

**तकनीकी कारणों से बूथों के नाम में परिवर्तन**

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बदलाव की घोषणा**



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
लोकसभा चुनाव के लिए धनबाद जिले के 86 बूथों के नामों में बदलाव किया गया है। साथ ही साथ पांच बूथों के स्थानों में परिवर्तन (शिफ्टिंग) भी की गई है। इसके लिए डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने आदेश जारी कर दिया है। इसकी सूचना आयोग को भी भेज कर उससे अनुमति ले ली गई है। बूथों के नाम में बदलाव तथा स्थान परिवर्तन का नियम स्थानीय अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है।

बूथों के स्थान में परिवर्तन का कारण बूथों का जर्जर या ध्वस्त हो जाना है। स्थान परिवर्तन वाले सभी बूथ धनबाद विधानसभा क्षेत्र के हैं। सभी बूथों के बदलाव का कारण भवनों का जर्जर हो जाना या फिर सुविधाओं का नहीं रहना है।

**सरकारी भवनों में बनते हैं बूथ**

अधिकतर बूथ स्कूलों या फिर दूसरे सरकारी भवनों में होते हैं। बूथों में सामान्य रूप से बदलाव नहीं होता है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही पुराने आंकड़ों के आधार पर बूथों का निर्धारण होता है। प्रारंभिक रिपोर्ट इसके आधार पर ही भेजी जाती है। बाद में बूथों का भौतिक सत्यापन होता है। सेक्टर मजिस्ट्रेट या सीओ-बीडीओ बूथों का स्थल निरीक्षण करते हैं। उसके आधार प रिपोर्ट तैयार होती है। जर्जर या खतरनाक बूथों की मरम्मत या फिर इसकी शिफ्टिंग का निर्णय लिय जाता है। इस निर्णय की जानकारी जिले के प्रमुख राजनीतिक दलों को भी दी जाती है। राजनीतिक दलों के साथ बैठक होती है और फिर उसके बाद बूथों की शिफ्टिंग या नाम में परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होती है।

**नाम में बदलाव, स्थान में नहीं**

जिले के 86 बूथों के नाम में बदलाव किए गए हैं। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार नाम में बदलाव वाले बूथों के स्थान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुराने बूथों में ही नए बूथ बनाए गए हैं, महज नाम में बदलाव किया गया है। ऐसे सभी बूथ धनबाद, निरसा, टुंडी तथा बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में स्थित हैं।

# बगोदर पुलिस ने छापेमारी कर 5 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**7 बाइक व 24 हजार रुपए से अधिक नगदी भी बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी टांड़ में बगोदर पुलिस ने छापेमारी कर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इसमें बगोदर बेको के रहने वाले 32 वर्षीय जगदीश महतो, 28 वर्षीय फलजीत कुमार महतो, निमियाघाट प्रतापपुर के रहने वाले 27 वर्षीय मनोज कुमार, निमियाघाट इसरी के रहने वाले 35 वर्षीय सुरेश ठाकुर, बगोदर पोचरी का रहने वाला 45 वर्षीय टहल मंडल शामिल है।

मौके पर से नगद सहित सात बाइक भी जब्त किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को घंघरी टांड़ में जुआ खेले जाने की सूचना एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली थी। इसी आधार पर एसपी के निर्देश पर बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही अधिकांश लोग भागने में सफल रहे। जबकि पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। मौके पर से तिरपाल, ताश के पते, सात बाइक एवं 24 हजार से अधिक की राशि भी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए।

## भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने मां मथुरासिनी का लिया आशीर्वाद



**भ्रमण के दौरान विभिन्न मथुरासिनी पूजा कमेटी के लोगो से भी मिले**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने बुधवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के मां मथुरासिनी मंडपों का दौरा कर माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस क्रम में श्री वर्मा गांडेय मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित मां मथुरासिनी पूजा स्थल पहुंचे। इसके बाद अहिल्यापुर गांव स्थित मां मथुरासिनी मंडप और फिर भासपुर गांव स्थित मंडप समेत अन्य कई मंडपों का भ्रमण कर उन्होंने माता का दर्शन किया। इस दौरान लोगों द्वारा जगह जगह उनका का पुरजोर तरीके से स्वागत किया गया। वहीं स्थानीय पूजा समिति के पदाधिकारियों ,सदस्यों, कई स्थानीय गणमान्य लोगों, पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलकर सबों का हालचाल जाना। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुण हाजरा, भाजपा गांडेय अध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष हरिमण्डल, अहिल्यापुर मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र लोहानी, रुद्र संकेत, विवेक गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## चास निगम में अगले 10 दिनों तक जमा नही हो सकेगा टैक्स

**बोकारो।** चास नगर निगम में अगले दस दिनों तक किसी तरह का टैक्स जमा नहीं होगा। मेंटेनेंस को लेकर सूडा की ओर से दस दिनों तक सर्वर बंद किया गया है। इस दौरान नगर निगम में किसी तरह का ऑन लाईन टैक्स जमा नही हो सकेगा। हर साल वित्तीय वर्ष शुरूआत के साथ सर्वर को अपडेट कार्य होता है। इससे आगे टैक्स संबंधित कामकाज तेज गति से हो पाता है। इस बाबत निगम के नगर प्रबंधक ने बताया कि मेंटेनेंस को लेकर सर्वर बंद है। इसको लेकर अगले 10 दिनों तक नगर निगम में प्रॉपटी टैक्स, वाटर, ट्रेड लाइसेंस फीस जमा नही हो पाएगा। सर्वर मेंटेनेंस के बाद नगर निगम में टैक्स कलेक्शन का काम शुरू किया जाएगा। नगर प्रबंधक ने बताया कि विभाग की ओर से टैक्स में मिलते छूट सहित अन्य स्कीम सर्वर खुलने के बाद अहर्ता के अनुसार मिलेगा।

## लोरियाटांड़ में हिरण का शिकार करते दो लोगों को वन विभाग की टीम ने पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां थाना क्षेत्र के लोरियाटांड़ गांव के दुर्गा सोरेन के घर से हिरण का मांस, औजार, निल गाय का पूंछ व पैर के साथ दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिया गया व्यक्ति गावां थाना क्षेत्र के अलगडीहा निवासी कारू राय पिता स्व नारायण राय एवं लोकाय थाना क्षेत्र के डूबा निवासी ब्रह्मदेव तुरी उर्फ प्रेम तुरी पिता तिलक तुरी है। उक्त संबन्ध में गावां रेंजर अनिल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगली क्षेत्र में हिरण का शिकार कर के लोरियाटांड़ स्थित दुर्गा सोरेन के पुराने मिट्टी के मकान में हिरण के मांस को टुकड़ा-टुकड़ा किया जा रहा है। सूचना के उपरांत में गावां के वन परिसर पदाधिकारी पवन चौधरी के नेतृत्व में वहां छापामारी का निर्देश दिया गया था। टीम जब वहां पहुंची तो देखा कि हिरण के मांस को अलग अलग प्लास्टिक में भरा जा रहा है। टीम के सदस्यों ने दोनों को हिरासत में लेते हुए उक्त स्थल से लगभग 40-50 किलो हिरण का मांस, पूंछ, कान, हिरण का छतिग्रस्त माथा, काटने में प्रयुक्त औजार, तराजू के साथ साथ निल गाय का पूंछ व पैर भी बरामद किया। वनकर्मी हिरासत में लिए दोनो व्यक्तियों व बरामद सामग्री के साथ वन विभाग कार्यालय पहुँच गई है। वहीं हिरासत में लिए दोनो व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

वन परिसर पदाधिकारी पवन कुमार चौधरी ने कहा कि हिरण के शिकार करने के मामले में दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वहां से हिरण का मांस हिरण व निल गाय के अवशेष काटने में प्रयुक्त औजार बरामद किया गया है। उक्त घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की भी पहचान की जा रही है। इस प्रकार के जघन्य कृत में संलिप्त किसी भी अभियुक्त को बख्सा नही जाएगा।

## जनवितरण प्रणाली के दुकान से अवैध शराब जब्त



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव ने बुधवार को गोमिया कुर्कनालो में जन वितरण प्रणाली दुकान गायत्री आजीविका सखी मंडल में निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भारी गड़बड़ी देखने को मिला, जनवितरण प्रणाली के दुकान से अवैध शराब जब्त किया गया। इस गड़बड़ी को लेकर उपायुक्त ने जनवितरण प्रणाली के दुकान का लाइसेंस रदद करने एवं उत्पाद विभाग को कार्रवाई का निर्देश दिया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बोकारो, डीडीसी बोकारो, अपर नगर आयुक्त, एसी बोकारो, एसडीओ बेरमो एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वाहन चेकिंग में पुलिस ने 29 लाख किए जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
लोकसभा चुनाव को देखते हुए निमियाघाट पुलिस ने इसरी बाजार स्थित अरगाघाट के पास वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में नगदी बरामद किया है। इस बाबत नोडल मजिस्ट्रेट सह डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना ने बताया कि विभिन्न वाहनों को चेक करने दौरान अलग अलग वाहनों से लगभग 29 लाख रुपये जब्त किए गए। जिसे जब्त करते हुए जांच हेतु अग्रेतर कार्रवाई हेतू उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। इधर पुलिस द्वारा किये जा रहे वाहन चेकिंग के दौरान राशि जब्त करने से बड़े व्यवसाय करने लोगो को परेशान देखा जा रहा है।

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**09 मोबाइल, 09 सीम कार्ड और 05 एटीएम कार्ड भी बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले को प्रतिबंधित पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गांडेय और बगोदर लिंक भेज कर आम लोगों का वाट्सएप हैक करके और मित्रा एप्प के माध्यम से लोगों के ई-वालेट का नम्बर प्राप्त कर उन्हें कॉल कर उनकी गाढ़ी कमाई उड़ाने वाले 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। छापेमारी में पुलिस ने इन दोनों के पास से 09 मोबाइल, 09 सीम कार्ड और 05 एटीएम कार्ड भी बरामद करने की बात सामने आई है। बताया गया कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि गिरिडीह के बगोदर एवं गाण्डेय थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर साइबर पुलिस उपाधीक्षक आबिद खान के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी करते हुए कुल 02 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बगोदर थाना क्षेत्र के अटकाडीह के अनुज प्रसाद और जामताड़ा जिले के करमाटाड़ थाना इलाके के हेट करमाटाड़ का धीरन मंडल शामिल है। मामले को लेकर साइबर थाना में कांड सं0-17/2024 दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**मकान हुआ क्षतिग्रस्त**

## अचानक आए तेज आंधी तूफान से गिरा मकान

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की देर रात अचानक आई आंधी-तूफान के कारण सेरुआ पंचायत के चेरवा गांव मे जितनी देवी पति विशेश्वर राय का मिट्टी का मकान अचानक तेज आंधी तूफान से गिर गया। जिसके कारण जितनी देवी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। जितनी देवी ने बताया कि मेरे पति दिव्यांग है और दिल्ली में रहकर मजदूरी कर किसी तरह भरण पोषण करते है। मकान गिर जाने से परिवार के साथ रहना मुश्किल हो गया है। किसी तरह इधर उधर रह रहे है। सेरुआ पंचायत के पंसस बेबी देवी ने बताया कि पीएम आवास के लिस्ट में था लेकिन इन्हें पीएम आवास का लाभ नही मिला है। साथ ही इस बार अबुआ आवास में भी नाम चढ़ाया गया है। अबुआ आवास का लाभ भी नही मिल सका है। बीडीओ से मुलाकात कर इसे जल्द से जल्द आवास देने का मांग करेंगे। ताकि अपने परिवार के साथ अच्छा से भरण पोषण कर सकें।

## रामनवमी उत्सव को ले ग्रामीणों का बैठक का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां प्रखंड के पिहरा पंचमन्दिर स्थित भगवती मन्दिर के प्रांगण में बुधवार को ग्रामीणों का एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रामनवमी पूजन के सफलता पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गत वर्ष के कार्यक्रमों व आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए इस वर्ष की योजना बनाई गई। बैठक में पूजन हेतु कोष संग्रह मन्दिर की साज सज्जा रंग रोगन आदि पर चर्चा की गई। तय किया गया कि हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी मन्दिर के प्रांगण में अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। अखंड कीर्तन में ग्रामीणों से बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। तय किया गया कि शीघ्र ही सभी अखाड़ा कमिटियों के साथ बैठक कर रामनवमी के अवसर पर निकलने वाला जुलूस व व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता आनन्द प्रसाद यादव ने की जबकि बैठक में नागेश्वर साव, पप्पू यादव, योगेंद्र प्रसाद, गौतम भक्त, अर्जुन साव, प्रदीप कुमार, योगेंद्र सिंह, छोटन साव,अश्विनी कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

**न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक**

# एमसीसी का पालन करते हुए मनाए रामनवमी और ईद उल फितर : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
रामनवमी के दौरान सभी अखाड़ा दल गैर राजनीतिक जुलूस निकालेंगे। जुलूस में नारा भी गैर राजनीतिक होना चाहिए। इसमें चूक होने पर जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। आयोजन के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर संबंधित आयोजक पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। शांति भंग होने एवं एमसीसी का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज ईद उल फितर एवं रामनवमी को लेकर न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिया।

उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है एवं पूरे धनबाद अनुमंडल में दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा है। इसलिए वैसे आयोजन, जिसमें पांच से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे, उसके लिए ईन्कोर पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान केवल रजिस्टर्ड अखाड़ा दल जुलूस निकाल सकेंगे। वहीं किसी भी नए दल का रजिस्ट्रेशन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जाएगा। अखाड़ा दल पुराने रूट का पालन करेंगे। सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे। कार्यकर्ता जुलूस शुरू होने से अंत तक पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर भी पाबंदी रहेगी। साथ ही कहा कि अखाड़ा दल किसी प्रकार के धारदार हथियार या वैसे शस्त्रों से करतब नहीं करें जिससे दर्शकों के चोटिल या घायल होने की आशंका है।

उपायुक्त ने त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि सभी अखाड़ा दल चुनाव आयोग के निर्देश का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सभी को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानना है। उन्होंने उपद्रव करने वाले युवाओं को चिह्नित करने, उनके विरुद्ध सामाजिक कार्रवाई करते हुए, उनके संबंध में पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया।
एसएसपी ने कहा कि चुनाव की घोषणा होने के साथ ही प्रशासन अवांछित एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट, 107, 108, 109 के तहत कार्रवाई कर रहा है। इसके बाद भी लोग नहीं सुधरेंगे तो प्रीवेंटिव अरेस्ट भी किया जाएगा।
उन्होंने सभी से विशेष चौकसी बरतने, कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का पालन करने, अखाड़ा दलों को अपने संबंधित डीएसपी एवं थाना प्रभारी के साथ को-ऑर्डिनेट करने और परेशानी उत्पन्न करने वाले लोगों की सूची पुलिस को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही सभी को समाज की एकता बनाए रखते हुए धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का अनुरोध किया।

इसमें अखाड़ा दल के 11-11 सदस्यों को पहचान पट्टा देने, बलियापुर चौक पर हाई मास्ट लाइट दुरुस्त कराने, मुगमा चौक तथा अन्य कॉल बेयरिंग क्षेत्र में जुलूस के दौरान भारी वाहनों का परिचालन बंद कराने, अखाड़ा दलों द्वारा खतरनाक खेल का प्रदर्शन नहीं करने, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कराने, मनईटांड में आवारा सांड के आतंक से मुक्ति दिलाने, अवैध शराब की बिक्री रोकने, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, झरिया में वन वे ट्रैफिक सिस्टम लागू करने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हए। जिसपर उपायुक्त ने कहा कि सुझावों के समाधान के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान किया जाएगा।

## जमशेदपुर में तस्करी के छह आरोपी गिरफ्तार, 53 किलो गांजा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
सीतारामडेरा थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का खुलासा करते हुए 53 किलो गांजा और 3420 रुपये नकदी बरामद किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए तस्करों में राजीव कुमार यादव, सुनील कुमार बैठा, राजकुमार बिना, सुमित कुमार, गौरव कुमार और राजेश कुमार शामिल हैं।सभी बिहार के अलग-अलग जिलों के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इस संबंध में बुधवार को सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गांजा लेकर उड़ीसा से मानगो बस स्टैंड पहुंचने वाले हैं, जो बस के माध्यम से बिहार जाएंगे। इसकी सूचना एसएसपी को देते हुए हेड क्वार्टर डीएसपी-1 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसमें सीतारामडेरा एवं मानगो पुलिस को शामिल किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मानगो बस स्टैंड से राजीव कुमार यादव नामक युवक को संदिग्ध गतिविधि देखते हुए हिरासत में लिया। उसके पास से लगभग सात किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में राजीव कुमार यादव ने बताया कि उनके अन्य पांच साथी बेतिया (बिहार) जाने वाले बस में बैठकर अवैध गांजा के साथ अभी-अभी निकले हैं। छापेमारी दल ने बस का पीछा करते हुए एनच 33 पर पकड़ा गया, जहां उनके पांच अन्य सहयोगियों से 46 किलो गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सभी उड़ीसा से गांजा बिहार लेकर जाने की तैयारी में थे।

## कोल्हान के गुरुद्वारों में 13 को मनेगी बैसाखी

**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कहा कि 13 अप्रैल शनिवार को कोल्हान के सभी गुरुद्वारों में खालसा सृजन दिवस के रूप में बैसाखी का त्योहार मनाया जाएगा। मंगलवार को सीजीपीसी कार्यालय में बैसाखी को लेकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर के पदाधिकारियों से हुई बातचीत और नानकशाही कैलेंडर का हवाला देते हुए प्रधान सरदार भगवान सिंह और अमरजीत सिंह ने यह स्पष्ट किया कि 13 अप्रैल को ही बैसाखी मनाई जाएगी। सरदार भगवान सिंह ने कहा कि कोल्हान की संगत और गुरुद्वारा कमिटियां उहापोह में न रहें। साकची, मानगो, तार कंपनी, सोनारी, टुइलाडुंगरी, जुगसलाई, कीताडीह व अन्य गुरुद्वारा कमेटियां बैसाखी की तैयारियों में जुट गईं हैं। गौरतलब है कि सिख समुदाय के लोग इसे खालसा सृजन दिवस के रूप में मनाते हैं।

**अगर जीवन में संघर्ष न रहे, किसी भी भय का सामना न करना पड़े तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है : सुभाष चन्द्र बोस**

# स्वच्छ राजनीति के बदलते मायने

विज्ञापनों और आक्रामक बयानों से अपने को ईमानदारी की प्रतिमूर्ति बताने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक परंपरा हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाये जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है।अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है। केजरीवाल सरकार पर वर्षों पहले सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। संजय सिंह को जमानत से थोड़ी रह रौशन हुई है पर आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया। भारत की राजनीति में इसे विसंगति ही माना जाएगा कि कोई अपराधी और उसके समर्थक उसे ऐसे नायक के रूप में प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं, जैसे वह समाज के लिए आदर्श बन गया हो। ऐसे तमाम उदाहरण दिए जा सकते हैं जिसमें नेता जमानत पर बाहर आकर राजनीतिक वातावरण को स्वच्छ करने की बात करते हैं। देश में एक समय यह आम धारणा बन चुकी थी कि राजनीतिक भ्रष्टाचार इस देश की नियति बन चुकी है, लेकिन पिछले दस साल में इस धारणा को बदलने की सुगबुगाहट भी सुनाई देने लगी है। यह सुगबुगाहट कई राजनीतिक दलों को पसंद नहीं आ रही। ऐसे कई राजनेता हैं जो भ्रष्टाचार के दोषी सिद्ध हो चुके हैं और देश की राजनीति को सुधारने की कवायद कर रहे हैं। अब सवाल यह भी आता है कि क्या बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की बात करने का साहस दिखा सकते हैं। इसका उत्तर नहीं ही होगा, लेकिन वे फिर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। भारत में साफ सुथरी राजनीति के क्या यही मायने हैं?

युवा मंच

# युवा आगे आएंगे तभी होगा राष्ट्र- समाज का कल्याण



अरुण कुमार दीक्षित



***राजनीति*** में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा अपने विचारों से हर क्षेत्र को प्रभावित करते हैं। वे जिस विचार की ओर अग्रसर होते हैं, समाज उससे प्रभावित होता ही है। आज दुनिया में सर्वाधिक मांग युवाओं की है। भारत की राजनीति में सबसे अधिक मांग युवा विचारों के साथ युवाओं की ही रहती है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को युवाओं ने ही धार दी थी। युवाओं के आकर्षण का केंद्र राजनीति है। वह राजनीति उन्हें आकर्षित करती है। भारत की राजनीति ने युवा मन को निराश किया है। राजनीति युवाओं में विराट लक्ष्य नहीं देखती। राजनीतिक दलों से जुड़े युवा कभी इस दल तो कभी उस दल के हाईकमान का जयघोष करते हैं। ऐसा कर वे एक तरह से अपने ही श्रम-समय का नुकसान करते हैं। युवा सपने देखते हैं और सफल होते हैं। विफल भी होते हैं। टूटते हैं। आज युवा बेरोजगारी से टकरा रहे हैं। युवाओं पर पढ़ाई के साथ परिवार वालों का भी दबाव होता है कि कुछ कर दिखाना है। अनेक युवा भारतीय राजनीति में आए। उन्होंने लगातार समाज के वंचितों के लिए काम किया। समाचार पत्र निकाले। समाज-राष्ट्र की समस्याओं के समाधान को अपने जीवन का मिशन बनाया। बड़े राजनेता बने। पत्रकार बने ।अधिकारी बने। ऐसे युवाओं की बड़ी संख्या है कि वह पहले प्रशासनिक अधिकारी बने। बाद में सीधे राजनीति में कूदे। कुछ को सरकारों ने ही पुरस्कृत किया। कुछ आजीवन संघर्षरत रहे। सरकारों ने युवा नीति को लेकर अब तक क्या किया, यह भी समझना आवश्यक है। भारत में पहली बार युवानीति सन 1988 में संसद के दोनों सदनों में रखी गई। युवा मामलों और खेल विभाग को इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई। उद्देश्य था कि युवा नीति उनके व्यक्तित्व व कार्य क्षमता को मजबूत बनाए। वर्ष 2003में फिर युवा राष्ट्रनीति पर चर्चा हुई। 2003 में 13 से 35 वर्ष के आयु के व्यक्ति को युवा के रूप में परिभाषित किया गया। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार ने युवाओं के समग्र विकास की वचनबद्धता दोहराई। वर्ष 2023 मे केंद्र सरकार ने युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह शिक्षा व्यावसायिक कौशल सिखाती है।समग्र विकास में सहायक है। इस नीति का उद्देश्य युवाओं को आत्मविश्वास से मजबूत करना है। उन्हें आर्थिक मजबूती देनी है और उन्हें शारीरिक और मानसिक स्तर पर सबल बनाना है। उनका समग्र विकास करना है। युवा नेतृत्व एवं विकास स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल आदि के विषय वर्ष 2023 से 2032 का मसौदा है और यह मसौदा वर्तमान में युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन विचाराधीन है। केंद्र सरकार ने मसौदा नीति पर सुझाव मांगे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की दृष्टि में युवावस्था को सामान्यतः परिवर्तन के तौर पर माना जाता है। युवा वयस्कता की सामाजिक कसौटियों, रोजगार, परिवार और एक उत्पादक नागरिक के रूप में प्रयास कर रहे हैं। युवा परिवर्तन के प्रतिनिधि हैं। युवा शब्द के लिए अंग्रेजी में एक शब्द है जियोंग। इसका अर्थ युवा, युवक नया है, वहीं संस्कृत का शब्द युवान है। इसका अर्थ युवा-युवक है। भारतीय राजनीति को महात्मा गांधी, डॉ. राम मनोहर लोहिया और अंबेडकर तीनों नेताओं ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। तीनों महापुरुषों की भिन्न-भिन्न विचारधारा चलीं। युवा गांधी दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया से डरबन जाते समय रेल में रंगभेद का शिकार हुए। गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में इंडियन ओपिनियन अखबार निकाला । भारतीयों की ज्वलंत समस्याओं को उठाया। पूरी दुनिया में रंगभेद के विरुद्ध वातावरण बनाने में जुटे रहे। गांधी भारत आए। भारत में अंग्रेजी सत्ता की गुलामी के विरुद्ध बिगुल फूंका । लाखों नौजवान उनके साथ खड़े हो गए । लड़ाई बढ़ गई । फिर आंदोलन का दौर चला। गांधी के आह्वान पर जिस तरह भारतीय नौजवान छात्र जुटे ऐसा विश्व इतिहास में परतंत्र भारत में पहली बार था। गांधी बैरिस्टर से महात्मा होने की यात्रा पर चल पड़े। नमक आंदोलन, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, दांडी मार्च, जैसे बड़े आन्दोलन खड़े कर दिखाये। इस सब के पीछे युवा शक्ति थी। वह युवा शक्ति अपने राष्ट्र के लिए जागृत हो चुकी थी। आज कोई कुछ भी कहे मगर बैरिस्टर से गांधी महात्मा की यात्रा युवाओं के कारण अद्भुत अकल्पनीय बनी। वह युवाओं के साथ दुनिया के प्रेरणास्रोत रहेंगे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने पहले भारत में पढ़ाई की । विदेश से पढ़ाई पूरी कर लौटे तो उन्हें भारतीय समाज में ऊंच-नीच की सड़ी-गली व्यवस्था ने झकझोर दिया। वह बचपन में अपने गांव से लेकर पूरे भारत में जातियों से बंटे समाज को निहार रहे थे । वह इस व्यवस्था से जूझ गए। लोगों से कहा कि शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो यह मंत्र किसी समाज के लिए शुभदायक ही है । डॉ. आंबेडकर के विचार प्रतिपल छात्रों युवाओं को प्रभावित करने वाले हैं। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा का गठन हुआ। संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष बने। स्वामी विवेकानंद भी युवा थे । नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद की यात्रा रामकृष्ण परमहंस के मिलन से आरंभ हुई। वह भारत की संस्कृति को विश्व में स्थापित करने का स्वप्न लेकर अमेरिका गए। साथ ही अनेक देशों की यात्राएं इसी उद्देश्य से कीं। वहां अपनी भारत की वैदिक सांस्कृतिक अनुभूति को पूरे विश्व के सामने रखा। अरविन्द घोष भी युवा थे। उन्होंने भी भारतीय स्वाधीनता, योग और संस्कृति के लिए विलक्षण काम किया। सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस, गणेश शंकर विद्यार्थी, राजगुरु, युवा ही थे । स्वतंत्रता के लिए इन्हीं सबसे प्रेरित ज्वलंत युवाओं ने अपने देश के लिए बलिदान किया। भारत के हजारों युवा विदेश यात्राओं में रहते हैं मगर वह नौकरी के लिए ही विदेश जाते हैं। कुछ युवा पर्यटन और मस्ती के लिए जाते हैं। भारतीय युवाओं का विदेश नौकरी करने जाने का कारण है राष्ट्र का कृषि प्रधान और संयुक्त परिवार वाला ढांचा का दरक जाना। भारत में बाजारवाद युवाओं को यह समझाने में सफल रहा कि मकान, कार, आधुनिक सामग्री व्यक्ति को श्रेष्ठ और बड़ा बनाते हैं। कहीं तक बात ठीक भी है। दूसरी तरफ परंपराएं हैं। वह क्षीण हो रही हैं। वह अब बासी हो चुकी हैं। परंपराएं युवाओं को अब नहीं रोक पा रही हैं। पहले भी तर्क थे। एक पीढ़ी से दूसरी के बीच के समय अंतराल के। आधुनिकता के नाम पर सारे बंधन युवा तोड़ रहे हैं। आधुनिकता के सामने परंपराओं की दृष्टि चौंधिया गई हैं। संस्कृति और परम्परा दोनों अलग-अलग होते हैं। जीवन प्रतिमान बदल गए हैं। अब बाजार ही हमारी जीवन शैली का अधिकांश भाग तय करती है। युवा बाजार की चपेट में है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **आज युवा बेरोजगारी से टकरा रहे हैं। युवाओं पर पढ़ाई के साथ परिवार वालों का भी दबाव होता है कि कुछ कर दिखाना है। अनेक युवा भारतीय राजनीति में आए। उन्होंने लगातार समाज के वंचितों के लिए काम किया। समाचार पत्र निकाले। समाज-राष्ट्र की समस्याओं के समाधान को अपने जीवन का मिशन बनाया।**

## आपकी बात

### पलामू में कब बनेगा पहला फोर लेन ?

राष्ट्रीय नवीन मेल में पढ़ा कि बिना रैयत को मुवावजा दिए जबरन फोर लेन सड़क बनाने का ग्रामीणों ने भरी विरोध किया। विरोध सर्व्थ उचित है क्योंकि मंगल वाला के कजरी गांव की रैयती जमीन का 3 ए का प्रकाशन तक नहीं हुआ है और पुलिस प्रशासन के दबाव में जबरन सड़क बनाना अनुचित है। भू अर्जन विभाग का इतिहास और अनुभव बहुत ही बुरा होता है जब रैयत अपनी जमीन से हाथ धोने के बाद भिखारियों की तरह अंचल और भू अर्जन कार्यालय के चक्कर लगाता है और वहां के बाबू तरह तरह के बहाने बनाकर मुयावजा राशि देने से इनकार करते हैं। सरकार और जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि पहले पूरा मुवावजा दे और तब सड़क बनाए। राष्ट्रीय नवीन मेल के संपादक और सभी कर्मियों को इस समाचार को प्रकाशित करने के लिए दिल से धन्यवाद।

**- मनोज सिंह रेडमा मेदिनीनगर।**

### यातायात व्यवस्था दुरूस्त हो

पर्व त्योहार को लेकर मेदिनीनगर शहर में भीड़ गई है। इस भीड़ का सीधा असर यहां की ट्रेफिक पर पड़ रहा है। पूरे शहर की सड़कें जाम हो जा रही हैं। वहीं अतिक्रमण के कारण शहर की सड़के संकरी हो गई हैं। रही- सही कसर बाइक के इधर-उधर लगाने के कारण हो गई हैं। खास तौर पर पंचमुंहान और इंजीनियरिंग में जाम की स्थिति हो जाती है। प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया है, लेकिन यातायात व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन देखने नहीं मिल पाया है। उधर, पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। भीड़ के कारण शहर के व्यस्तम इलाकों में महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि यातायात नियमों का पालन सख्ती से कराया जाये और शहर को जाम से मुक्त किया जाये।

**- विजय प्रकाश, समाजसेवी, मेदिनीनगर।**

भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान

# कोडाइकनाल सौर वेधशाला में सूर्य के अध्ययन के 125 वर्ष पूरे



मुकुंद

***कोडाइकनाल*** सौर वेधशाला ने सूर्य के अध्ययन के 125 वर्ष पूरे कर लिए। इसका उत्सव (वर्षगांठ) पहली अप्रैल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान ने मनाया। इस दौरान कोडाइकनाल सौर वेधशाला के इतिहास का स्मरण किया गया। वैज्ञानिकों का अभिनंदन कर इसकी विरासत का सम्मान किया गया। कोडाइकनाल सौर वेधशाला देश में खगोल विज्ञान के लिए प्रमुख और बड़ी उपलब्धि है। इस वेधशाला में 20वीं सदी की शुरूआत से हर दिन रिकॉर्ड की जाने वाली 1.2 लाख डिजिटल सौर छवियों और सूर्य की हजारों अन्य छवियों का एक डिजिटल भंडार उपलब्ध है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की अधिशासी परिषद के अध्यक्ष एएस किरण कुमार ने कोडाइकनाल सौर वेधशाला की 125वीं वर्षगांठ के प्रतीक चिह्न का अनावरण और एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस वेधशाला की स्थापना पहली अप्रैल 1899 को अंग्रेजों ने की थी। खुशी की बात यह है कि वेधशाला के पास दुनिया में सूर्य के सबसे लंबे समय तक के निरंतर दैनिक रिकॉर्ड के अद्वितीय डेटाबेस को डिजिटल कर दिया गया है। यह डेटाबेस अब दुनिया भर के खगोलविदों के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। कोडाइकनाल सौर वेधशाला वर्तमान में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के अंतर्गत फील्ड स्टेशन के रूप में कार्यरत है। उत्सव में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की निदेशक प्रो. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने वेधशाला की विरासत पर चर्चा की। संस्थान के पूर्व निदेशक और सौर भौतिक विज्ञानी प्रो. सिराज हसन ने वर्ष 1909 में वेधशाला में गैस के रेडियल प्रवाह के कारण सनस्पॉट में देखे गए एवरशेड प्रभाव की खोज की जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम कार्यालय की पूर्व निदेशक एस. सीता ने रेखांकित किया कि विद्यार्थियों के बीच इसकी विशिष्टता के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों में कोडाइकनाल सौर वेधशाला पर सामग्री होनी चाहिए। एएस किरण कुमार ने इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमङ्ग पर चर्चा की।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की अधिशासी परिषद के अध्यक्ष एएस किरण कुमार ने कोडाइकनाल सौर वेधशाला की 125वीं वर्षगांठ के प्रतीक चिह्न का अनावरण और एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।**





# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल




**महाबोधि मंदिर :** कम से कम 5वीं शताब्दी ईस्वी के बाद से बोधगया का दौरा करने वाले चीनी तीर्थयात्रियों के विवरण इतिहासकारों को बोधगया में निर्माण के अगले चरण का एक विचार देते हैं। उनके वृत्तांतों से पता चलता है कि आम युग की शुरूआती शताब्दियों में किसी समय बोधि वृक्ष और डायमंड सिंहासन को आंशिक रूप से हटा दिया गया था - या बुद्ध की एक गढ़ी हुई छवि वाले एक विशाल मंदिर द्वारा जोड़ा गया था। कुछ कला इतिहासकारों का तर्क है कि पटना के पास मिली तीसरी शताब्दी ई.पू. की एक टेराकोटा पट्टिका प्राचीनतम महाबोधि मंदिर का प्रतिनिधित्व करती है। यह मामला है या नहीं, यह संभावना है कि महाबोधि मंदिर की पहली पुनरावृत्ति कुछ-कुछ चित्रित की तरह दिखती थी: एक लंबी सीधी-तरफा संरचना जिसमें छोटी धनुषाकार 'गाय की आंख' खिड़कियों ( गवाक्ष ) की कई परतें शामिल थीं, जो थोड़ी सी पतली थीं। शिखर छतरियों और बैनरों से सुसज्जित है जो बुद्ध की उपस्थिति को दर्शाता है और सभी तरफ से रेलिंग से घिरा हुआ है। इस पट्टिका में दर्शाए गए मंदिर में बुद्ध की एक छवि भी है। **बुद्ध पृथ्वी को साक्षी बनने के लिए बुला रहे हैं, 9वीं शताब्दी, बिहार, भारत (क्लीवलैंड म्यूज़ियम ऑफ आर्ट)** बुद्ध पृथ्वी को साक्षी बनने के लिए बुला रहे हैं , 9वीं शताब्दी, बिहार, भारत ( क्लीवलैंड म्यूज़ियम ऑफ आर्ट ) यह मोटे तौर पर चीनी तीर्थयात्री ह्वेनसांग द्वारा दिए गए महाबोधि मंदिर के विवरण से मेल खाता है, जो सदियों बाद 7वीं शताब्दी के अंत में बोधगया आए थे।

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसूरे स्वर



ललित गर्ग

***दिल्ली*** के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी। इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बेनर्जी जैसे मजबूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

# मोबाइल चार्जर शॉर्ट-सर्किट से बचें



क्षतिग्रस्त चार्जर से आग लगने का खतरा बना रहता है। **चार्ज होने पर अनप्लग करें :** आपके चार्जर को लगातार ड्यूटी पर रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। अनावश्यक तनाव से बचने के लिए जब आपका फोन 100% तक पहुंच जाए तो इसे अनप्लग करें। **अपनी बैटरी पर नजर रखें** अगर आपके फोन की बैटरी चार्ज करते समय गर्म हो जाती है, तो यह संकेत है कि कुछ गड़बड़ है। आगे की जांच करने से पहले चार्जर को अनप्लग करें और अपने फोन को ठंडा होने दें। यदि आपके फोन की बैटरी चार्ज करते समय अत्यधिक गर्म हो जाती है, तो यह एक खतरे का संकेत है। इसे अनप्लग करें और ठंडा होने दें। गर्म बैटरी किसी बड़ी समस्या का संकेत दे सकती है। इसी तरह, यदि आपका फोन कुछ साल पुराना है और चार्ज करते समय बैटरी गर्म हो जाती है, तो इसे बदलने पर विचार करें। **(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बीजेडी ने चंद्रशेखर साहू को मैनिफेस्टो कमेटी का अध्यक्ष बनाया



**भुवनेश्वर।** बीजेडी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बरहामपुर के सांसद चंद्रशेखर साहू को पार्टी का राज्य उपाध्यक्ष और घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बीजेडी महासचिव मानस रंजन मंगराज ने बुधवार को एक प्रेस नोट जारी कर ये जानकारी दी। यह फैसला भाजपा के वरिष्ठ नेता भृगु बक्सिपात्रा द्वारा बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के कुछ ही घंटों के भीतर आया। वह बरहामपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा का उम्मीदवार बनना चाहते थे। लेकिन भाजपा ने भृगु की जगह प्रदीप कुमार पाणिग्रही को बरहामपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा है।

### कर्नाटक से सांसद सुमलता अंबरीश बीजेपी में शामिल होंगी



**बेंगलुरू।** कर्नाटक में भाजपा और जद (एस) गठबंधन के लिए एक अच्छी खबर। मांड्या लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश ने बुधवार को कहा कि वो आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा को अपना समर्थन देंगी और बीजेपी में शामिल हो जाएंगी। बुधवार को मांड्या शहर में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए सुमलता ने यह घोषणा की।

### जलगांव से भाजपा सांसद उन्मेश पाटिल उद्धव गुट में शामिल



**मुंबई।** भाजपा के जलगांव क्षेत्र से सांसद उन्मेष पाटिल बुधवार को अपने समर्थकों सहित शिवसेना के उद्धव गुट में शामिल हो गए। उन्मेष पाटिल का स्वागत पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने किया और कहा कि पाटिल के स्वाभिमान का सम्मान किया जाएगा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा की प्रवृत्ति 'यूज एंड थ्रो' की है। उन्मेष पाटिल ने जिस तरह भाजपा को आगे बढ़ाया, उसी तरह शिवसेना ने भी भाजपा को आगे बढ़ाया है। इसके बावजूद जिस तरह भाजपा ने शिवसेना को फेंक दिया था, उसी तरह उन्मेष पाटिल को भी फेंक दिया और जलगांव से उम्मीदवारी नहीं दी।

# बिहार : लोस चुनाव में परिवारवाद को लेकर छिड़ी 'जंग'

**एजेंसी। पटना**

बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। सभी राजनीतिक दल अपने को बेहतर साबित करने के लिए एक दूसरे को आइना दिखाने से नहीं चूक रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा मुद्दा परिवारवाद बना हुआ है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर परिवारवाद को लेकर निशान साधा था, तो बुधवार को राजद ने एनडीए के परिवारवाद को ढूंढ निकाला। राजद ने कहा कि एनडीए में परिवारवाद के कारण कार्यकर्ता परेशान हैं। राजद ने एनडीए को आइना दिखाते हुए अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, बिहार चुनाव में मोदी का परिवार एनडीए यानी भाजपा, जदयू, लोजपा का परिवारवाद सबसे अधिक, कार्यकर्ता परेशान।



राजद ने पूरा ब्यौरा देते हुए आगे लिखा, पटना साहिब से पूर्व मंत्री जनसंघ संस्थापक सदस्य ठाकुर प्रसाद के बेटे रविशंकर प्रसाद, सासाराम से पूर्व केंद्रीय मंत्री मुन्नी लाल के बेटे शिवेश राम, हाजीपुर से रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान, जमुई से रामविलास पासवान के दामाद अरुण भारती, समस्तीपुर से मंत्री अशोक चौधरी की बेटी और पूर्व मंत्री स्व. महावीर चौधरी की पौत्री शांभवी चौधरी, शिवहर से पूर्व सांसद आनन्द मोहन की पत्नी लवली आनंद।

राजद ने इसके अलावा कई और नामों का उदाहरण देते हुए कई और प्रत्याशियों के नाम गिनाए हैं।

इससे पहले मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य के सारण से चुनाव लड़ने को लेकर कहा था कि लालू की पहचान ही परिवारवाद की रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा था कि लालू प्रसाद ने अपने दो बेटों और दो बेटियों को तो राजनीति में उतार दिया, लेकिन हमारी पांच बहनों को कब उतारेंगे?

### प्रचार करने आने वाले नेताओं को बताना होगा उन्होंने बिहार के लिए क्या किया : तेजस्वी यादव



राजद के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि चुनाव प्रचार को लेकर कई नेता आएंगे और जाएंगे, लेकिन उन्हें यह भी बताना होगा कि उन्होंने बिहार के लिए क्या किया। पटना में पत्रकारों ने जब गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार के जमुई दौरे के संबंध में पूछा तो तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। लगातार वे परिवारवाद को लेकर बोलते रहे हैं और बिहार में चुनाव प्रचार की शुरूआत वे परिवारवाद के उम्मीदवार से कर रहे हैं, जो उनके उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि आप देख सकते हैं कि उनकी कथनी और करनी में कितना अंतर है। एनडीए खेमे से सबसे अधिक टिकट परिवारवाद से ही दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री हों या कोई और नेता, चुनाव प्रचार करने के लिए तो आएंगे ही, लेकिन उन्हें बताना होगा कि उन्होंने बिहार के लिए क्या किया। यहां से लोगों ने पिछले चुनाव में 39 सांसदों को जीत दिलाई थी, लेकिन क्या हुआ। उन्होंने एक बार फिर से एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा में जितने आरोपी नेता गए, उनका केस बंद कर दिया गया। पूर्णिया से पूर्व सांसद पप्पू यादव की उम्मीदवारी को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि वे पूर्णिया अपने दल के प्रत्याशी के नामांकन के लिए जा रहे हैं और वह भारी अंतर से जीतेगी।

## छत्रपति संभाजीनगर में कपड़े की दुकान में लगी आग

# परिवार के 7 सदस्यों की मौत




**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजी नगर के छावनी इलाके में बुधवार तड़के लगभग चार बजे किंग टेलर की कपड़े की दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में पुरुष, तीन महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार, तड़के किंग टेलर्स की दुकान के सामने एक वाहन को इलेक्टिक चार्ज किया जा रहा था। अचानक इस वाहन में विस्फोट हो गया। इससे वाहन में आग लग गई और लपटो ने दुकान सहित पूरी इमारत को भी घेरे में ले लिया। इससे दुकान के ऊपरी माले पर सो रहे एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। इमारत में कुल 16 लोग रह रहे थे। बाकी को बचा लिया गया है। मृतकों की पहचान हमीदा बेगम (50), शेख सोहेल (35), वसीम शेख (30), तनवीर वसीम (23), रेशमा शेख (22), असीम वसीम शेख (3) और परी वसीम शेख (2) के रूप में हुई है। आग बुझाते समय एक फायर ब्रिगेड का जवान भी झुलस गया। उसका इलाज घाटी अस्पताल में हो रहा है।

# घमंडिया गठबंधन का मकसद परिवार के लोगों को पीएम-सीएम बनाना : शाह

**एजेंसी। मुजफ्फरनगर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन का मकसद परिवार के लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है। गृह मंत्री अमित शाह मुजफ्फरनगर के शाहपुर के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में बुधवार को एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन का मकसद परिवार के लोगों को पीएम और सीएम बनाना है। जबकि, मोदी जी का मकसद देश के किसान, गरीब, मजदूर, दलित और आदिवासी को मजबूत बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है। इस चुनाव में जो घमंडिया गठबंधन इकट्ठा हुआ है, उसमें 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले, भ्रष्टाचार करने वाले लोग एकत्र हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि मोदी जी चौधरी चरण सिंह जी के गौरव समारोह में आए। उसी दिन घमंडिया गठबंधन ने भ्रष्टाचारी रैली आयोजित की और उस रैली में भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की बात की। 2014 में जब मैं यहां आया था, उस समय कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से पलायन चालू हो गया था। आपने 2017 में भाजपा की सरकार बनाई और योगी सरकार ने यहां पर गुंडों का आतंक बंद करके यहां पलायन रोका है और लोगों को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन, जिसमें अखिलेश यादव की पार्टी और कांग्रेस पार्टी है, ये कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर और भटकाकर रखा। मोदी जी ने केस भी जीता, भूमि-पूजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी।



गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने कश्मीर से आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम मोदी जी ने किया है।

उन्होंने कहा कि बसपा के शासन में 19 चीनी मिलें बंद हुई, अखिलेश यादव के शासन में 10 चीनी मिलें बंद हुईं। लेकिन, भाजपा के शासन में 20 से अधिक चीनी मिलों को शुरू किया गया और 5 नई चीनी मिलें बनाने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। आप याद कीजिए, जब कांग्रेस की सरकार थी, तब गन्ने की एफआरपी 210 रुपये प्रति क्विंटल थी। आज इसे 340 रुपये प्रति क्विंटल करने का काम मोदी जी ने किया है। भुगतान की जहां तक बात है, आज 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान करने का काम भाजपा की सरकार ने किया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का है। मोदी जी ने गरीबों और किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारे कार्य किए हैं। मोदी जी ने गुड़ और गन्ने के इस क्षेत्र में गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर ढेर सारे बदलाव किए हैं।

# लोकसभा चुनाव : बारासात में टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर

**एजेंसी। कोलकाता**

लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद सभी पार्टियों के उम्मीदवार जोर-जोर से प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले की बारासात लोकसभा सीट कई मायनों में खास है। भारत-बांग्लादेश की सीमा से सटे इस क्षेत्र के कुछ हिस्से में बांग्लादेश से आए शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोग निवास करते हैं जो बड़े पैमाने पर चुनाव परिणाम को प्रभावित करते हैं। इस बार केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी की है जिसका असर चुनाव परिणाम पर देखने को मिलेगा। एक तरफ यहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ घुसपैठ को बढ़ावा देने और बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों को संरक्षण देने के आरोप हैं। वहीं दूसरी ओर कट मनी, भ्रष्टाचार और विकास नहीं होना भी ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार के खिलाफ मुद्दा है। बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल कांग्रेस ने मौजूदा सांसद काकोली घोष दस्तीदार को टिकट दिया है। भाजपा ने उनके खिलाफ स्वप्न मजूमदार को चुनाव मैदान में उतारा है। इन्हीं दोनों के बीच सीधी टक्कर के आसार हैं। फिलहाल इस सीट पर वाममोर्चा या कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार नहीं उतारा गया है। बारासात पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का एक शहर है। यह बारासात सदर उपखंड का मुख्यालय भी है। यह क्षेत्र कोलकाता के नजदीक है और कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (केएमडीए) द्वारा कवर किए गए क्षेत्र का एक हिस्सा है। बंकिम चंद्र चटर्जी 19वीं सदी के दौरान 24 परगना के डिप्टी मजिस्ट्रेट हुआ करते थे। बारासात संसदीय क्षेत्र के तहत सात विधानसभाएं आती हैं। इनमें हावड़ा, अशोक नगर, राजरहाट न्यू टॉउन, बिधाननगर, मध्यमग्राम और देगंगा शामिल हैं।

जब 1952 में देश में पहला आम चुनाव हुआ तो बारासात सीट को शांतिपुर लोकसभा सीट के नाम से जाना जाता था। उस समय कांग्रेस प्रत्याशी अरुण चंद्र गुहा चुनाव जीते। वर्ष 1998 के चुनावों में बारासात सीट की तस्वीर बदल गई और तृणमूल कांग्रेस ने पहली बार यहां खाता खोला। तृणमूल के डॉ. रंजीत कुमार पांजा ने 1998 और 1999 के चुनावों में लगातार जीत हासिल की। यह क्षेत्र तृणमूल कांग्रेस का गढ़ रहा है।

**पिछला जनादेश-**

बारासात सीट से तृणमूल कांग्रेस ने तत्कालीन सांसद काकोली घोष दस्तीदार को ही चुनाव मैदान में उतारा था, वहीं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने हरपद बिस्वास, भाजपा ने मृणाल कांति देवनाथ, बसपा से सुकुमार बाला, कांग्रेस से सुब्रत दत्ता और शिवसेना से बानी चक्रवर्ती चुनाव लड़ रहे थे। इस सीट से तृणमूल के काकोली घोष दस्तीदार ने जीत हासिल की, उन्हें छह लाख 48 हजार 444 वोट मिले थे। जबकि भाजपा के मृणाल कांति देवनाथ पांच लाख 38 हजार 275 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के हरपद विस्वास एक लाख 24 हदार 068 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बारासात सीट पर 81.19 फीसदी वोटिंग हुई थी।

# राजीव गांधी हत्याकांड के तीन दोषी श्रीलंका लौटे

**एजेंसी। चेन्नई**

राजीव गांधी हत्याकांड के दोषी बुधवार को श्रीलंका लौट गए। वो तमिलनाडु के तिरुची में स्पेशल कैंप में रह रहे थे। अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। बीते मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद सभी दोषियों के श्रीलंका जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। बता दें कि श्रीलंका जाने वालों में मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार हैं। श्रीलंकाई अधिकारियों ने उनके सभी दस्तावेज मुहैया करा दिए हैं। 12 नवंबर 2022 से सभी आरोपी तिरुचि में केंद्रीय कारागार के पास स्पेशल कैंप



में थे। एससी से आदेश मिलने के बाद सभी दोषियों की रिहाई का मार्ग प्रशस्त हो सका था। चौथा दोषी, जो कैंप में था, उसका नाम संथन उर्फ टी.सुथेनथिराराजा है। संथन की बीते 21 फरवरी को किडनी फेल होने की वजह से राजीव गांधी अस्पताल में मौत हो गई थी। उसे अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए वापस कोलंबो जाना था। हालांकि, उसका निधन हो गया।

# मुझ पर दबाव बनाया जा रहा है, भाजपा में आओ या तिहाड़ जाओ : महुआ मोइत्रा

**एजेंसी। कोलकाता**

घूस लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों में केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर रहीं तृणमूल उम्मीदवार महुआ मोइत्रा ने अब चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा है कि उन पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। बुधवार को उन्होंने कहा कि मेरे लिए भाजपा के दरवाजे खुले हैं। भाजपा में शामिल हो गए तो ठीक है नहीं तो तिहाड़ जेल में जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।



हालांकि किसने उनसे ऐसा कहा है, किस आधार पर वह ऐसा दावा कर रही हैं, इस बारे में महुआ ने कुछ नहीं बताया है। उल्लेखनीय है कि घूस लेकर संसद में सवाल पूछने की वजह से संसद सदस्यता से बर्खास्त की गई महुआ के खिलाफ ईडी ने फेमा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। एक दिन पहले ही उनके खिलाफ विदेशी मुद्रा रोकथाम अधिनियम पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया गया है। ऐसे मामलों में गिरफ्तारी लगभग तय होती है। इस बीच महुआ का इस तरह का बयान अपने आप में खास है। दिलचस्प बात ये है कि भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने भी दावा किया था कि लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के पहले ही महुआ गिरफ्तार हो जाएंगी।

# बिहार बीजेपी के कद्दावर नेता सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित, चुनाव में नहीं करेंगे प्रचार

**एजेंसी। पटना**



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी इस लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कोई काम नहीं कर पाएंगे और नहीं किसी उम्मीदवार के लिए प्रचार कर पाएंगे। वे पिछले छह महीने से कैंसर से पीड़ित हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी ने बुधवार को इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए सार्वजनिक की।

सुशील कुमार मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। प्रधानमंत्री को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित।

## आज का राशिफल

**मेष** — योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृषभ** — व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**मिथुन** — लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**कर्क** — सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह** — अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या** — कन्या : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला** — कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृश्चिक** — वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करें सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।

**मकर** — भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कुम्भ** — जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे।

**मीन** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

# फिनलैंड के स्कूल में 12 साल के छात्र ने की गोलीबारी, 1 बच्चे की मौत 2 घायल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फिनलैंड के वांटा शहर में मंगलवार को एक स्कूल में 12 वर्षीय एक छात्र ने गोलीबारी कर दी। इस घटना में घायल एक छात्र की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने हमलावर छात्र को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार गोलीबारी की घटना के बाद पीड़ित बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। स्कूल की इमारत को पुलिस ने घेर लिया। हिरासत में लिये गए छात्र के अलावा इस मामले में फिलहाल कोई अन्य संदिग्ध नहीं है। फिनलैंड के राष्ट्रपति इल्का कोस्किमाकि ने इस दुखद घटना पर कहा कि जिन छात्रों को गोली लगी है, वे सभी 12 साल के हैं । इनमें से एक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हैं। घटना पर फिनलैंड सरकार ने राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान राष्ट्रीय परिसरों और संस्थानों पर लगा राष्ट्र ध्वज आधा झुका रहेगा। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में इस्तेमाल हथियार एक पंजीकृत हैंडगन है। इसका लाइसेंस उस छात्र के रिश्तेदार के पास था। प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने कहा कि गोलीबारी बेहद चौंकाने वाली घटना है।

### बीजापुर में हुई मुठभेड़ में मारे गए 13 नक्सलियों की पहचान की जा रही

**बीजापुर।** जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेंड्रा के जंगल में हुई मुठभेड़ में 03 महिला नक्सली सहित कुल 13 नक्सलियों के शव बरामद किया गया है, जिसकी शिनाख्तगी की जा रही है। मारे गये नक्सलियों में अधिकाशतः पीएलजीए कंपनी नम्बर 02 के होने की संभावना है। वहीं बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने का दावा मुठभेड़ में शामिल डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त बल के जवानों ने किया है।

# लोस चुनाव : बसपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**एजेंसी। लखनऊ**

लोस चुनाव को लेकर बसपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने बुधवार को लोस चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। बसपा प्रमुख मायावती, दूसरे नम्बर पर भतीजे आकाश आनंद व तीसरे नम्बर पर सतीश चंद्र मिश्रा व चौथे नम्बर पर विश्वनाथ पाल है। इसके अलावा उमाशंकर सिंह, मुनकाल अली, राजकुमार गौतम, समसुद्दीन राईन, सूरज सिंह जाटव, गोरेलाल जाटव, सतपाल पीपला, कुलदीप जाटव, डा. कमल सिंह, जगरूप जाटव, तिलक चौधरी, बालकराम जाटव, रवि जाटव, रणवविजय सिंह, जाफर मालिक, विजय सिंह है। इसी तरह हरपाल सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह, टीकाराम सैनी, धनीराम, डॉ. ओमकार सिंह, दिनेश बघेल,डा. अशोक सिंह, बिजेंद्र सिंह विक्रम, रणवीर सिंह कश्यप, संतोष आनंद, रविन्द पारस, सत्य प्रकाश कर्दम, दारा सिंह आजाद, जयपाल सिंह, विक्रम भाटी, दयाराम सैन, नरेश गौतम, सोमपाल सिंह, मुकेश चन्द्र व गोवर्धन सिंह सूची में शामिल है।

### गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी लोस सीट से चुनाव लड़ेंगे



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस छोड़ने के बाद गुलाम नबी आजाद ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) नाम से अपनी पार्टी बनाई। डीपीएपी सूत्रों ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ेंगे।

# रास से रिटायर हुए मनमोहन सिंह, 33 साल तक रहे सांसद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बुधवार को राज्यसभा से रिटायर हो गए। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे 91 वर्षीय मनमोहन सिंह के लिए बतौर सांसद यह आखिरी पारी थी। मनमोहन सिंह के अलावा वर्तमान सरकार के दो वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यकाल भी बुधवार को राज्यसभा में समाप्त हो गया। राज्यसभा सांसद व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का राज्यसभा में कार्यकाल समाप्त हो गया।

मनमोहन सिंह लगभग 33 वर्ष तक राज्यसभा के सांसद रहे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई वित्तीय व प्रशासनिक सुधारों की शुरूआत की। वर्ष 1991 में वह पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे। उसी साल वह 1991 से 1996 तक तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री और 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे।



बुधवार को दो केंद्रीय मंत्री भी राज्यसभा से रिटायर्ड हो गए, इनके साथ ही मंगलवार को पांच अन्य केंद्रीय मंत्री राज्यसभा से रिटायर्ड हुए थे। यानि दो दिनों में सात केंद्रीय मंत्री राज्यसभा से सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री पुरषोत्तम रूपाला, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर, विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन हैं। इनमें से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुरुगन को छोड़कर बाकी सभी केंद्रीय मंत्री लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

राज्यसभा से रिटायर्ड होने वाले सांसदों में समाजवादी पार्टी की जया बच्चन भी शामिल हैं। हालांकि जया बच्चन को एक बार फिर से समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा भेजा है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रसिद्ध अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी का भी राज्यसभा में कार्यकाल समाप्त हो गया। लेकिन उन्हें फिलहाल राज्यसभा में दोबारा एंट्री नहीं मिली है। अभिषेक मनु सिंघवी ने हिमाचल से राज्यसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन यहां क्रॉस वोटिंग के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा।

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी राज्यसभा से रिटायर्ड हो गए हैं। वह उत्तराखंड की गढ़वाल सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी भी राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। पार्टी ने उन्हे दोबारा राज्यसभा के लिए नामांकित नहीं किया है।

गौरतलब है कि मनमोहन सिंह की रिटायरमेंट से एक दिन पहले मंगलवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक भावुक पत्र लिखा था। अपने इस पत्र में खड़गे ने कहा कि मनमोहन सिंह ने बहुत समर्पण और निष्ठा से देश सेवा की और गरीबों के लिए काम किया। उन्होंने लिखा कि मनमोहन सिंह ऐसे शख्स रहे हैं जिनकी सलाह को वह महत्व देते हैं।



# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बांग्लादेश टी-२० दौरा २८ अप्रैल से

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा 28 अप्रैल से शुरू होगा। भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे पर पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी, जिसमें तीन दिन-रात के मैच शामिल हैं।
सिलहट सभी पांच मैचों की मेजबानी करेगा। तीन दिन-रात के मैच मुख्य स्टेडियम में खेले जाएंगे, और दो मैच बाहरी स्थल पर आयोजित किए जाएंगे। दिन-रात के मैच स्थानीय समयानुसार शाम 6.30 बजे और दिन के मैच दोपहर 2 बजे शुरू होंगे।
भारत इस श्रृंखला को 2024 टी20 विश्व कप की तैयारी के रूप में देखेगा, जो सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में ही खेला जाएगा।
यह भारत का दो साल में बांग्लादेश का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा दौरा है। 2023 में, उन्होंने तीन टी-20 और इतने ही वनडे मैच खेले थे। उन्होंने टी20 सीरीज 2-1 से जीती, जबकि वनडे सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही।

**श्रृंखला के कार्यक्रम इस प्रकार है**

- 28 अप्रैल - पहला टी20 मैच (दिन-रात)
- 30 अप्रैल - पहला टी20 मैच (दिन-रात)
- 2 मई - तीसरा टी20 मैच (दिन)
- 6 मई - चौथा टी20 मैच (दिन)
- 24 मई - 5वां टी20 मैच (दिन-रात)




# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती आज



**एजेंसी। अहमदाबाद**
मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।
पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।
मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी।
पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं।
राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और वह तो अपने कोटे के ओवर भी पूरे नहीं कर पाए। भारत के डेथ ओवरों के यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसने पंजाब की मुश्किलों को बढ़ा दिया है।
टाइटंस ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी योजनाओं को काफी अच्छी तरह से क्रियांवित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाज अब तक एकजुट प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन गेंदबाजी इकाई ने शुरूआती मैच में स्कोर का बचाव

## इंडियन प्रीमियर लीग-2024

| टीम | मैच | जीत | हार | मिले अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| आरआर | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.279 |
| केकेआर | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.047 |
| सीएसके | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.976 |
| एलएसजी | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.483 |
| जीटी | 3 | 2 | 1 | 1 | -0.738 |
| एसआरएच | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.204 |
| डीसी | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.016 |
| पीबीसेएस | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.337 |
| आरसीबी | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.876 |
| एमआई | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.423 |

**रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुबमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, अजमतुल्लाह उमरजई, विजय शंकर, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, नूर अहमद, मोहित शर्मा, उमेश यादव**

**पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), जेएम बेयरस्टो, एसएम कुरेन, जेएम शर्मा (विकेटकीपर), एलएस लिविंगस्टोन, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, हर्षल पटेल, कगिसो रबाडा, अर्शदीप सिंह**

## एसआरएच के खिलाफ सीएसके के लिए नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर रहमान

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के आगामी मैच में चूकने की उम्मीद है क्योंकि वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारी के लिए अपने अमेरिकी वीजा की प्रक्रिया की सुविधा के लिए अपने देश वापस चले गए हैं। टी20 विश्व कप 26 मई को चेन्नई में आईपीएल फाइनल के एक हफ्ते से भी कम समय बाद 1 जून को शुरू होगा। रिपोर्ट के अनुसार सीएसके शुक्रवार को अपने घर के बाहर मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी और मुस्ताफिजुर के रविवार या सोमवार को लौटने की उम्मीद है, यह इस पर निर्भर करेगा कि उन्हें अपना पासपोर्ट कब वापस मिलता है। बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष ने कहा, 'मुस्तफिजुर आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिकी वीजा प्रयोजनों के लिए आईपीएल से कल रात पहुंचे। वह कल (4 अप्रैल) अमेरिकी दूतावास में अपना फिंगरप्रिंट देंगे और बाद में चेन्नई में शामिल होने के लिए भारत वापस आएंगे।'

## खबरें व्यापार जगत की

### कमजोर वैश्विक रुझानों से जूझ रहे हैं भारतीय शेयर बाजार



**मुंबई।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बुधवार को कहा कि सकारात्मक विनिर्माण पीएमआई डेटा और चौथी तिमाही के परिणामों से उम्मीद के कारण भारतीय बाजार कमजोर वैश्विक रुझानों से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, आने वाले कुछ दिनों में बाजार में उछाल आने की संभावना है। इस बीच, मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने जून में अमेरिकी फेड दर में कटौती पर संदेह पैदा कर दिया है। बाजार को उम्मीद थी कि दर में कटौती होगी। बुधवार देर रात होने वाले यूएस फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण पर भी बाजार नजर बनाए हुए है। नायर ने कहा, उनके बयान से वैश्विक बाजार में राहत लौट सकती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि नकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण कमजोर शुरूआत के बाद निफ्टी में पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा। इसके बावजूद, सेंटीमेंट्स मजबूत बने हुए हैं। बुधवार को सेंसेक्स 27.09 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 73,876.82 पर, जबकि निफ्टी 18.60 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 22,434.65 पर बंद हुआ।

### सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10,000 टन प्याज निर्यात की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिए संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब ईद का त्योहार नजदीक आ रहा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा मंगलवार देर रात जारी किया गया यह आदेश 14,400 टन प्याज के अतिरिक्त होगा, जिसे पहले 1 मार्च को संयुक्त अरब अमीरात में निर्यात करने की अनुमति दी गई थी। यह एनसीईएल के जरिए किया जा रहा है, जिसने हर तिमाही के लिए 3,600 मीट्रिक टन की मात्रा सीमा तय कर रखी है। बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 8 दिसंबर, 2023 को शिपमेंट पर प्रतिबंध की घोषणा के बाद से मित्र देशों के प्रति की गई प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए अब तक 79,150 टन प्याज को निर्यात के लिए मंजूरी दे दी गई है। अल नीनो से प्रेरित सूखे के कारण सरकार को वित्तवर्ष 2023-24 के दौरान प्याज निर्यात को विनियमित करने के लिए नीतिगत उपाय करने की जरूरत पड़ी। इन उपायों में 19 अगस्त, 2023 को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाना, 29 अक्टूबर, 2023 से 800 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाना और 8 दिसंबर, 2023 से निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। प्याज की बढ़ती कीमतों के साथ केंद्र सरकार अपने बफर स्टॉक से मुख्य सब्जी जारी कर रही है। इसने 26 मार्च को एनसीसीएफ और एनएएफईडी को चालू रबी-2024 फसल के दौरान देश की बफर जरूरत के लिए सीधे किसानों से 5 लाख टन प्याज खरीदने का निर्देश दिया था। रबी प्याज की फसल देश में प्याज की उपलब्धता के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह देश में वार्षिक उत्पादन में 72 -75 प्रतिशत का योगदान देती है। सालभर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रबी प्याज भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें खरीफ प्याज की तुलना में बेहतर शेल्फ जीवन होता है और इसे नवंबर-दिसंबर तक आपूर्ति के लिए संग्रहीत किया जा सकता है।

# झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल आठ से रांची में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीनियर फेडरेशन कप राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2024 में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य सीनियर फेडरेशन कप पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती चयन ट्रायल का आयोजन 08 अप्रैल से प्रातः 09:00 बजे बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 20 साल (2004) एवं इससे ऊपर के सभी पहलवान भाग ले सकते हैं। एवं 18 एवं 19 साल (2005/2006 जन्मतिथि) के प्रतिभागी मेडिकल सर्टिफिकेट/ पैरेंटल सर्टिफिकेट के साथ भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए अपने साथ पंचायत या नगर परिषद द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रति और अपना पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा।

**खिलाड़ियों के भार वर्ग निम्न है**

| पुरुष फ्रीस्टाइल | पुरुष ग्रीको रोमन | महिला भार वर्ग |
|---|---|---|
| 1-57 केजी | 1-55 केजी | 1-50 केजी |
| 2-61 केजी | 2-60 केजी | 2-53 केजी |
| 3-65 केजी | 3-63 केजी | 3-55 केजी |
| 4-70 केजी | 4-67 केजी | 4-57 केजी |
| 5-74 केजी | 5-72 केजी | 5-59केजी |
| 6-79 केजी | 6-77 केजी | 6-62 केजी |
| 7-86 केजी | 7-82 केजी | 7-65 केजी |
| 8-92 केजी | 8-87 केजी | 8-68 केजी |
| 9-97 केजी | 9-97 केजी | 9-72 केजी |
| 10-125 केजी | 10-130 केजी | 10-76 केजी |

## श्रीलंका ने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पाकिस्तान को पछाड़ा



**चटगांव :** दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश पर 192 रनों की जोरदार जीत के बाद श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में पाकिस्तान को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। श्रीलंका ने बुधवार को दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पांचवें दिन शुरूआती सत्र के दौरान जीत हासिल की जिसमें जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में खालिद अहमद बांग्लादेश के अंतिम बल्लेबाज थे जबकि धनंजय डी सिल्वा की अगुवाई वाली टीम ने जीत हासिल की। श्रृंखला की जीत ने श्रीलंका को पाकिस्तान से आगे निकलने और 50 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ अपडेटिड डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत (प्रथम), ऑस्ट्रेलिया (दूसरे) और न्यूजीलैंड (तीसरे) की टीमें श्रीलंका से आगे रहीं हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश दक्षिण अफ्रीका के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गया। श्रीलंका को इस चक्र में अभी भी दो घरेलू श्रृंखलाएं खेलनी हैं जिसमें इस साल के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच और फिर 2025 की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो और टेस्ट मैच शामिल हैं। उनका अगला काम अगस्त में इंग्लैंड में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला है। बांग्लादेश इस साल के अंत में पाकिस्तान से खेलेगा जब वे दो टेस्ट मैचों के लिए यात्रा करेंगे।

# चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हुए गेंदबाज शिवम मावी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं।
फ्रेंचाइजी द्वारा इंस्टाग्राम पर बुधवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में, मावी ने चोट की प्रकृति बताए बिना कहा, ₹मैं (टूर्नामेंट) को बहुत मिस करूंगा। मैं चोट के बाद यहां आया था और सोचा था कि मैं अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा प्रदर्शन करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से, मुझे टीम का साथ छोड़ना होगा क्योंकि मुझे चोट लग गई है। इसके लिए एक क्रिकेटर को मानसिक रूप से मजबूत होना होगा। अगर आपको चोट लगती है, तो आपको यह देखना होगा कि वापसी करने के लिए आपको क्या करना है, किन चीजों का ध्यान रखना है। हमें बहुत अच्छी टीम मिली। मैं टीम का हौसला बढ़ाता रहूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।
मावी, जिन्हें इस साल की नीलामी में एलएसजी ने 6.4 करोड़ रुपये में खरीदा था, ने आखिरी बार प्रतिस्पर्धी मैच अगस्त 2023 में खेला था। एलएसजी वर्तमान में तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। मावी ने इनमें से कोई भी मैच नहीं खेला।




# पदक जीत कर लौटे थापा और टीम का रांची में भव्य स्वागत

**रांची।** चतुर्थ सीनियर मेंस नेशनल योगासन प्रतियोगिता में झारखंड के रोशन थापा ने सीनियर बी ग्रुप में सिल्वर मेडल जीता है। साथ ही, जगदीश सिंह ने ऑल इंडिया लेवल पर 16वां स्थान प्राप्त किया है। झारखंड के अन्य खिलाड़ियों ने भी दमदार प्रदर्शन किया है। रांची लौटने पर झारखंड योगासन टीम का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत हुआ, जिसमें योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड की पूजा सिंह भी शामिल थीं। ज्ञात हो की चतुर्थ फेडरेशन नेशनल योगासन प्रतियोगिता पीएसएनए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डिंडीगुल, तमिलनाडु में विगत 29 से 31 मार्च तक आयोजित हुई थी। झारखंड टीम में 9 खिलाड़ियों के साथ कोच घनश्याम यादव भी थे। पीएसएनए कॉलेज में आयोजित मेडल सेरेमनी में योगासन भारत के जनरल सेक्रेटरी डॉ जयदीप आर्य ने झारखंड के रोशन थापा को सिल्वर मेडल से नवाजा। इस अवसर पर रचित कौशिक, जयंती, पियूषकांत मिश्रा के अलावा योगासन भारत के सभी जज, टेक्निकल ऑफिशल मौजूद थे। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रेसिडेंट संजय सिंह, सेक्रेटरी बिपिन पांडे, झारखंड महिला योगासन प्रशिक्षक पूजा सिंह ने रोशन थापा और टीम को शुभकामनाएं दी है।
टीम में शामिल खिलाड़ियों का चयन पिछले दिनों आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ था। टीम में करण कुमार, रेंजर सिंह सरदार, विक्रम, वैभव, पिंटू, जगदीश सिंह, जसपाल सिंह, झारखंड पुलिस से संदीप पांडे, रोशन थापा शामिल थे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी आगे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत योगासना की तरफ से भाग लेंगे। योगासन झारखंड के समस्त सदस्यों ने भी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## टी20 विश्व कप में वापसी कर सकते हैं जोफ्रा आर्चर

**लंदन :** पिछले कुछ समय से चोटिल होने के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और वह इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं। आर्चर की काउंटी टीम ससेक्स के कोच पॉल फारब्रेस ने कहा कि यह 29 वर्षीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड के ओली रॉबिंसन और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और योजना उन्हें टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है। फारब्रेस ने कहा, ह्यपिछले सप्ताह अभ्यास के दौरान पहले ओलिवर (रॉबिंसन) और फिर जेडन ने गेंदबाजी की। इनके बाद जोफ्रा गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने असाधारण गति से गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, अभी (जेम्स) कीसी (ससेक्स के गेंदबाजी कोच) की योजना बिल्कुल स्पष्ट है।

## बंगाल आयोजित करेगा पहला राज्य स्तरीय फ्रैंचाइजी टी20 महिला टूर्नामेंट



- टूर्नामेंट आठ टीमों के बीच 21 दिन के भीतर जून में आयोजित होगा
- पुरुष और महिलाओं के मैच होंगे
- पुरुषों की टीम में 17 खिलाड़ी होंगे और महिलाओं की टीमों में 16 खिलाड़ी

**एजेंसी। कोलकाता**
बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने घोषणा की है कि वह जून में इस साल बंगाल प्रो टी20 टूर्नामेंट आयोजित करेगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में मैच होंगे। यह भारत में किसी संघ द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला फ्रैंचाइजी टी20 महिला टूर्नामेंट होगा। बीसीसीआई पहले ही महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) आयोजित करती है और कर्नाटक और महाराष्ट्र की पुरुष टी20 लीगों में भी महिलाओं के एक्जीबिशन मैच होते रहे हैं, लेकिन अब तक पुरुषों के टूर्नामेंट की तरह देश में ऐसा टूर्नामेंट नहीं हुआ। कैब के अध्यक्ष स्नेहशीष गांगुली ने कोलकाता में पत्रकार वार्ता में इन दो लीगों के बारे में जानकारी दी। टूर्नामेंट आठ टीमों के बीच 21 दिन के भीतर जून में आयोजित होगा जिसमें पुरुष और महिलाओं के मैच होंगे। पुरुषों की टीम में 17 खिलाड़ी होंगे और महिलाओं की टीमों में 16 खिलाड़ी, सभी खिलाड़ी और कोच बंगाल के ही होने चाहिए। पुरुषों के मैच ईडन गार्डंस और महिलाओं के मैच जादवपुर यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर होंगे, जो सीनियर घरेलू मैचों का भी वेन्यू रहा है। हर दनि दो मैच होंगे, महिलाओं के मैच सुबह और दोपहर तो पुरुषों के मैच दोपहर और शाम को खेले जाएंगे। सभी नियम आईपीएल आधारित होंगे। गांगुली ने कहा, सभी आठ टीम फ्रैंचाइजी बेस होंगी, जो भारत में राज्य संघ द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला टूर्नामेंट होगा। अभी हमने फ्रैंचाइजी फाइनल नहीं की है, कुछ दिन बाद इसकी घोषणा की जाएगी। सभी टीम पूरी तरह से फ्रैंचाइजी द्वारा खरीदी गई होंगी और सभी खिलाड़ियों को सैलरी कैप से पैसे दिए जाएंगे। कैब लीग का कोई खर्चा नहीं उठाएगा।
गांगुली ने कहा, लंबे समय से यह आलोचना चल रही थी कि बंगाल के क्रिकेटरों को तमिलनाडु या कर्नाटक की तरह मौके नहीं मिलते हैं। यह उसका जवाब है। बंगाल में बहुत कौशल है लेकिन उनके पास अब तक एक बेहतर प्लेटफॉर्म नहीं था। यह उनके लिए एक शानदार मौका होगा। पता चला है कि तमिलनाडु क्रिकेट संघ भी एक महिला टी20 टूर्नामेंट का प्लान कर रहा है, जो तमिलनाडु प्रीमियर लीग के साथ ही खेला जाएगा, लेकिन यह प्लान अब तक जमीन पर नहीं उतर पाया है।

# कमल पर कंघी छाप की सवारी, टिकट पाने में बाहरी प्रत्याशियों का पलड़ा भारी

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, इसके 15 करोड़ से अधिक केवल प्राथमिक सदस्य हैं। इसके बावजूद चुनाव जीतने के लिए भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व अपने कोर कैडरों के साथ दूसरे दलों के बड़े चेहरों का टिकट देने में कोई संकोच नहीं करती है। यह रणनीति मोदी-शाह की ही नहीं रही है, बल्कि अटल-आडवाणी के समय से ही इस नीति को खूब अपनाया गया और इसमें भाजपा को सफलता भी मिली है। भाजपा में कई ऐसे नेता आज भी हैं, जो दूसरे दल से भाजपा में आ कर पार्टी को ना सिर्फ मजबूती दे रहे हैं, बल्कि एक बड़े चेहरे के रूप में उनकी पहचान बन चुकी है। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने झारखंड में इसी रणनीति को अपनाया है। सभी 14 सीटों पर जीत के लिए पार्टी ने अपने मूल कैडरों से कहीं अधिक बाहर के नेताओं पर ज्यादा भरोसा जताया है। भाजपा ने अपने कोटे के 13 में से केवल तीन मूल कैडर को ही टिकट दिया है, जबकि 10 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो दूसरे पार्टी से भाजपा में शामिल हुए हैं। लेकिन पार्टी के बड़े चेहरों में शुमार हैं।

**झामुमो के कद्दार नेता थे विद्युत वरण महतो**

जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो कभी झामुमो के कद्दावर नेता माने जाते थे, कुर्मी जाति में उनकी जबरदस्त पकड़ है। 2014 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विद्युत वरण ने झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें जमशेदपुर से प्रत्याशी बनाया। मोदी लहर के कारण वे जीतने में भी सफल रहे, 2019 में भी विद्युत वरण महतो ने जीत दर्ज की और अब हैट्रिक जीत की तैयारी में हैं।

**घर वापसी पर मिला लोकसभा का टिकट**

राजमहल सीट से भाजपा ने ताला मरांडी को अपना प्रत्याशी बनाया है। ताला मरांडी पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। एक विवादास्पद मामले के कारण पार्टी ने उनसे दूरी बना ली थी, 2019 में रघुवर सरकार की कई नीतियों का विरोध करने की वजह से बोरियो से उनका टिकट काटा गया था। ऐसे में वह आजसू पार्टी में शामिल हो गए थे और बोरियो से विधानसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें उनकी हार हुई थी। 2022 में वह वापस भाजपा में लौट आये और 2024 में राजमहल से लोकसभा का टिकट भी मिल गया।

**निशिकांत, समीर उरांव और बीडी राम ही मूल कैडर**

भाजपा के दस प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो कभी ना कभी दूसरे दल में थे या भाजपा छोड़ कर दूसरे दल में गए, फिर घर वापसी की, सिर्फ तीन ही ऐसे प्रत्याशी हैं, जो भाजपा के मूल कैडर हैं, जिनकी आस्था शुरू से लेकर अब तक भाजपा के साथ जुडी रही, उसमें पहला नाम गोड्डा के सांसद व प्रत्याशी निशिकांत दुबे, लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव और पलामू के प्रत्याशी बीडी राम हैं। बीडी राम झारखंड के डीजीपी पद से सेवानिर्वृत होने के बाद सीधे भाजपा से जुड़े और पलामू से चुनाव लड़ कर सांसद बने हैं।

## जेवीएम में रहे नेताओं की चांदी



बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) में उनके साथ रहने वाले विश्वासपात्र नेताओं की खूब सुनी गई। इनमें ढुल्लू महतो, कालीचरण सिंह, मनीष जायसवाल का नाम सबसे उपर है। रांची के संजय सेठ भी कभी बाबूलाल मरांडी के करीबी माने जाते थे, लेकिन 2019 में अलग होकर भाजपा से लोकसभा का टिकट पाने में सफल रहे और जीत भी हासिल की। लेकिन ढुल्लू महतो, कालीचरण सिंह और मनीष जायसवाल तो बाबूलाल के कारण ही टिकट पाने में सफल रहे। ढुल्लू महतो सबसे पहले जेवीएम के टिकट पर ही बाघमारा से सांसद बने, लेकिन बाद वे भाजपा में शामिल हो गए, लेकिन धनबाद से भाजपा के लिए हैट्रिक जीत हासिल करने वाले पीएन सिंह जैसे नेता का टिकट काट कर ढुल्लू महतो को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

## झामुमो से भाजपा में आए थे



वर्तमान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज झारखंड में भाजपा के सबसे बड़े आदिवासी चेहरा माने जाते हैं, लेकिन अर्जुन मुंडा पहले झामुमो में थे और 1995 में खरसावां से झामुमो के टिकट पर विधायक भी रह चुके हैं। लेकिन 2000 में वे भाजपा में शामिल हुए।भाजपा ने इन्हें भरपूर सम्मान दिया, तीन बार मुख्यमंत्री बनाया और 2019 में खूंटी से लोकसभा का टिकट दिया, चुनाव जीतने के बाद मोदी सरकार में जनजातीय मंत्री और कृषि मंत्री बनाए गए।

## अन्नपूर्णा देवी, सीता सोरेन और गीता कोड़ा भी दूसरे दल से भाजपा में हुई शामिल



भाजपा ने इस बार तीन महिला सांसदों को टिकट दिया है, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, सिंहभूम से गीता कोड़ा और दुमका से सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। लेकिन तीनों महिला प्रत्याशी भाजपा की मूल कैडर नहीं हैं। 2019 में अन्नापूर्णा देवी राष्ट्रीय जनता दल से भाजपा में शामिल हुई थी और कोडरमा सीट से चुनाव जीत कर मोदी सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री बनी।







चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी बाबूलाल के काफी करीबी माने जाते हैं। कालीचरण सिंह को भी सीटिंग सांसद सुनील सिंह की जगह उम्मीदवार बनाया है। भारतीय जनता किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रहने वाले कालीचरण सिंह ने भी दो दो बार भाजपा छोड़ी और झाविमो में शामिल हुए और फिर वापस लौटे। रांची के सांसद संजय सेठ एक समय भाजपा छोड़ कर बाबूलाल के साथ उनकी पार्टी में शामिल हो गए थे। जहां वे जेवीएम के केंद्रीय प्रवक्ता थे। केंद्रीय प्रवक्ता के रूप में भाजपा पर कई बार तीखा हमला भी बोलते थे।

## बीजेपी मतलब बाहरी जनता पार्टी

भाजपा के दस बाहरी प्रत्याशी को लेकर झामुमो नेता तंज कस रहे हैं। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि अब बीजेपी का मतलब बाहरी जनता पार्टी हो गई है। भाजपा में या तो बाहरी यानी दूसरी पार्टी के नेताओं को मौका मिलता है या फिर दूसरे राज्य के लोगों को। उन्होंने कहा कि जनसंघ और अटल आडवाणी के समय से भाजपा समर्पित कार्यकर्ता की कोई पूछ नहीं है।

## हमारी चिंता छोड़, अपनी परवाह करे

झामुमो प्रवक्ता के बयान पर भाजपा ने जोरदार पलटवार किया है। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि झामुमो को अपनी चिंता करनी चाहिए। भाजपा एक लोकतांत्रिक राजनीतिक दल है इसमें सभी को बराबर सम्मान मिलता है और सबका एक ही लक्ष्य है अबकी बार 400 पार। राज्य की सभी14 सीट जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी का सभी नेता और कार्यकर्ता समर्पित होकर काम कर रहे हैं ।

## जेल से हेमंत का संदेश, समर्पित कार्यकर्ता को ही मिले टिकट

**रांची।** एक तरफ भाजपा जहां बाहरी उम्मीदवारों पर भरोसा कर रही है, वहीं झामुमो पार्टी के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता पर ही भरोसा करने की रणनीति बना रही है। जानकारी के अनुसार पूर्व सीएम और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने जेल से ही पार्टी के नेताओं और सीएम चंपई सोरेन को लोकसभा चुनाव में समर्पित कार्यकर्ता को ही टिकट देने का संदेश भिजवाया है। उन्होंने अपने संदेश में साफ कहा है कि वैसे ही कार्यकर्ता को टिकट दें, जो पार्टी से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। किसी आयातित को टिकट न दें।



गौरतलब है कि जमशेदपुर में भाजपा से एक नेता को लाकर टिकट देने की अफवाह उड़ी थी। जबकि उक्त नेता का पार्टी की जिला समिति ने कड़ा विरोध किया था इसके बाद यह मामला हेमंत सोरेन के पास पहुंचा। तब उन्होंने स्पष्ट संदेश भिजवाया को आयातित नहीं, समर्पित नेताओं को ही दें टिकट।

गौरतलब है कि झामुमो प्रदेश में राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर व सिंहभूम से उम्मीदवार खड़ा करेगा। जमशेदपुर सीट से एक भाजपा नेता का नाम सामने रहा था, लेकिन जिला कमेटि के विरोध के बाद उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। झामुमो ने अभी तक किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। झामुमो प्रवक्ता का कहना है कि सभी सीटों पर जब कांग्रेस घोषणा कर देगी, सके बाद ही झामुमो अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करेगा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह का दायित्व मिलने के बाद आलोक कुमार के रांची आगमन पर उनका स्वागत करते विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत।

# हाई कोर्ट ने जिलों के एसपी से पूछा, मांस की अवैध दुकानों पर क्या कार्रवाई हुई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में राजधानी सहित राज्य में मांस विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जिलों के एसएसपी-एसपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए उनसे पूछा है कि कोर्ट के पिछले आदेश के आलोक में अवैध रूप से संचालित मीट शॉप पर क्या कार्रवाई हुई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में मीट शॉप पर अभी भी बकरा एवं मुर्गों का खुले में प्रदर्शन जारी है। अवैध रूप से संचालित मीट दुकानों पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शहर में अवैध





रूप से संचालित कुछ दुकानों को चिह्नित किया गया है उसकी रिपोर्ट एसएसपी को भेजी गई है। यह भी बताया गया कि कांके में बकरा को काटने के लिए एक स्लॉटर हाउस बनाया गया है लेकिन अभी वहां बहुत कम मीट शॉप संचालक बकरे का मांस कटवाने पहुंचते हैं। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका एवं अधिवक्ता अभय शंकर ने पक्ष रखा।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित कर रांची एवं झारखंड के अन्य जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध रूप से चलने वाले मीट शॉप पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। इसके अलावा रांची नगर निगम और राज्य सरकार से पूछा गया कि मांस की दुकानों में जानवरों के शवों को काले शीशे के दरवाजे और पर्दे से ढके जाने पर जो रेगुलेशन है उसे लागू करने के लिए क्या कार्रवाई की गयी है। कोर्ट ने राज्य के जिलों के डीसी एवं एसपी को निर्देश दिया है कि वह मांस विक्रेताओं के खिलाफ जांच अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करने को कहा था कि उनके पास लाइसेंस है या नहीं, जिन मीट शॉप विक्रेताओं के पास लाइसेंस नहीं है उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित की है।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी का सांगठनिक प्रवास चार अप्रैल से

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी चार से आठ अप्रैल तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। साथ ही, लोकसभा चुनाव के लिए गठित विधानसभा के प्रबंध समिति और संचालन समिति को बैठक में शामिल होंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी आगामी पांच दिनों तक प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। वाजपेयी चार अप्रैल को बोकारो, पांच अप्रैल को बाघमारा और धनबाद छह अप्रैल को जमशेदपुर, सात अप्रैल को सरायकेला एवं चाईबासा तथा आठ अप्रैल को खूंटी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### कैश सीजर मामलों में व्यापारियों को राहत दी जाए : चैंबर

**रांची।** चुनाव के दौरान कैश सीजर मामलों में व्यापारियों को राहत देने के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को पत्र लिया है। चैंबर के कोऑर्डिनेशन विद एडमिनिस्ट्रेशन उप समिति के चेयरमैन और कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया ने कहा कि चुनाव के दौरान होनेवाली परेशानी को देखते हुए झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कुछ जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके आलोक में झारखंड चैंबर कैश सीजर मामलों में व्यापारी वर्ग को रियायत देने की मांग करता है और आग्रह करता है कि कैश की बरामदगी होने पर उचित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर संबंधित लोगों की रकम वापस लौटा दी जाए। यह भी कहा गया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कैश सीजर मामले में वीडियोग्राफी भी कराए जाने का प्रावधान है। हमें उम्मीद कि आयोग द्वारा इसका अनुपालन अवश्य किया जा रहा होगा। निर्वाचन आयोग को प्रेषित पत्र के माध्यम से कहा गया है कि फिलहाल ईद, सरहुल, श्रीरामनवमी तथा सभी समुदाय में शादी-विवाह का सीजन भी है, जिससे लोग पूरे राज्य से अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी करने के लिए निकलते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लोगों को रियायत दी जाए।चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि दस्तावेज के साथ 2 लाख रुपये तक आपसी लेन-देन करनेवाले व्यापारियों को पूर्व की व्यवस्था में छूट दी गई थी। चुनाव के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इस के लिए निर्वाचन आयोग को इस मामले में उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

### रांची एयरपोर्ट पर पार्किंग शुल्क में मनमानी वसूली पर कार्रवाई हो : चैंबर

**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर पार्किंग शुल्क के नाम पर नियमित रूप से की जा रही अनियमितताओं की सूचना मिलने पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एयरपोर्ट निदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। चैंबर के सह सचिव अमित शर्मा ने कहा कि प्रबंधन के हस्तक्षेप से स्थितियों में कुछ सुधार हुआ था, किंतु फिर से यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें और मनमानी वसूली जैसी खबरें मिल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विमानपत्तन सलाहकार समिति की बैठकों में भी पार्किंग स्थल पर होनेवाले विवाद के समाधान के लिए निर्देशित किया गया है। किंतु, अभी भी ठेकेदार/संबंधित एजेंसी द्वारा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं घटित होना चिंतनीय है तथा इसकी त्वरित समीक्षा आवश्यक है। यह आग्रह किया गया कि एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा मामले की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदार को जरूरी निर्देश दिए जाएं, ताकि एयरपोर्ट स्थल पर यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। यह भी सुझाया गया कि पार्किंग स्थल के पास निर्धारित पार्किंग शुल्क और अवधि का उल्लेख करते हुए साइनेज बोर्ड का अधिष्ठापन किया जाए। इससे यात्रियों से होनेवाली मनमानी वसूली पर नियंत्रण बनाया जा सकेगा।

# अब चुनाव आयोग भी भाजपा के कंट्रोल में : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग की ओर से देवघर एसपी को हटाए जाने के मामले पर चुनाव आयोग सहित अन्य जांच एजेंसियों पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देवघर में एसपी को चुनाव आयोग के जरिये हटाया गया है, उससे यही लगता है कि अब चुनाव आयोग भी भाजपा के कंट्रोल में है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे और उनके परिजनों के खिलाफ फर्जीवाड़े के मामले में शिवदत्त



शर्मा ने 28 मार्च को जसीडीह थाने में एफआईआर की थी। जब एफआईआर दर्ज हो गया, तब इसके लिए जिम्मेवार एसपी को बताया गया। क्या एसपी को हटाकर दर्ज एफआईआर का अनुसंधान बंद किया जा सकता है।

भट्टाचार्य ने कहा कि कोई घोषित प्रत्याशी यदि किसी भी अधिकारी के खिलाफ शिकायत करे, तो उस अधिकारी को हटा दें। यह जो बर्ताव है, यह किस दिशा की ओर जा रहा है। यह तो सब लोग जानते हैं कि निशिकांत दुबे की पृष्ठभूमि क्या है। अभी ईडी की कार्रवाई हो रही थी तो वह ईडी के प्रवक्ता बन रहे थे। वह सीबीआई के भी प्रवक्ता हैं। अब वह चुनाव आयोग के भी प्रवक्ता बन गए हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो की भी कई शिकायतें थीं, लेकिन हमारी बातें किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि चुनाव निष्पक्ष हो, कदाचार मुक्त हो। साथ ही चुनाव आयोग अनावश्यक हस्तक्षेप ना करे।

# ईवीएम से घोषित परिणाम पर ही सत्ता सुख भोग रहा झामुमो : अरुण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अरुण उरांव ने बुधवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उरांव ने कहा कि देश में चुनाव आयोग के निर्देश पर अबतक पांच राज्यों के आठ डीएम और 12 एसपी बदले गए, जिसमें देवघर के एसपी भी शामिल हैं। लेकिन, झामुमो की बौखलाहट बता रही है कि देवघर एसपी राज्य के पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि झामुमो के कार्यकर्ता हैं।

उरांव ने कहा कि झामुमो अपनी हार की छाया से ही डर गया। अभी तो हार का सामना करना बाकी है। चुनाव आयोग एक निष्पक्ष



संवैधानिक संस्था है, जो देश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन झामुमो अपने आप को इन सभी से ऊपर मानता है, जो संस्था इनके अनुकूल नहीं वह भाजपा का समर्थक हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिस ईवीएम मशीन और चुनाव आयोग को झामुमो पानी पीकर गाली दे रहा, उसी के द्वारा घोषित परिणाम पर झामुमो ठगबंधन राज्य में सत्ता सुख भोग रहा है। उरांव ने कहा कि अधिकारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग आयोग का अधिकार है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई करना उनका कर्तव्य है। फिर झामुमो की बौखलाहट खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी है। उन्होंने कहा झामुमो अपनी सरकार के कारनामों को याद करे। कैसे लोहरदगा में स्लीपर सेल की रिपोर्ट करने वाले डीएसपी को रातों-रात ट्रांसफर कर दिया गया था। कैसे तमाड़ चुनाव में एक पुलिस अधिकारी को उग्रवादी के खिलाफ कार्रवाई की सजा भुगतनी पड़ी थी।

## स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने मतदान के दिन चिकित्सा सुविधा को लेकर की बैठक

# प्रत्येक मतदान केंद्र स्थल से संबद्ध रहेगी मेडिकल टीम : एके सिंह

**निर्वाचन आयोग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लिया भाग**

**सभी जिलों के सिविल सर्जन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्र स्थलों से मतदान दिवस के एक दिन पहले से ही मेडिकल टीमें संबद्ध रहेंगी। मतदान केंद्र भवनों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के पास मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगाए गए पदाधिकारी, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के लिए जरूरी दवाएं, ओआरएस घोल इत्यादि सहित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। नेपाल हाउस स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक से राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी मतदान केंद्रों पर चलायमान रहेंगे। 108 एंबुलेंस की सुविधा मतदान के एक दिन पहले से ही पुख्ता रहेगी। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। प्रधान सचिव ने कहा कि सभी सिविल सर्जन संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की सहमति से अपने क्षेत्राधिन सरकारी, गैर सरकारी एवं उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर उनकी मैपिंग करा लें। आकस्मिक स्थिति में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में इलाज के लिए ससमय रेफर करने की व्यवस्था रहे, ताकि निर्वाचन कर्मियों के लिए तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

### मेडिकल किट के साथ प्रत्येक मतदान केंद्र पर तैनात रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी : के. रवि कुमार

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन को लेकर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लगी पोलिंग पार्टी, चुनाव कर्मी, सुरक्षाकर्मी, मतदान के दिन आए मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखी जानी हैं। इसके लिए मतदान केंद्र भवन में मेडिकल किट के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। स्थानीय सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर भी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती रहेगी। साथ ही, गैर सरकारी अस्पतालों एवं राज्य के बाहर के उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों को भी चिह्नित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान भवन में स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती से मतदान कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मी के साथ-साथ यहां आने वाले मतदाताओं का इलाज एवं जरूरतमंदों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति, एंबुलेंस, एयर एंबुलेंस, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती जैसे स्वास्थ्य से संबंधित अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की।

## पृष्ट एक के शेष

**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने की...**

दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का उल्लेख किया। खड़गे ने कहा कि गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या-क्या काम करेंगे। हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है। कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी' दी है।

**ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला...**

कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी श्रीमती अलका अरोड़ा, मैसर्स इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज के मालिक अनिल कुमार अग्रवाल (उप ठेकेदार) और मैसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीजेबी के ठेकेदार) से संबंधित कुल 8.80 करोड़ रुपये कीमत की विभिन्न चल-अचल संपतियों को अनंतिम रूप से जब्त किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी के मुताबिक उक्त अचल संपत्तियां दिल्ली में स्थित हैं। इसके अलावा ईडी ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत राजिंदर कुमार गुप्ता, पूर्व-सीएमडी, डब्ल्यूएपीसीओएस लिमिटेड, उनकी पत्नी रीमा सिंगल और उनके पुत्र गौरव सिंगल से संबंधित कुल 3.27 करोड़ रुपये कीमत की गुड़गांव स्थित अचल संपत्तियों को जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कर रही है। सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है, जिसमें दिल्ली जल बोर्ड में कथित भ्रष्टाचार और रिश्वत से संबंधित मामले शामिल हैं।

**रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में...**

कि हेलमेट चेकिंग अभियान लगातार चलती रहती है। सीसीटीवी के माध्यम से भी हेलमेट नहीं पहनने वालों का ऑनलाइन चालान काटता है। ट्रैफिक सिग्नल में लाइट के खराब होने पर उसे बदला जाता है। वाहनों में काला शीशा लगाने वाले, हेलमेट नहीं पहनने वालों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाकर चालान भी काटा जाता है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित करते हुए ट्रैफिक एसपी को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई में रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी रांची ट्रैफिक एसपी को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।





## एक नजर

### अमित शाह ने किया उत्तर प्रदेश में शाहपुर में जनसभा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज (बुधवार) दोपहर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह के उत्तर प्रदेश दौरे का कार्यक्रम भाजपा ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। भाजपा के एक्स हैंडल के अनुसार, शाह दोपहर एक बजे मुजफ्फरनगर के शाहपुर में राष्ट्रीय इंटर कालेज के मैदान में पार्टी की जनसभा को संबोधित करेंगे।

### बॉक्सर विजेन्द्र सिंह भाजपा में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। बॉक्सर विजेन्द्र सिंह कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने बुधवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विजेन्द्र सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा की नीतियों से प्रभावित हो कर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान विदेशों में बढ़ा है।

### सभापति ने राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने वालों में केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन, धर्मशीला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, चंद्रकांत हंडोरे और साधना सिंह शामिल हैं।

# उत्तर कोरिया का हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल के सफल प्रक्षेपण का दावा

उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने मध्यम दूरी की नई हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) का सफल परीक्षण किया है। उसने कहा कि देश में विकसित सभी मिसाइलें अब ठोस ईंधन व परमाणु हथियारों की क्षमता के साथ लैस हैं।

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने मध्यम दूरी की नई हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) का सफल परीक्षण किया है। उसने कहा कि देश में विकसित सभी मिसाइलें अब ठोस ईंधन व परमाणु हथियारों की क्षमता के साथ लैस हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के मुताबिक, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने मंगलवार को ह्वासोंग-16 मिसाइल के परीक्षण का मार्गदर्शन किया।

यह प्रक्षेपण उत्तर कोरिया द्वारा 14 जनवरी को मध्यम दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण के लगभग तीन महीने बाद हुआ। समाचार एजेंसी योनहाप ने बताया कि पिछले महीने उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक आईआरबीएम के लिए एक ठोस-ईंधन इंजन का परीक्षण किया था।

किम ने ह्वासोंग-16 मिसाइल को शक्तिशाली व रणनीतिक रूप से आक्रामक हथियार बताया।

केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा कि, देश ने ₹विभिन्न रेंज की सभी मिसाइलों को ठोस-ईंधन के साथ परमाणु हथियार ले जाने के लिए सक्षम बना दिया है।

केसीएनए ने कहा कि मंगलवार को परीक्षण के दौरान हाइपरसोनिक मिसाइल पूर्वी सागर में एक हजार किलोमीटर की उड़ान भरते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंची।

किम ने कहा कि दुश्मनों को रोकने और नियंत्रित करने में सक्षम हथियारों को विकसित करना वर्तमान में हमारे देश के लिए सबसे जरूरी काम है।

गौरतलब है कि उत्तर कोरिया इस साल हथियारों के परीक्षण में तेजी ला रहा है। इसमें समुद्र और जमीन से क्रूज मिसाइलों का प्रक्षेपण और मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर से जुड़े फायरिंग अभ्यास शामिल हैं।



# उज्जैन पहुंचे जेपी नड्डा, भगवान महाकाल के किए दर्शन



**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश प्रवास के दूसरे दिन बुधवार सुबह उज्जैन पहुंचकर ज्योर्तिलंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने भगवान महाकाल का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। भाजपा अध्यक्ष नड्डा सुबह जबलपुर से विमान द्वारा इंदौर आए। यहां इंदौर विमानतल पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे हेलीकाप्टर से उज्जैन पहुंचे। यहां हेलीपेड से सीधे ज्योर्तिलंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर पहुंचे और पूजन-अर्चन किया। नड्डा के साथ उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद रहे। वे करीब 30 मिनट तक महाकाल मंदिर में रहे। भगवान महाकालेश्वर के दर्शन बाद नड्डा परिसर स्थित महानिर्वाणी अखाड़ा पहुंचे और महंत विनीत गिरी का आशीर्वाद लिया। नड्डा उज्जैन से शाम को इंदौर पहुंचेंगे और यहां ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर, खंडवा, खरगोन, रतलाम और धार के जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे।

# 'भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण हर चुनाव में बन रहे नए रिकॉर्ड'



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे रणनीति बनाने और बूथ जीतने के लिए अनुभवी कार्यकताओं से सलाह लें। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और महिलाओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नमो ऐप के माध्यम से उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के कारण लोकसभा-विधानसभा के हर चुनाव में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि कार्यकताओं का ये जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वो आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं तो उन्हें लगता है ये मोदी बता रहा है। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गारंटी में ताकत है। इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं। प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से उप्र का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से मिलेगी राहत? दिल्ली हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित



**दिल्ली ।** अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया है। उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दी गई अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई ईडी रिमांड को चुनौती दी है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर रहे एएसजी एसवी राजू ने कहा, ह्यमनी ट्रेल पाया गया है। अगर अन्य आरोपी पाए जाते हैं, तो हम उन्हें (आरोपी के रूप में) क्यों नहीं नामित करेंगे।

**15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं केजरीवाल :** अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने बीती 21 मार्च को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### ईडी ने बीते दिन हाईकोर्ट में किया था जवाब दाखिल

बीते दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा था कि अरविंद आबकारी घोटाले के सरगना एवं षडयंत्रकारी हैं इसके पास उपलब्ध सामग्री के आधार पर यह मानने के कारण हैं कि वह धनशोधन के अपराध के दोषी हैं। ईडी ने कहा कि राजनीतिक दल, जो अपराध की आय का प्रमुख लाभार्थी था, ने केजरीवाल के माध्यम से अपराध किया है।

# कठुआ जीएमसी गोलीकांड में घायल पीएसआई शहीद

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जीएमसी गोलीकांड में घायल पीएसआई दीपक शर्मा ने सर्वोच्च बलिदान कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उनके पार्थिव शरीर को डीपीएल सांबा रवाना कर दिया गया।वहां पर पुलिस सम्मान के बाद उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव चैरिसियाल (उधमपुर) रवाना किया जाएगा। जीएमसी कठुआ में मंगलवार देररात पुलिस और गैंगस्टर के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान गैंगस्टर को ढेर कर दिया गया। उपचार के दौरान दीपक शर्मा ने अंतिम सांस ली। दीपक शर्मा जिला सांबा के रामगढ़ में तैनात थे और फरार गैंगस्टर की तलाश कर रहे थे।

पार्थिव शरीर सांबा रवाना



# अमेरिका में बॉन्ड यील्ड बढ़ने से एफपीआई कर सकते हैं भारत में बिकवाली

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा है कि अमेरिका में बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ने से भारत में इक्विटी बाजार प्रभावित हो रहा है। जुलाई में फेड की ओर से दर में कटौती की उम्मीद अब फीकी पड़ती जा रही है। श्रम बाजार खराब दौर से गुजर रहा है। क्रूड (ब्रेंट 89 डॉलर पर) की कीमत में बढ़ोतरी से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है। इससे फेड की दर में कटौती करने की क्षमता प्रभावित हो रही है। भले ही फेड प्रमुख ने हाल ही में नरम रुख अपनाया है, लेकिन बाजार को




दरों में कटौती की उम्मीद कम ही है। इससे वैश्विक स्तर पर इक्विटी बाजारों पर दबाव बना रहेगा। उन्होंने कहा, भारत में एफपीआई बिकवाली जारी रख सकते हैं। यह संभव है कि गिरावट पर लिवाली होगी, यह भारत में सफल रणनीति रही है। चूंकि निफ्टी मार्च के निचले स्तर से 3 फीसदी ऊपर है, इसलिए बाजार मजबूत है। विजयकुमार ने कहा, लार्ज कैप में वैल्यूएशन ठीक ठाक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि विश्व बैंक ने 2 अप्रैल को वित्त वर्ष 2025 में भारत के लिए अपना जीडीपी विकास अनुमान बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2025 के लिए वर्ल्ड बैंक का अनुमान चालू वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के अनुमान की तुलना में काफी मॉडरेट है। हालांकि, उसे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में विकास में तेजी आएगी और निवेश से लाभांश मिलना शुरू हो जाएगा।

# जस्टिस अभिजीत गांगुली सहित चार भाजपा नेताओं को मिली केंद्रीय सुरक्षा

**कोलकाता।** केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बंगाल के चार भाजपा नेताओं के लिए विशेष सुरक्षा का इंतजाम किया है। इनमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और तमलुक से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय, बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह, भाजपा जिला महासचिव अभिजीत बर्मन और कूचबिहार भाजपा के कार्यकारी सदस्य तापस दास शामिल हैं। लोकसभा चुनाव से ठीक एक महीने पहले अभिजीत और अर्जुन भाजपा में शामिल हुए थे। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें अचानक विशेष सुरक्षा की आवश्यकता क्यों पड़ी लेकिन पता चला है कि इन दोनों और अन्य दो भाजपा नेताओं को केंद्रीय बलों की सुरक्षा दी जाएगी। हालांकि, सभी की सुरक्षा श्रेणी समान नहीं है। अभिजीत को केंद्र की ओर से "वाई" श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। अर्जुन को उनसे भी ज्यादा "जेड" श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। आमतौर पर देश के मंत्रियों को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलती है। अमित शाह, राजनाथ सिंह जैसे दिग्गज नेताओं को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च स्तर की एसपीजी सुरक्षा मिलती है।

# ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को और मजबूत करेगा भारत

- ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रमुख भारत दौरे पर, साउथ ब्लॉक में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

- स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर भी जाएंगे वाइस एडमिरल मार्क हैमंड

**नई दिल्ली।** भारत के दौरे पर आये रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के चीफ वाइस एडमिरल मार्क हैमंड का बुधवार को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने स्वागत किया। उन्होंने साउथ ब्लॉक लॉन में नौसेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। हैमंड ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड 02 से 06 अप्रैल तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित करके अपने दौरे की शुरूआत की। साउथ ब्लॉक पहुंचने पर भारतीय नौसेना की ओर से पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया।



### मुंबई में इंटीग्रेटेड सिम्युलेटर कॉम्प्लेक्स नेवल डॉकयार्ड और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का भी दौरा करेंगे

देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, मुंबई में इंटीग्रेटेड सिम्युलेटर कॉम्प्लेक्स नेवल डॉकयार्ड और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) का भी दौरा करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया हिंद-प्रशांत में कई समसामयिक समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। दोनों देश हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस), हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए), पश्चिमी प्रशांत जैसे कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर मिलकर काम कर रहे हैं। पिछले माह विशाखापत्तनम में हुए बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन' के दौरान रॉयल ऑस्ट्रेलियाई जहाज एचएमएएस वाररामुंगा भी शामिल हुआ था। इस समुद्री अभ्यास के बाद रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख की यह यात्रा दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत और लंबे समय तक चलने वाले द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करती है।

यात्रा के दौरान आज नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के साथ बातचीत की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बढ़ी हुई परिचालन व्यस्तताएं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और सूचना साझा करना शामिल है।

ऑस्ट्रेलियाई नेवी चीफ नई दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से भी मिले। बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने, आपसी विश्वास को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों पर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच सहयोग के भविष्य के रास्ते तय करते हुए आला प्रौद्योगिकियों और रक्षा उद्योग में सहयोग के रास्ते तलाशे गए। वह चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और रक्षा सचिव गिरधर अरमाने से भी मुलाकात करेंगे। मार्क हैमंड कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान और मुंबई में पश्चिमी नौसेना कमान का दौरा करके संबंधित कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे।

# भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच है मुकाबला



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव बहुत स्पष्ट है। यह पहले ही दो ध्रुवों में विभाजित हो चुका है। इस बार फैमिली बनाम नेशन फर्स्ट, तुष्टीकरण बनाम राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच मुकाबला है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को सूरसदन में प्रबुद्धजनों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी, वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की हालत खराब है, उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं।

# गरीबी रेखा से नीचे आ सकते हैं 10 मिलियन से अधिक पाकिस्तानी : विश्व बैंक

**इस्लामाबाद।** विश्व बैंक ने बताया कि सुस्त आर्थिक विकास दर और चालू वित्त वर्ष में 26 प्रतिशत की चौंका देने वाली मुद्रास्फीति के साथ 10 मिलियन से अधिक पाकिस्तानी गरीबी रेखा से नीचे जा सकते हैं। विश्व बैंक की 'पाकिस्तान डेवलपमेंट आउटलुक' नामक द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश की अर्थव्यवस्था की एक बहुत ही गंभीर तस्वीर पेश की गई है, जिससे संकेत मिलता है कि यह अपने किसी भी प्रमुख व्यापक आर्थिक लक्ष्य को पूरा करने में पीछे रह जाएगा।

डब्ल्यूबी रिपोर्ट में यह बताया गया है कि पाकिस्तान को अपने प्राथमिक बजट लक्ष्य से भी चूकने की संभावना है, जिससे इस्लामाबाद कम से कम तीन और वर्षों तक घाटे में रहेगा।

डब्ल्यूबी रिपोर्ट के मुख्य लेखक सैयद मुर्तजा मुजफ्फरी ने कहा, "व्यापक आधार वाले उभरते आर्थिक सुधार के बावजूद गरीबी उन्मूलन के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं।"

### आर्थिक विकास दर 1.8 प्रतिशत के मामूली स्तर पर स्थिर रहने का अनुमान



उन्होंने कहा, आर्थिक विकास दर 1.8 प्रतिशत के मामूली स्तर पर स्थिर रहने का अनुमान है, जिससे गरीबी दर लगभग 40 प्रतिशत पर बनी रहेगी, लगभग 98 मिलियन पाकिस्तानी पहले से ही गरीबी से जूझ रहे हैं। 10 मिलियन व्यक्तियों का गरीबी रेखा से नीचे आने का खतरा है।" डब्ल्यूबी रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि और उच्च परिवहन लागत के साथ जीवनयापन संकट के चलते स्कूली बच्चों की संख्या में कमी और खराब स्वास्थ्य व्यवस्था देश में बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसके ऊपर खाद्य सुरक्षा एक गंभीर संकट है। डब्ल्यूबी रिपोर्ट में कहा गया है, कमजोर विकास, कम श्रम आय और लगातार उच्च मुद्रास्फीति के कारण मध्यम अवधि में गरीबी में कमी आने का अनुमान है।